राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार , 06 अप्रैल 2025
वर्ष 06, अंक 187, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

तमंचे की नोक पर 3.25 लाख की लूट........03

समाज कल्याण विभाग अपनी जमीन और दुकानों को तलाशने में जुटा ....12


# भारत से भागे कैलासा वाले बाबा नित्यानंद ने बोलीविया में किया जमीन घोटाला , गिरफ्तार किए गए 20 प्रतिनिधि

**ब्यूरो प्रयागराज।** बाल अपहरण, यौन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के आरोपी भगोड़े स्वयंभू धर्मगुरु नित्यानंद के अच्छे दिन अब खत्म होने वाले हैं। 2019 में भारत से भागे बाबा नित्यानंद ने एक द्वीप पर अपना खुद का देश बसा लिया था और इसे 'यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ कैलासा' नाम दिया था। नित्यानंद ने कैलासा को 'हिंदुओं के लिए पहला संप्रभु राज्य' घोषित किया था. इस तथाकथित देश कैलासा के प्रतिनिधियों ने 2023 में संयुक्त राष्ट्र की बैठक में भी भाग लिया था और दुनिया भर के कई नेताओं के साथ तस्वीरें खिंचवाई थीं। लेकिन अब नित्यानंद की पोल खुलने वाली है। बोलीविया ने नित्यानंद के बसाए गए देश यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ कैलासा के 20 कथित प्रतिनिधियों को गिरफ्तार किया है. नित्यानंद बलात्कार और यौन उत्पीड़न सहित कई आरोपों में भारत में वांछित है। बोलीविया ने नित्यानंद के बसाए गए देश United States of Kailasa के 20 कथित प्रतिनिधियों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर आरोप है कि अमेजन के जंगलों के विशाल भू-भाग को कब्जाने के लिए इन्होंने बोलीविया के ही कुछ भू-माफियाओं के साथ मिलकर 1,000 साल के पट्टे पर फर्जी हस्ताक्षर के माध्यम से जमीन कब्जाई.। 'द न्यू यॉर्क टाइम्स' की एक रिपोर्ट के अनुसार, इन समझौतों को अमान्य घोषित कर दिया गया है और कैलासा के प्रतिनिधियों को उनके गृह देशों में निर्वासित कर दिया गया है. ये लोग भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, स्वीडन और चीन के निवासी थे। बोलीविया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि बोलीविया कथित राष्ट्र 'यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ कैलासा'



के साथ राजनयिक संबंध नहीं रखता है। नित्यानंद का असली नाम अरुणाचलम राजशेखरन है। उसका जन्म 1 जनवरी, 1978 को तमिलनाडु में हुआ था. स्वयंभू धर्मगुरु नित्यानंद ने खुद को सर्वोच्च संत की उपाधि दे रखी है। नित्यानंद बलात्कार और यौन उत्पीड़न सहित कई आरोपों में भारत में वांछित है। वह 2019 में भारत से भाग गया था. 2010 में, नित्यानंद को हिमाचल प्रदेश में गिरफ्तार किया गया था। उस पर बलात्कार, अप्राकृतिक यौन संबंध, धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी और साजिश के आरोप लगाए गए थे। 2019 में, उसके खिलाफ गुजरात में एक एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें कथित तौर पर बच्चों का अपहरण करने और उन्हें गलत तरीके से बंधक बनाकर अहमदाबाद आश्रम के लिए दान इकट्ठा करने का आरोप लगाया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नित्यानंद के शिष्यों ने बाउर, कायुबा और एसे एहा नाम की जनजातियों से 1000 साल के लिए जमीन लीज पर ली थी. समझौते में 'कैलासा' को पूरी जमीन पर अधिकार और स्वायत्तता देने का दावा किया गया था, लेकिन बोलीविया सरकार ने इसे अवैध करार दिया. बोलीविया की सरकार ने कहा कि विदेशी नागरिक अमेजन क्षेत्र में जमीन नहीं खरीद सकते. बोलीविया सरकार ने सभी 20 गिरफ्तार नागरिकों को उनके देशों - भारत, अमेरिका, स्वीडन और चीन - में वापस भेज दिया. इन लोगों ने टूरिस्ट वीजा पर बोलीविया में प्रवेश किया था.नित्यानंद 2020 से फरार है और भारत में उसकी तलाश जारी है. नित्यानंद अक्सर अपने चमत्कारी शक्तियों का दावा करता है, जैसे तीसरी आंख से अंधों को देखना या सूर्योदय को 40 मिनट तक टाल देना।

## अलीगढ़ के बाद मथुरा के किसान को मिला 30 करोड़ का आयकर नोटिस



**प्रयागराज ।** उत्तर प्रदेश में ये क्या हो रहा है? आयकर विभाग ऐसे लोगों को धड़ाधड़ करोड़ों रुपए के इनकम टैक्स का नोटिस भेज रहा है, जिनकी कमाई सामान्य है. उस कमाई से उनका घर भी ठीक से नहीं चल पाता है. अलीगढ़ में आयकर विभाग ने पहले जूस विक्रेता, फिर ताला कारीगर और सफाई कर्मचारी को इनकम टैक्स का नोटिस भेजा. अब यह मामला पड़ोसी जिले मथुरा में पहुंच गया है। मथुरा में औरंगाबाद शांति नगर के रहने वाले किसान सौरभ को आयकर विभाग ने 30 करोड़ रुपए का नोटिस भेजा है। नोटिस मिलने के बाद किसान सदमे में है और मामला ठीक कराने के लिए अधिकारियों के दफ्तर चक्कर काट रहा है.3 साल पहले 2022 में भी किसान को 15 करोड़ का नोटिस मिला था. किसान के पास 2 बीघा जमीन है, जिसमें खेती करके वह अपने परिवार का गुजर-बसर करता है. किसान सौरभ को आयकर विभाग ने 26 मार्च को डाक से 30 करोड़ 38 लाख रुपए का नोटिस भेजा है। इसमें एक हफ्ते में दस्तावेज जमा करने के लिए कहा गया है. इस नोटिस से किसान के घर में हड़कंप मच हुआ है. सौरभ नोटिस को लेकर अधिकारियों के दफ्तर पहुंचा तो उन्होंने टरका दिया. सौरभ ने एसपी सिटी और सदर थाने में भी प्रार्थना पत्र दिया है। मामले को लेकर आयकर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह विभागीय मामला है. नोटिस की जांच की जाएगी. सौरभ ने बताया कि मैं एक किसान हूं और दो बीघा में खेती करता हूं. मेरे पिताजी की सड़क हादसे में 2013 में मौत हो गई थी.मेरा बचत खाता ग्रामीण बैंक में है, जिसमें अधिकतम धनराशि का लेन-देन छह लाख रुपए का है. नोटिस मिलने के बाद मैं आकर विभाग के दफ्तर गया था उन्होंने टरका दिया. फिलहाल मैंने एसपी सिटी ओर सदर थाना मैं

## शाहाबाद तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुनी लोगों की समस्याएं



स्वतंत्र प्रभात

हरदोई शाहाबाद तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने लोगों की समस्याओं को सुना। जिलाधिकारी ने कहा कि वरासत व अंश निर्धारण के प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया जाये। अवैध कब्जे की शिकायत पर राजस्व विभाग व पुलिस की टीम तत्काल मौके पर जाये। चकरोड से अवैध कब्जे को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की जाये। आग लगने की घटनाओं में पात्रों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति दिलाने की कार्रवाई में देरी न की जाये। चकबंदी से सम्बंधित समस्याओं का जल्द निस्तारण कराया जाये। पैमाइश की कार्रवाई निर्धारित समय सीमा में की जाये। पेंशन के प्रकरणों के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब न किया जाये। विधवा, वृद्धावस्था व दिव्यांग पेंशन के प्रकरणों के निस्तारण में देरी न की जाये। काश्तकार की कृषि भूमि पर अवैध कब्जे को तत्काल हटाया जाये। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि विवाद की स्थिति में तत्काल पुलिस टीम राजस्व टीम के साथ मौके पर जाये। यथा संभव बातचीत कर मामलों को सुलझाया जाये। जन सुनवाई के दौरान एक अजीबो गरीब मामला सामने आया। कहोरा गाँव के शिवरानी उर्फ़ संतोष कुमारी पत्नी शिवराम ने शिकायत की कि उसने पांच वर्ष पूर्व एक जमीन वेद प्रकाश से खरीदी थी। पाँच वर्ष बाद विक्रेता ने उसी जमीन पर स्टेट बैंक शाहाबाद से ऋण ले लिया और उसकी जमीन बंधक हो गयी। जिलाधिकारी ने तत्काल एलडीएम, सम्बंधित थाना इंचार्ज व लेखपाल को बैंक भेजा तथा पूरे मामले की जानकारी कर मामले का नियमानुसार निस्तारण कराने के निर्देश दिए। एलडीएम ने बैंक से वापस आकर जानकारी दी कि लोन 2014 में लिया गया था लेकिन इसे जब ऑनलाइन किया गया तब तक जमीन बिक चुकी थी। वेद प्रकाश के विरुद्ध वसूली के लिए आरसी जारी की गयी है। इस सम्बन्ध में पुलिस जाँच के भी निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के बाद उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सभी क़ानून गो व लेखपालों से संवाद करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि वादों का निस्तारण तेजी से कराया जाये। म्यूटेशन के प्रकरणों में निर्णय लेने में देरी न की जाये। सभी अधिकारी व कर्मचारी निष्ठा व मेहनत के साथ अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने वादों से सम्बंधित पत्रावलियों को भी देखा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, पीडी पीपी त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी दीक्षा जोशी, एसओसी चकबंदी पीसी उत्तम, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### यमुना छठ पर गऊघाट पर हुआ भव्य छप्पन भोग व फूल बंगले के मनोहारी आयोजन

**मथुरा।** यमुना छठ के पावन पर्व पर ऐतिहासिक गऊघाट स्थित आरती स्थल पर यमुना सेवा दल मित्र मंडल द्वारा मनोहारी भव्य फूल बंगले और छप्पन भोग का आयोजन हुआ जिसमें भक्तों ने बढ़चढ़कर भाग लेकर यमुना जी को अपनी श्रद्धा अर्पित की।कार्यक्रम की शुरुआत यमुना मैया की पारंपरिक महाआरती से हुई तो घाट का वातावरण भक्ति से गूंज उठा। इस अवसर पर यमुना के पवित्र जल में डुबकी लगाने के बाद भक्तों ने यमुना मैया से समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की कामना की। आरती के बाद छप्पन प्रकार के भोग यमुना मैया को अर्पित किए गए, जिनमें पकवानों की विविधता ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दौरान घाट का माहौल पूरी तरह से मंत्रोच्चारण और भक्ति गीतों से गूंजता रहा जिससे श्रद्धालुओं में एक विशेष आस्था और श्रद्धा का संचार हुआ। इस दौरान यमुना सेवा दल मित्र मंडल महंत कन्हैया दास गुड्डा पंडित, राम गोपाल शर्मा बब्बू पंडित, पार्षद नीलम गोयल, कुलदीप दुबे, हेमंत खंडोली, पार्थ गुप्ता, पारस, लब्बू पंडित, भूरा खंडेलवाल, कुशल बंसल, शिवम शर्मा, माधव शर्मा, कंचन, मुकेश ठाकुर, गैंग चौधरी, राहुल पंडित आदि मौजूद रहे

### जनपद में दो जून तक धारा 163 लागू

**मथुरा।** पांच अप्रैल से दो जून तक यानी करीब दो महीने मथुरा जनपद में धारा 136 (निषेधाज्ञा) लागू रहेगी। इस दौरान बोर्ड परीक्षाएं संपन्न होनी हैं। कई पर्व एवं जयंती भी मनाए जांएगी। आदेश एक पक्षीय रूप से लागू किया गया है। इस दौरान किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह अथवा संस्था द्वारा किसी प्रकार की अफवाहों को फैलाना, अफवाहों को अन्यथा प्रकार से प्रकाशित या प्रचारित करना। ऐस करने के लिए किसी को प्रेरित करना दंडनीय होगा। सक्षम मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के लाठी, बंदूक, भाला, डण्ड कोई असलाह लेकर चलना भी प्रतिबंधित रहेगा। पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों का सक्षम मजिस्ट्रेंट की पूर्व अनुमति के बिना एकत्रित होना भी प्रतिबंधित किया गया है। यह नियम शव यात्रा, बरात आदि पर लागू नहीं होगा।

# फूलपुर के रविदत्त मिश्र बने ए डी ओ पंचायत के जिला अध्यक्ष विवेक मिश्रा महामंत्री

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** सहायक विकास अधिकारी पंचायत के संगठन का रविवार को चुनाव आयोजित किया गया जिसमे सभी पदाधिकारियों सहित कार्यकारणी का गठन हुआ इसमें फूलपुर ब्लाक के तेज तर्रार सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविदत्त मिश्र को संगठन के जिला अध्यक्ष के रूप में सर्व सम्मति से चुना गया जब की उपाध्यक्ष राजेश सिंह बनाए गए और महामंत्री के रूप में विवेक कुमार मिश्रा का चुनाव किया गया। कोषाध्यक्ष के रूप में प्रेम चंद्र सिंह और संगठन मंत्री अखिलेश कुमार यादव, आडिटर विवेक कुमार द्विवेदी और प्रवक्ता के रूप में राम शिरोमणि तिवारी का चयन किया गया पूरे कार्यकारणी का गठन संगठन के प्रांतीय प्रतिनिधि अनिल कुमार पाल के नेतृत्व



में हुआ। इस मौके पर नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष रविदत्त मिश्र ने सभी ए डी ओ पंचायत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है वह पूरी ईमानदारी के साथ करने का प्रयास करूंगा उन्होंने कहा कि ए डी ओ पंचायत से संबंधित जो भी समस्याएं होगी उसका समाधान सभी के सहयोग से किया जाएगा शासन स्तर की जो भी समस्याएं होगी उसका भी निस्तारण वार्ता के जरिए करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर निर्वाचित पदाधिकारियों का सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर खुशियों का इजहार करते हुए बधाईयां दी।

## उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष महेश कालू बाल्मीकि के नेतृत्व में आज सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान कराने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां प्रदर्शन करते हुए नारे लगाए। इसके बाद सफाई कर्मचारी नेताओं ने डिप्टी कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम छह सूत्रीय ज्ञापन दिया। प्रातीय अध्यक्ष महेश काजू ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ के निर्णयानुसार वंचित सफाई बाल्मीकि समाज के कल्याणार्थ पंजाब, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक प्रदेश की भांति उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति?अनुसूचित जन जाति के आरक्षित कोट में उप वर्गीकरण को लागू किया जाए, सेवा निवृत्ति के पश्चायत सफाई कर्मचारियों को करीब 8000 पद रिक्त पड़े हुए हैं उन पदों पर नियुक्ति की जाए, संविदा



कर्मचारियों के नियमित किया जाए, आउट सोर्सिंग ड्राइवर का मासिक वेतन 25 हजार रुपये मासिक किया जाए, बाल्मीकि समाज के व्यक्तियों को अपनी पार्टी से जयादा संख्या में लोकसभा, राज्यसभा एवं विधानसभा में भेजा जाए, बाल्किम समाज की कन्याओं को प्राथमिक से उच्च शिक्षा निरूशुल्क की जाए है। ज्ञापन देने वालों प्रातीय महामंत्री अश्वनी कुमार, रविकांत, लाला बाबू,बंटी, गुपाल, ताराचंद, खेमचंद, नरेश चंदेल, मोहित सेन, मुकेश, रुपचंद चंदेल, आनंद, धर्मेन्द्र, कन्हैया लाल चंदेल आदि थे।

**चुनौती** सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करके वक्फ संशोधन बिल की वैधानिकता को चुनौती दी है।

# वक्फ संशोधन बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती, कांग्रेस गई सुप्रीम कोर्ट

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर विपक्षी दलों का विरोध जारी है। आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक और दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अमानतुल्लाह खान ने वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है AIMIM सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करके वक्फ संशोधन बिल की वैधानिकता को चुनौती दी है। य... अमानतुल्लाह खान का कहना है कि यह विधेयक मुसलमानों की धार्मिक और सांस्कृतिक स्वायत्तता को कम करता है, साथ ही यह अपने धार्मिक और धर्मार्थ संस्थानों का प्रबंधन करने के अल्पसंख्यकों



के अधिकारों को कमजोर करता है। इससे पहले बिहार के किशनगंज से कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने वक्फ संशोधन विधेयक की संवैधानिकता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। वह इस बिल को लेकर बनी ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमिटी के सदस्य भी थे। इसके अलावे अन्य नेताओं ने भी विरोध जताते हुए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। वक्फ संशोधन विधेयक के तहत नए कानून के लागू होने के बाद अगर वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई संपत्ति आधिकारिक रूप से रजिस्टर नहीं है, तो वह छह महीने के बाद बोर्ड कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकता. रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीब 500 से 600 साल पुराने कई वक्फ ऐसे हैं, जिनके पास उचित दस्तावेज नहीं हैं। इसलिए वक्फ को डर है कि उसकी अनरजिस्टर्ड मस्जिदें, स्कूल और यहां तक कि कब्रिस्तान कानूनी विवादों में फंस जाएंगे. यह वक्फ संशोधन विधेयक धारा 107 को हटाने की अनुमति देता है और वक्फ बोर्ड को लिमिटेशन एक्ट 1963 के दायरे में लाता है। यह अधिनियम अब वक्फ संपत्ति के दावों पर लागू होगा और लंबी मुकदमेबाजी को कम करेगा। इसके अलावा, संशोधन के तहत वक्फ बिल की धारा 40 को हटाने के साथ, वक्फ बोर्डों को संपत्तियों को वक्फ के रूप में घोषित करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। साथ ही समावेशिता के लिए अब दो गैर-मुस्लिमों को केंद्रीय और राज्य वक्फ बोर्डों में शामिल किया जाएगा। केवल प्रैक्टिसिंग मुस्लिम (पांच साल तक) ही अपनी संपत्ति वक्फ को समर्पित कर सकते हैं। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को लोकसभा और राज्यसभा की मंजूरी मिल गई है और इसे राष्ट्रपति के पास अनुमोदन के लिए भेज दिया गया। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह विधेयक कानून बन जाएगा और केंद्र सरकार द्वारा गजट अधिसूचना जारी होने के साथ पूरे देश में लागू हो जाएगा। संसद सत्र के दौरान लोकसभा में वक्फ बिल के समर्थन में 288 वोट पड़े थे, जबकि विपक्ष में 232 वोट. वहीं, राज्यसभा में इस बिल के समर्थन में 128 वोट पड़ें, जबकि विरोध में 95 वोट।

## राज्य मंत्री ने किया सकरौली पुलिस चौकी का लोकार्पण

हरदोई राज्य मंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी ने लोनार थानान्तर्गत नव निर्मित सकरौली पुलिस चौकी का लोकार्पण किया। सकरौली पहुँचने पर उन्होंने गार्ड ऑफ़ ऑनर की सलामी ली। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि के दानदाता के साथ फीता काटकर व शिलापट का अनावरण करके चौकी का औपचारिक उदघाटन किया। माननीय मुख्य अतिथि ने कहा कि नई चौकी बनने से क़ानून व्यवस्था के बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। हमारी सरकार ने कानून व्यवस्था में सुधार के लिए अनेक कदम उठाये हैं। अब हमारी बेटियां बिना किसी भय के घर से निकलती हैं। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद अंशुल वर्मा ने कहा कि चौकी बन जाने से जनता को काफ़ी सहूलियत मिलेगी। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि पुलिस चौकी बनने से अपराध पर लगाम लगाने में मदद मिल सकेगी। कार्यक्रम में माननीय मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को माँ दुर्गा की फोटो भेंट की गयी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जमीन का खारिज दाखिल के बावजूद जमीन पर दबंगो का कब्जा, पीड़ित ने लगाई गुहार

**प्रतापगढ़।** जमीन के बैनामे के बाद तथा खारिज दाखिल हो जाने पर भी दबंग मनमाने तरीके से जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमाये हुए हैं। पीड़ित को डरा धमकाकर कब्जा नहीं होने दे रहे हैं। इस संबंध में पीड़ित ने इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बेलखरनाथ ब्लाक क्षेत्रांतर्गत ग्राम रामकोला के रहने वाले राजकुमार जायसवाल पुत्र स्वर्गीय हीरालाल ने बिरौती गांव में भूमि गाटा नंबर 626, एवं 347 में बैनामा कराया है। उक्त भूमि पर कब्जाधारी दबंग व सरहंग किस्म के हैं। भूमि का पीड़ित के नाम बैनामा व खारिज दाखिल हो जाने तथा खतौनी में नाम आ जाने के बावजूद पीड़ित को कब्जा नहीं दे रहे हैं। कोर्ट के आदेश की अवहेलना आरोपियों द्वारा की जा रही है। पीड़ित ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की है।

## भारतीय सेना में अग्नि वीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रारंभ




**प्रतापगढ़।** सेना भर्ती कार्यालय के एआरओ एस0के0 मोर ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला गया है जिसमें पंजीकरण प्रक्रिया 12 मार्च से प्रारम्भ हो गया है और 10 अप्रैल तक अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है तथा पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थी को जे0आई0डी0 से लॉग इन कर रैली नोटिफिकेशन के निर्देशानुसार 30 दिन की पंजीकरण अवधि के दौरान जे0आई0ए0 पर उचित श्रेणी में ऑनलाइन सी0ई0ई0 के लिए रू0 250 प्रति आवेदन भुगतान कर अभ्यर्थी को ऑनलाइन सी0 ई0 ई0 का प्रवेश पत्र डाउनलोड कर निर्धारित तिथि व समय पर नामित केन्द्र पर ऑनलाइन सी0 ई0ई0 देते हुए मेरिट लिस्ट में अपना रिजल्ट देख सकते है। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, दसवीं उत्तीर्ण की मार्कशीट, उच्चतम शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ की स्कैन कॉपी, हस्ताक्षर की स्कैन कॉपी, वर्तमान ईमेल आईडी को भरना होगा। भारतीय सेना द्वारा सैनिक तकनीकी नर्सिंग सहायक, अग्निवीर सामान्य ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं पास, अग्निवीर ट्रेड्समैन 8वीं पास आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी हेतु www.joinindianarmy.nic.in साइट का प्रयोग करें या अपने निकटतम भर्ती कार्यालय में संपर्क करें।

## पक्की सड़क अभिलेख में अंकित नहीं होने से जमीन बेच दे रहे हैं लोग




**प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के नारंगपुर बाजार से दयालगंज बाजार जाने वाला औराईन धौरहरा मार्ग की पक्की सड़क का उल्लेख खतौनी में दर्ज नहीं है। राजस्व नक्शे में भी उसे अंकित नहीं किया गया है। जिन प्लाट नंबरों से होकर सड़क बनाई गई है सभी पूर्व भू स्वामियों के नाम राजस्व रिकार्ड में अब भी अंकित है।कई लोगों ने जमीन बेच दिया है,जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है और जमीन खरीदने वाले सड़क के बगल स्थित भूमि पर कब्जा करने लगे हैं।यह सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा बहुत पहले बनाई गई है और लोगों का आवागमन बरसों पूर्व से होता चला आ रहा है। ऐसा ही मामला औराईन गांव के निवासी अशोक कुमार पांडेय व सदाशिव पांडेय सहित कई लोगों के साथ हुआ।उन लोगों के चक के बगल की भूमि जो सड़क में चली गई है,वह बेच दी गई।जमीन खरीदने वाले लोग उनकी भूमि पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित लोगों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवैध कब्जा रोकने की गुहार लगाई और सड़क को राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने की मांग की है।

# प्राथमिक विद्यालय चमरहिया हर्रैया बस्ती में चैत्र नवरात्रि शुक्ल पक्ष की अष्टमी पर वार्षिकोत्सव,शारदा संगोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** प्राथमिक विद्यालय चमरहिया हर्रैया बस्ती में चैत्र नवरात्रि शुक्ल पक्ष की अष्टमी पर वार्षिकोत्सव,शारदा संगोष्ठी, रिपोर्ट कार्ड वितरण तथा कन्या पूजन कार्यक्रम पारंपरिक श्रद्धा और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हर्रैया नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी तथा समाज सेवी अमित गुप्ता तथा श्रीमती ज्योति गुप्ता और प्रधानाध्यापिका भारती शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का बैज तथा तिलक से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि अमित गुप्ता ने कहा कि शिक्षा से व्यक्ति के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। सुशिक्षित व्यक्ति समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी होता है। व्यक्तित्व निर्माण की दृष्टि से त्यौहार और सांस्कृतिक कार्यक्रम सहायक होता है।

ज्योति गुप्ता ने कहा कि लडकियों की शिक्षा के लिए सार्थक प्रयास से समाज और राष्ट्र विकसित होता है। छात्राओं को पढाने से वे सशक्त और आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। प्राथमिक विद्यालय चमरहिया बेटियों की शिक्षा के लिए श्रेष्ठ कार्य कर रहा है। प्रधानाध्यापिका भारती शुक्ला ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्राथमिक शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। भौतिक संसाधन आपरेशन कायाकल्प, स्मार्ट क्लास, निःशुल्क यूनीफॉर्म, किताब, जूता मोजा, बैग आदि उपलब्ध करा रही है। प्राथमिक विद्यालय निपुण लक्ष्य के अन्तर्गत गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर छात्राओं का कन्या पूजन किया गया।

तिलक लगाकर तथा पुष्प वर्षा कर उनके दैवी स्वरूप की आराधना की गयी। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड तथा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कार प्रदान किया गया। कक्षा 5 में काव्या वर्मा, कक्षा 4 में मंगल मिश्रा, कक्षा 3 में अंशु वर्मा, कक्षा 2 में अभिनंदन मिश्रा तथा कक्षा 1 में रुख्सार बानो को ट्राफी, टिफिन, प्लेट कापी पेंसिल प्रदान किया गया। इसी प्रकार द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले और अन्य सभी छात्र छात्राओं को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर स्वागत गीत, सरस्वती वंदना काव्या, छवि, माही सिंह, अंशिका, नेहा ,निधि, पलक, मीनाक्षी ने प्रस्तुत किया। राष्ट्रभक्ति गीत, रामायण लघु नाटिका, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर नाटिका, ऊर्जा संरक्षण पर प्रेरणा दायक कार्यक्रम इको क्लब के छात्र छात्राओं रिया, छवि, रीतिका, आराध्या, मंगल, अभिनंदन आदि ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक सुरभि पटेल ने किया। कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ शारदा संगोष्ठी के अन्तर्गत छात्र छात्राओं के शत् प्रतिशत नामांकन और नियमित उपस्थिति के लिए विचार विमर्श किया गया। ड्राप आउट बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ने के लिए संपर्क अभियान चलाने पर सहमति बनी। सरकार की योजना से अभिभावकों को परिचित कराया गया। कार्यक्रम में टीवीसहायक अध्यापक विजय कुमार, रसोइया कौशिल्या, उर्मिला के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थिति थे।

# समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण - महेश शुक्ल

**● शिक्षक सम्मान समारोह, शिक्षकोन्यन गोष्ठी में विमर्श**

**समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण शिक्षक ही मार्गदर्शन**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में शिक्षक सम्मान समारोह एवं शिक्षकोन्यन गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को चंद्रगुप्त मौर्य प्रभावंश महिला महाविद्यालय बनकटी के सभागार में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रिका सिंह की अध्यक्षता में हुआ। शिक्षक सम्मान समारोह के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षक संघ बनकटी के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश गौड़ की अगुवाई में गत 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए बनकटी ब्लाक के तीन परिषदीय शिक्षक लाल जी पाठक, अजीज अहमद, गिरीश पाण्डेय को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह, छड़ी आदि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गो सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष महेश शुक्ल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे समाज निर्माण में शिक्षकों का सर्वश्रेष्ठ योगदान है। कहा कि शिक्षक की भूमिका केवल पाठ्यक्रम को पढ़ाने तक सीमित नहीं है। वे जीवन के विभिन्न पहलुओं में विद्यार्थियों के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक अच्छा शिक्षक न केवल ज्ञान देता है, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वे बच्चों को सोचने की स्वतंत्रता, आत्म-समर्पण और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना सिखाते हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश शुक्ल, शिक्षाविद प्रसून शुक्ल, अरविंद पाल, रघुनाथ सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, बीईओ अरुण कुमार यादव, जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा, कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव आदि ने संबोधित करते हुए कहा कि समारोह का उद्देश्य शिक्षकों के योगदान को सराहना और प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं और छात्रों के भविष्य को संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ाते हैं, बल्कि शिक्षा के स्तर को भी ऊंचा उठाने में सहायक होते हैं।उनका सम्मान और आदर करना हर एक नागरिक का कर्तव्य है, क्योंकि शिक्षक हमारे समाज के असली निर्माता होते हैं। कार्य मुक्त हुए एआरपी अजय पाल, वंश राज गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, दीपक पाण्डेय, राकेश मिश्र राही को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ अनिल मौर्य, डॉ नीलम मौर्य, आलम चौधरी, अर्जुन उपाध्याय, अंकित पाण्डेय पवन, सुधीर तिवारी, रवीश कुमार मिश्र, विवेक कान्त पाण्डेय, उमाकांत शुक्ल, सनद पटेल, प्रताप नारायण, राजेश गिरी, संतोष मिश्र, मो. असलम, मक्खन लाल, वीरेन्द्र शुक्ल, सतीश यादव, शारदा प्रसाद चतुर्वेदी, विष्णु दत्त शुक्ल, हरिश्चंद्र चौधरी, शेषमणि पटेल, अशोक मौर्य, शांति देवी, सोनू पाल, गुरु चरण चौधरी, प्रभावती चौधरी, हरिकेश प्रजापति, राजकेश चौहान, हृदय विकास पाण्डेय, दिनेश त्रिपाठी, कृष्णकांत तिवारी, राजकुमार शुक्ल, चंद्रशेखर गुप्ता, प्रदीप मिश्र, सुभाष गुप्ता, भोले प्रसाद, डॉ कृष्ण कुमार यादव, विवेक त्रिपाठी, आदित्यनाथ पाण्डेय, महेंद्र पटेल, हेमंत वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक और कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया रोहिन बैराज का लोकार्पण, विपक्ष पर साधा निशाना

**● कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 654 करोड़ की अन्य विभिन्न परियोजनाओं का किए लोकार्पण व शिलान्यास**





स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक के रतनपुर स्थित 148 करोड़ की लागत से बने रोहिन बैराज का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इसके अलावा 654 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लोन चेक, टैबलेट, आवास की चाबियां, आयुष्मान भारत कार्ड, पोषण पोटली, पग मशीन व खेल प्रोत्साहन सामग्री किट वितरित की। साथ ही चिकित्सकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। हेलीकॉप्टर से उतरकर मुख्यमंत्री सर्व प्रथम पूजा स्थल पहुंचे जहां मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना के बाद रोहिन बैराज का फीता काटकर लोकार्पण किया। तत्पश्चात उन्होंने मंच को संबोधित किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंच से लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि लंबे वर्षों तक उत्तर प्रदेश की कमान संभालने वाली सरकारों के पास अपना पेट भरने से ही फुर्सत नहीं था। पहले एक जनपद एक माफिया की पहचान थी। अब एक जनपद एक मेडिकल कालेज के नाम से जाना जा रहा है। यूपी अब बीमारू राज्य नहीं है ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन से उत्तर प्रदेश अब नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत दुनिया का पांचवां अर्थव्यवस्था बन गया है तथा आगामी दो वर्ष के अंदर भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हर घर बिजली के बाद अब हर घर नल-जल योजना को मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महराजगंज अब पिछड़ा जिला नहीं है। सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार के आने के बाद अब यूपी में कोई भूखा नहीं मरता है। नौजवाओं के लिए शिक्षा, बेटी की सुरक्षा, व्यापारियों का सम्मान व अन्नदाता की खुशहली के लिए सरकार कार्य कर रही है जिसका रोहिन बैराज एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जिससे बड़ी संख्या में किसानों को सिंचाई का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि विकास व विरासत का समन्वय कैसे होना चाहिए काशी व अयोध्या इसके उदाहरण हैं। महाकुंभ का आयोजन देखकर तो पूरी दुनिया भौचक्की रह गई। आज जगह-जगह हाईवे, मेडिकल कालेज, विद्यालय सहित अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रहीं हैं। उत्तर प्रदेश देश की दूसरी बड़ी अर्थ व्यवस्था बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले जब त्योहार आते थे तो लोग इस बात पर सहमे रहते थे कि कब क्या हो जाए। 2017 के बाद दंगे नहीं हुए। यदि किसी ने दंगा किया तो उसे अपने बाप-दादा की कमाई से भी वंचित होना पड़ा।

**65 गांव के 16 हजार किसानों को मिलेगा लाभ**

रतनपुर स्थित डिजिटल बैराज का लोकार्पण शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। रतनपुर रोहिन नदी से एक नहर निकली है जो लक्ष्मीपुर ब्लॉक को जोड़ती है। इस मुख्य नहर से चार माईनर, एक रजवाड़ा निकली है, जिसकी कुल लंबाई 45.363 किमी है। इस नहर से 8811 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी, जिसमें 65 गांव के 16 हजार किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

**मां बनैलिया रोहिन बैराज के नाम से विख्यात होगा बैराज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच के दौरान कहा कि मां बनैलिया की कृपा से नवरात्र के अष्टमी तिथि को रोहिन बैराज का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बैराज के बनने से तमाम लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। रोहिन बैराज को पर्यटक स्थल बनाया जाएगा जहां रेस्टोरेंट समेत अन्य तमाम सुविधाओं से रोहिन बैराज लैश रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि के अष्टमी तिथि को मां बनैलिया के कृपा से बैराज का लोकार्पण होने के कारण रोहिन बैराज को मां बनैलिया रोहिन बैराज के नाम से जाना जाएगा।

**वक्फ बोर्ड खाली जमीन पर नहीं डाल सकता डकैती**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच के माध्यम से कहा कि देश में 2 दिन पूर्व संसद में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम पारित किया गया है। अब वक्फ बोर्ड जमीन पर कोई डकैती नहीं डाल पाएगा तथा चौक-चौराहों की जमीनों पर कोई कब्जा नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि जो भी सार्वजनिक जमीन होंगे उसपर विद्यालय, चिकित्सालय, कॉलेज एवं मेडिकल कॉलेज बनाने के अलावा गरीबों को मकान बनाने के काम आएगा। उन्होंने कहा कि लाखों एकड़ जमीन वक्फ बोर्ड के नाम पर कब्जा किए जाने का काम किया गया था जो चंद लोगों का लूट का माध्यम बन गया था। जिस पर अब पूरी तरह से लगाम लगेगी। इस दौरान केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया, सिसवा विधायक प्रेम सागर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल व भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान भानपुर तहसील सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** जिले में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान भानपुर तहसील दिवस में आयोजित की गई जिसमें फरियादियों की लंबी का तर लगी थी शनिवार को तहसील भानपुर सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र लेकर आने वाले शिकायतकर्ता की विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी ने सुना और संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाय। जिलाधिकारी ने जनसमस्याओं के दौरान अधिकारियों से यह भी कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता को संतुष्टि भी मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के सख्त निर्देश है कि भूमि विवाद के मामलों को शीघ्रता से निस्तारण किया जाय। उन्होने यह भी कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विभाग से संबंधित शिकायतों को गम्भीरता से सुने और त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उप जिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि कुल 37 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व के 29, पुलिस के 03, विद्युत के 02, विकास, बैंक, सरयू नहर के 1-1 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पीडी राजेश कुमार, डीडीओ अजय कुमार सिंह, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय, डीपीआरओ रतन कुमार, डीएसओ सत्यवीर सिंह, कृषि अधिकारी बी.आर. मौर्या, डीएचओ अरूण त्रिपाठी, बीएसए अनूप तिवारी, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण व तहसीलदार उपस्थित रहें।

# थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा दूसरे की जमीन का कूटरचित दस्तावेज तैयार कर 58 लाख रूपये की ठगी करने वाले 07 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



ठगी के 21 लाख 40 हजार 1 सौ रूपये व घटना में प्रयुक्त 08 अदद मोबाइल फोन व 01 अदद चार पहिया वाहन(होण्डा अमेज) बरामद किया गया

**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना खरगूपुर पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-61/2025, धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस व मु0अ0सं0-62/2025, धारा 126(2), 351(3), 352 बीएनएस से सम्बन्धित 06 नामजद व 01 प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्तों 01. शशांक तिवारी, 02. कृष्ण कुमार उर्फ रूस्तम, 03. अशोक चौहान, 04. अशोक यादव, 05. राजू मिश्रा, 06. शान्ति देवी, 07. काजल देवी को गिरधर बगिया थाना खरगूपुर से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ठगी के कुल 21,40,100/- रूपये (11,47,100 रूपये व 9,93,000/- रूपये ऋन्नत्स), घटना में प्रयुक्त 08 अदद मोबाइल फोन व 01 अदद चार पहिया वाहन(होण्डा अमेज) बरामद किया गया। शत्रुहन लाल तिवारी पुत्र स्व0 राम विलास तिवारी निवासी खरगूपुर बाजार थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा द्वारा थाना खरगूपुर पर सूचना दिया गया कि विपक्षीगण द्वारा कीमती जमीन को सस्ते कीमत में दिलाने हेतु जमीन दिखाकर एडवांस में रूपये ले लिया गया। जमीन मालकिन मालती देवी जो मध्य प्रदेश में रहती है के स्थान पर काजल को मालती देवी बनाकर उनका फर्जी आधार कार्ड, पैनकार्ड, बैंक पासबुक दिखाकर तथा भिन्न-भिन्न तिथियों में कुल 58 लाख रूपये (35 लाख ऋन्नत्स व 23 लाख कैश) अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया गया। जब दिनांक 01.04.2025 को बैनामा कराने उपनिबन्धन कार्यालय बहराईच गया तो पता चला कि मालती देवी व मालती देवी का परिवार सभी सदस्य फर्जी है । तहरीर के आधार पर थाना खरगूपुर में मु0अ0सं0-61/2025, धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस बनाम रूस्तम मिश्रा आदि 09 नामजद व 02 अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत हुआ था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनित जायसवाल द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलास सहित टीमों का गठन कर थानाध्यक्ष खरगूपुर को घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे। दिनांक 05.04.2025 को थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा मैनुअल व तकनीकि साक्ष्यों के आधार पर घटना में संलिप्त 06 नामजद व 01 प्रकाश में आये आरोपी अभियुक्तों 01. शशांक तिवारी, 02. कृष्ण कुमार उर्फ रूस्तम, 03. अशोक चौहान, 04. अशोक यादव, 05. राजू मिश्रा, 06. शान्ति देवी, 07. काजल देवी को गिरधर बगिया थाना खरगूपुर से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ठगी के कुल 21,40,100/- रूपये (11,47,100 रूपये व 9,93,000/- रूपये ऋन्नत्स), घटना में प्रयुक्त 08 अदद मोबाइल फोन व 01 अदद चार पहिया वाहन(होण्डा अमेज) बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। पुलिस द्वारा अभियुक्तगणों से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि इन लोगो का एक संगठित गिरोह है जो आर्थिक लाभ कमाने के लिए अलग अलग तरीके अपनाकर फर्जी दस्तावेज व दूसरे की कीमती जमीन को सस्ते कीमत में दिखाकर/बताकर बैनामा कराने के नाम पर ठगी करते है। गैंग के सभी सदस्यों द्वारा घूम घूमकर ऐसी जमीन खोजी जाती है जिसका स्वामी कही दूर प्रदेश में रहता हो ऐसी जमीन की जानकारी कर अभिलेखों की कॉपी तहसील से प्राप्त की जाती है । फिर उस जमीन का फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचने हेतु ग्राहक ढूढते है। इसी क्रम में गैंग के सदस्य कृष्ण कुमार उर्फ रूस्तम ने ग्राहक के रूप में वादी शत्रुहन लाल तिवारी निवासी खरगूपुर बाजार से सम्पर्क किया । जिन्हे उक्त कीमती जमीन दिखाकर सस्ते मूल्य में दिलाने हेतु बताकर उसकी कीमत 58 लाख रुपए में तय की गयी । गैंग के सदस्य काजल देवी को भूमि मालकीन मालती देवी बनाकर उनके नाम का फर्जी परिचय पत्र, आधार कार्ड तैयार किया गया तथा काजल का मालती देवी के नाम से बैंक में फर्जी खाता भी खुलवाया गया। जिसमें अलग -अलग तारीख में कुल 35 लाख रूपये ऋन्नत्स व 23 लाख रूपये कैश लिए गये थे। जब अभियुक्तों को पता चला कि शत्रुहन लाल तिवारी द्वारा थाना खरगूपुर में उनके विरूद्ध धोखाधड़ी के सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कराया है तो दिनांक 03.04.2025 को रात्रि 08.30 बजे अमडोहवा नहर के पास अभियुक्त रूस्तम मिश्रा उर्फ कृष्ण कुमार, शशांक तिवारी, शशांक का भाई व ड्राइवर द्वारा मुकदमा वादी शत्रुहन लाल तिवारी को रास्ते में रोककर गाली गुप्ता देकर मुकदमा वापस लेने के लिए धमकी दी। जिस पर थाना खरगूपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण–**

01. शशांक तिवारी पुत्र देवनरायन तिवारी निवासी ग्रा0 भगवानदीन पुरवा थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

02. कृष्ण कुमार उर्फ रूस्तम पुत्र सालिकराम निवासी ग्रा0 कहला तेन्दुआ थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा ।(हिस्ट्रीसीटर)

03. अशोक चौहान पुत्र दीनानाथ चौहान निवासी ग्राम खरगौरा जनूब थाना विश्वेरगंज जनपद बहराइच ।

04. अशोक यादव पुत्र राघवराम निवासी ग्रा0 टेडवा महन्थ थाना इकौना जनपद श्रावस्ती ।

05. राजू मिश्रा पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा निवासी ग्रा0 मुण्डेरवा ठकुराईन थाना पयागपुर जनपद बहराइच ।

06. शान्ति देवी पत्नी दीनानाथ चौहान निवासी खरगौरा जनूब थाना विश्वेरगंज जनपद बहराइच ।

07. काजल देवी पत्नी मिश्रीलाल निवासी ग्रा0 जमुनहा भवनियापुर रामगढी थाना नानपारा जनपद बहराइच।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त शशांक तिवारी पुत्र देवनरायन**

1. मु0अ0सं0 244/2018 धारा 323/332/427/504/506 आईपीसी थाना कौडिया जनपद गोण्डा

2. मु0अ0सं0 61/2025 धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस थाना खरगूपुर, गोण्डा

3. मु0अ0सं0 62/2025 धारा 126(2), 351(3), 352 बीएनएस थाना खरगूपुर, गोण्डा

आपराधिक इतिहास अभियुक्त रुस्तम उर्फ कृष्ण कुमार पुत्र सालिकराम

01. मु0अ0सं0 61/2025 धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(2) थाना खरगूपुर, गोण्डा

2. मु0अ0सं0 62/2025 धारा 126(2), 351(3), 352 बीएनएस थाना खरगूपुर, गोण्डा

3. मु0अ0सं0 305/96 धारा 395/397 आईपीसी थाना पयागपुर जनपद बहराइच

4. मु0अ0सं0 310/96 धारा 396 आईपीसी थाना पयागपुर जनपद बहराइच

5. मु0अ0सं0 31/99 धारा 398/399/400402 आईपीसी थाना पयागपुर जनपद बहराइच

6. मु0अ0सं0 33/99 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना पयागपुर जनपद बहराइच

7. मु0अ0सं0 273/98 धारा 382 आईपीसी थाना पयागपुर जनपद बहराइच

8. मु0अ0सं0 276/98 धारा 393/39 आ ईपीसी थाना पयागपुर जनपद बहराइच

9. मु0अ0सं0 112/02 धारा 110 सीआरपीसी

10. मु0अ0सं0 128/04 धारा 3(1) उ0प्र0 गुण्डा अधिनियम

11. मु0अ0सं0 162/08 धारा 302 आईपीसी थाना खरगपुर, जनपद गोण्डा।

# संचारी रोगो के रोकथाम के लिये चूहा एवं छछुन्दर पर प्रभावी नियंत्रण आवश्यक-जिला कृषि रक्षा अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि जे0ई0,ए0ई0एस0 रोगों के प्रसार के लिये अन्य कारकों के साथ साथ चूहा व छछुन्दर भी उत्तरदायी है। इन रोगों के रोकथाम के लिये चूहा एवं छछुन्दर का भी प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है। चूहां छछुन्दर जैसे जन्तु जापानी इंसफ्लाइटिस सिंड्रोम (ए0ई0एस0) लेप्टोस्पाइरोसिस व स्क्रब टाईफस जैसी बीमारियां हो सकती है। संचारी रोग में मलेरिया, कोरोना, चेचक, हैजा, डेंगू बुखार, सुजाक, हेपेटाइटिस-ए, हेपेटाइटिस-बी आते है। यह बुखार चूहों के काटने या खरोचने से होता है।उन्होने नियंत्रण एवं बचाव सम्बन्ध में बताया है कि चूहो की संख्या को नियंत्रित करने के लिये अन्न भण्डारण पक्का, कंकरीट तथा धातु से बने पात्रों में करना चाहिये ताकि भोज्य पदार्थ उन्हे आसानी से उपलब्ध न हो सके। घरों में खिड़कियों एवं रोशनदान पर जाली लगाकर एवं दरवाजों के नीचे खाली जगह पर टायर की पट्टी अथवा सीमेन्टेट चौखट बनाकर चूहों को नियंत्रित किया जा सकता है। चूहों के प्राकृतिक शत्रुओं बिल्ली, सांप, उल्लू, लोमड़ी, चमगादड़ आदि द्वारा चूहों को भोजन के रूप में प्रयोग किया जाता है इनको संरक्षण देने से चूहो की संख्या नियंत्रित हो सकती है। चूहे दानी में आकर्षक चारा जैसे रोटी, डबलरोटी, बिस्कुट आदि रखकर चूहों को फंसाकर मार देने से इनकी संख्या नियंत्रित की जा सकती है। घरों में ब्रोमोडियोलॉन 0.005 प्रति0 के बने चारें के 10 ग्राम मात्रा प्रत्येक जिन्दा बिल में रखनें से चूहें खाकर मर जाते है। एल्युमिनियम फास्फाइड़ दवा की 3-4 ग्राम मात्रा प्रति जिन्दा बिल में डालकर बिल बंद कर देने से उससे निकलने वाली गैस फास्फीन गैस से चूहे मर जाते है। घर के बाहर कैक्टस व झाड़ीदार पौधें लगानें से चूहे घर में प्रवेश नही करते है तथा मच्छरों की रोकथाम के लिए मच्छर रोधी पौधे जैसे तुलसी, गेंदा, पिपरमेंट, लेमनग्रास, जंगली तुलसी लगाये।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पद यात्रा से बारह ज्योतिर्लिंगो व चार धाम यात्रा करने का लिया संकल्प

**मिश्रिख (सीतापुर)।** अगर मनुष्य के अंदर किसी कार्य को करने की श्रद्धा और लगन हो तो उसके लिए हर मंजिल आसान नजर आती है । और उसके कार्य को सुगम बनाकर ईश्वर उसका साथ देने लगता है । इस बात का उदाहरण रायपुर छत्तीसगढ़ के निवासी धीरेंद्र साहू 12 ज्योतिर्लिंगों व चार धाम यात्रा पैदल करके प्रस्तुत कर रहे हैं । अपनी इसी यात्रा के दौरान गत दिवस महर्षि दधीचि की पौराणिक तपोस्थली कस्बा मिश्रित आए थे । जिनमें भेंट वार्ता के दौरान उन्होने बताया कि वह संत राम साहू के पुत्र हैं । और उनकी माता का नाम सुशीला साहू है । धीरेंद्र शाहू ने सभी ज्योतिर्लिंगों के साथ चार धाम पैदल यात्रा करने की मन में धारणा बनाकर पांच मांह पहले घर से निकल पड़े हैं । ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा रखने वाले धीरेंद्र साहू मिश्रित तीर्थ पहुंचने से पहले जगन्नाथपुरी , कोणार्क सूर्य मंदिर , उड़ीसा , पशुपतिनाथ नेपाल के अतिरिक्त बैजनाथ धाम , महाकुंभ प्रयागराज , शिवनगरी काशी बनारस की यात्रा कर चुके हैं । अब नैमिषारण्य होते हुए हरिद्वार , केदारनाथ मंदिर की यात्रा पर निकल चुके हैं । पूंछने पर उन्होंने बताया कि रात्रि के दौरान मार्ग में जहां पर विभिन्न देवी देवताओं के मंदिर मानव बस्ती में मिल जाते हैं । वहीं रुक कर रात्रि विश्राम करने के उपरांत सुबह दैनिक कार्यों से निवृत होने के बाद अग्रिम यात्रा पर निकल पड़ते हैं । उन्होंने बताया है । कि शिव जी के 12 ज्योतिर्लिंगों के अतिरिक्त चार धाम पैदल यात्रा करने का दृढ़ निश्चय किया है । और ईश्वर की प्रेरणा से यात्रा भी प्रारंभ कर दी है । उन्होंने यह भी बताया है । कि बीकाम तक शिक्षित है । तीन भाई दो बच्चे हैं । परिवार के लोग एक विद्यालय का संचालन करते है । इसी विद्यालय में शैक्षणिक कार्य करते थे। ईश्वरीय शक्ति ने मुझे सभी ज्योतिर्लिंग के साथ चार धाम यात्रा दर्शन पूजन करने की प्रेरणा दी है। हम परिवारीजनों , पत्नी बच्चों से अपनी इच्छा बताकर अपनी मंजिल की ओर पैदल यात्रा पर निकल पड़ा हूं। उन्होंने पूंछने पर यह भी बताया है । कि जहां चाय नाश्ता भोजन करने की इच्छा होती है । तो वहां मैं अपने धन से स्वयं व्यवस्था कर लेता हूं। या फिर किसी धर्मावलंबी द्वारा दिया गया प्रसाद ग्रहण कर लेता हूं ।

### शतचंडी महायज्ञ के उपलक्ष मे किया गया विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

बिसवां/सीतापुर सफल हुआ विराट कवि सम्मेलन का आयोजन फूलमती माता प्रांगण गरौली हसनापुर मे मुख्य अथिति के रूप में रहे योगेंद्र सिंह जी, विशिष्ट अथिति के रूप में रहे सज्जन अवस्थी जी, इनके द्वारा मां शारदा के चित्र पर माल्या अर्पण किया गया उसके तत्पश्चात सभी कवियों ने अपनी कविताओं से लोगों को बहुत गुदगुदाया..आमंत्रित कवियों की सूची कुछ इस प्रकार- कार्यक्रम का संयोजन कर रहे रजनीकांत दीक्षित जी, मंच संचालन धर्मेंद्र धवल जी के द्वारा किया गया, अध्यक्षता का पद शिवानंद दीक्षित जी को सौंपा गया, इसके साथ अरविंद सिंह मधुप, अनिल आजाद जी, अखिलेश अखिल जी, अरुण गँवार जी, हरिशंकर मौर्य जी, विजय रस्तोगी जी, आदि कई उपस्थित रहे7 फूलमती माता प्रांगण में सैकड़ो तादात में श्रोताओं की भीड़ लगी रही श्रोताओं ने कवियों को बहुत प्यार दिया कार्यक्रम संपन्न होते ही शत चंडी महायज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा जैसे- पंकज मिश्रा जी, पंकज अवस्थी जी, अनु मिश्रा जी,संजय पांडे जी, ज्ञानेंद्र सिंह गोली जी, विपिन सिंह जी, मयंक शुक्ला, भोला शुक्ला,संजय सिंह, शिवम पांडेय, विमलेश अवस्थी, बबलू सिंह,शिवम मिश्रा, प्रांशु मिश्रा,आदि लोगों ने कवियों को सम्मान कर उनका मान बढ़ाया..

### शाहाबाद कोतवाल भेजे गए लाइन,एक दर्जन से अधिक इधर उधर

हरदोई।अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार की शाम को जनपद के पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए डेढ़ दर्जन थाना प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।शाहाबाद के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार मिश्रा को एसपी के आदेश का पालन न करने पर उन्हें पुलिस लाइन में आमद करवाने के निर्देश दिए गए।उनके स्थान पर एएचटी प्रभारी ब्रजेश कुमार राय को शाहाबाद का कोतवाल बनाया गया है।हरपालपुर के प्रभारी रहे छोटेलाल को कछौना कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है।न्यायालय सुरक्षा के प्रभारी प्रेमपाल सिंह को बेहटा गोकुल का प्रभारी बनाया गया।बाल कृष्ण मिश्रा प्रभारी बेहटा गोकुल को प्रभारी हरपालपुर, बेनीगंज के अतिरिक्त निरीक्षक ध्रुव कुमार को कोतवाली देहात का अतिरिक्त निरीक्षक,कृष्ण वली सिंह प्रभारी सुरसा को बेनीगंज कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है।वीरेंद्र कुमार पंकज प्रभारी बेनीगंज को प्रभारी बघौली,शिव नारायण सिंह चौकी प्रभारी कुरसठ को टड़ियांवा का प्रभारी,महिला के कार्यवाहक प्रभारी सत्य प्रकाश मिश्रा को मझिला का ही चार्ज दिया गया है।बघौली के प्रभारी रमेश सिंह सेंगर को सुरसा थाना प्रभारी, टड़ियांवा के प्रभारी अमित सिंह को एएचटी का प्रभारी बनाया गया,बिलग्राम के एसएसआई योगेंद्र सिंह को पाली का एसएसआई, उपनिरीक्षक अशोक सिंह को बिलग्राम से गोपामऊ चौकी प्रभारी, बेहटा गोकुल के एसएसआई रामलखन को बिलग्राम का एसएसआई बनाया गया है। एसआई द्रगपाल सिंह गौर को पुलिस लाइन से हरिहरपुर चौकी प्रभारी, एसपी के पीआरओ विश्वास शर्मा को जेल चौकी प्रभारी, एसएसआई हरपालपुर विनोद कुमार शर्मा को कुरसठ चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

# समाजवादी पार्टी ने मासिक बैठक में मनाई महापुरुषों की जयंती

## ..... मासिक बैठक में नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव के समाजसेवी अरूणेश प्रताप सिंह (दल्लू) के दिवंगत पिता की याद में रखा दो मिनट का मौन

**स्वतंत्र प्रभात**

**विनीत कुमार मिश्रा**

**मोहनलालगंज ( लखनऊ ) ।** शनिवार को समाजवादी पार्टी के बिन्दौवा, स्थित क्षेत्रीय कार्यालय मोहनलालगंज, लखनऊ में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा की अगुवाई में सम्पन्न हुई , जिसमें पार्टी के समस्त सम्मानित साथी, कार्यकर्ता, वरिष्ठ पदाधिकारी, नेतागण, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी और फ्रंटल संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक के दौरान देश के महान महापुरुषों की जयंती भी बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर चक्रवर्ती सम्राट अशोक, महर्षि कश्यप, और राजा निषाद राज गुहे की जयंती समारोह का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि के रूप




में पूर्व मंत्री श्री देवकली प्रसाद रावत ने सम्राट अशोक के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बैठक में उपस्थित सभी सम्मानित साथियों और कार्यकर्ताओं का हार्दिक स्वागत करते हुए महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने महापुरुषों के योगदान पर विस्तार से चर्चा की और बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि यदि किसी बूथ पर कोई समस्या हो तो उसे तत्काल अवगत कराएं ताकि उसे हल किया जा सके। बैठक की समाप्ति पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता समाजसेवी अरूणेश प्रताप सिंह दल्लू के पिता विजय प्रताप सिंह का, जिनका हाल ही में मऊ गांव में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था, दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिले के महासचिव शब्बीर खान, महताब सिंह यादव, अनिल पासी, राम समुझ रावत, नवनीत सिंह, ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह, अजमेर सिंह यादव, अशर्फी लाल धीमान, फूलचंद यादव, मोश रईस, मोश हनीफ, राज किशोर रावत, राजू, राम किशोर रावत, सुभाष गुप्ता, प्रमोद कश्यप, सन्तोष रावत, सतीश गुप्ता, विपिन यादव, ओमकार लोधी, विजय सिद्धार्थ, राम नारायण रावत, पदम् सिंह यादव, मोहन लाल, दिलीप यादव, अजीत साहू, समर पाल यादव, सन्त राम रावत, मनोज रावत, प्रेम गौतम, अभिषेक दीक्षित, अनिल यादव, विजय यादव, बाराती लाल, हरी शंकर रावत सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तमंचे की नोक पर 3.25 लाख की लूट, मामला संदेह के घेरे में

### चार टीमों के साथ पुलिस जुटी जांच में, पीड़ित के बयान बढ़ा रहे सवाल

**स्वतंत्र प्रभात**

**अंबेडकर नगर।** भीटी थाना क्षेत्र के सेनपुर चौराहे पर शुक्रवार रात सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया। वायम जन सेवा केंद्र के संचालक शिवम से अज्ञात बदमाशों ने तमंचे की नोक पर 3 लाख 25 हजार रुपये लूट लिए। इस मामले में पीड़ित द्वारा भीटी थाने में तहरीर दी गई, जिस पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चार टीमों को जांच में लगा दिया है। घटना रात करीब 9÷30 बजे की है जब संचालक शिवम रोज़ की तरह केंद्र बंद कर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर बैग छीन लिया और फरार हो गए। बताया जा रहा है कि बैग में 3.25 लाख रुपये की रकम थी। हालांकि, घटना को लेकर कई पहलू अब संदेह के घेरे में हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जिस तरह से लूटपाट की बात कही जा रही है, उसमें कई असमानताएं सामने आ रही हैं। पीड़ित द्वारा यह स्पष्ट रूप से बताया जाना कि बैग में कितनी रकम थी और यह रकम ग्राहकों से ली गई थी या नहीं, इस पर सवाल खड़े हो रहे हैं। थाना अध्यक्ष अमित पांडेय ने बताया कि, ÷पीड़ित रात में कुछ और बता रहा था और सुबह आकर कुछ और बयान दे रहा है। दोनों




परिस्थितियों की गहराई से जांच की जा रही है। बहुत जल्द सच सामने आ जाएगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं मामला सेल्फ प्लांड लूट का तो नहीं है, जैसा कि हाल ही में अहिरौली थाने में एक मोटरसाइकिल चोरी के मामले में सामने आया था, जहां चोर खुद एजेंसी का मालिक निकला। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है और जल्द ही लुटेरों या साजिशकर्ताओं की पहचान कर लेने का दावा कर

# सीआईआई के तत्वावधान में डीसीएम श्रीराम द्वारा मॉडल प्लॉट पर गेहूं की फसल पर मेगा क्रॉप शो का आयोजन

## कीटनाशकों की सीमित मात्रा का कार्य प्रयोग : डॉसत्येंद्र

**स्वतंत्र प्रभात**

सीतापुर 5 अप्रैल ग्राम नगवामऊ, बक्शी का तालाब, लखनऊ में डीसीएम श्रीराम द्वारा कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सी आई आई) के तत्वावधान में गेहूं की फसल पर आधारित मेगा क्रॉप शो का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मॉडल प्लॉट पर आयोजित किया गया था, जिसकी परिकल्पना कृषि क्षेत्र में उद्योग की सर्वोत्तम पद्धतियों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से की गई थी। इस मॉडल फार्म पहल के अंतर्गत किसानों की पारंपरिक विधियों की तुलना में उन्नत कृषि पद्धतियों (पैकेज ऑफ प्रैक्टिस) को लागू किया गया, जिन्हें अग्रणी एग्री कंपनियों के सहयोग से तैयार किया गया था।डीसीएम श्रीराम, इफको, इफको-एमसी, क्रिस्टल, पीआई इंडस्ट्रीज, कोरोमंडल और वर्डेसियन ने इस कार्यक्रम में अपने उत्पादों और तकनीकी सलाह के माध्यम से सक्रिय भागीदारी निभाई।




फसल वर्तमान में कटाई की अवस्था में है। कार्यक्रम के दौरान नियंत्रित (कंट्रोल) और उपचारित (ट्रीटेड) फील्ड में 25 वर्ग मीटर के प्लॉट पर लाइव फसल कटाई एवं थ्रेशिंग का आयोजन किया गया। परिणामस्वरूप, ट्रीटेड प्लॉट में लगभग 4 क्विंटल प्रति एकड़ की अतिरिक्त उपज दर्ज की गई, और कॉस्ट-बेनेफिट रेशियो 1÷3 आंका गया। इसके अतिरिक्त, यह देखा गया कि सीआईआई मॉडल प्लॉट में किसानों की पारंपरिक विधियों की तुलना में उपज में औसतन 22त्न तक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई कार्यक्रम में सभी सहभागी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह ने समसामयिक फसलों की खेती पर चर्चा की और बताया कि आज के समय में कीटनाशकों की सीमित मात्रा का उपयोग करने से लाभकारी जीव जंतु वातावरण में बने रहते हैं और फसलों के लिए लाभदायक हैं उन्होंने बताया कि अधिक कीटनाशक भूमि वातावरण तथा शरीर के लिए हानिकारक हैं। कृषि महाविद्यालय के शिक्षक डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने बीमारियों के प्रबंधन की जानकारी दी। इस आयोजन में लगभग 80 किसानों, कंपनियों के कर्मचारीगण तथा अन्य गणमान्य प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीसीएम श्रीराम से पारस चतुर्वेदी (जनरल मैनेजर), डॉ पंकज कुमार सिंह, विपिन सिंह (रीजनल मैनेजर), डॉ सुधाकर सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम का संचालन एवं मार्गदर्शन किया। सभी किसानों को कृषि कर वितरित किए गए तथा लंच कराया गया।

# प्राथमिक विद्यालय मूसेती का वार्षिकोत्सव धूमधाम से हुआ संपन्न, मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**स्वतंत्र प्रभात**

**लहरपुर (सीतापुर)।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मुसेती का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न, मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को प्राथमिक विद्यालय मुसेती का वार्षिकोत्सव एवं मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर वैदिक मंगलाचरण से किया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने मां शारदे की वंदना की। कार्यक्रम में बाल वाटिका कक्षा एक से लेकर कक्षा 5 तक के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, स्थान पाने वाल छात्रों का सम्मान कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कक्षा 5 के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया और सभी बच्चों को परीक्षा फल वितरित किया गया एवं प्रत्येक कक्षा में सभी गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ऋषिकेश वाजपेई के द्वारा किया गया, इस मौके पर उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया और सभी छात्रों से और अधिक क्षमता व ऊर्जा से विद्या अध्ययन की अपील की। कार्यक्रम में केआरपी संदीप कुमार, ध्रुव बाजपेई, सनत कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष चंद्रभान, ग्राम प्रधान कमलेश कुमार, रामजीवन, संतोष कुमार सहित अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# सेठ जय दयाल में संपन्न हुआ परीक्षा फल वितरण

**स्वतंत्र प्रभात**

**बिसवां सीतापुर।** सेठ जय दयाल इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप विधान परिषद सदस्य व यस आर ग्रुप के संस्थापक पवन सिंह चौहान रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला ने की। वरिष्ठ राजनीतिज्ञ एवं विद्यालय के प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ जी ने अतिथियों का अभिनन्दन किया। संचालन शिक्षक व कवि आनन्द खत्री ने किया। मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान के आगमन पर उपजिलाधिकारी ,पुलिस उपाधीक्षक व प्रभारी निरीक्षक उपस्थित रहे।पुलिस जवानों के द्वारा गॉर्ड ऑफ़ ऑनर प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन व माता सरस्वती के पूजन व संस्था के संस्थापक सेठ जय दयाल जी व विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ मेहरोत्रा के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। विद्यालय प्रधानाचार्य शकील अहमद अंसारी ने विद्यालय की आख्या प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि पवन सिंह चौहान ने कहा कि जीवन में अगर आगे बढ़ना है तो अपने माता पिता और शिक्षक का सम्मान करना कभी नहीं भूलना चाहिए क्योंकि यही वो विभूतियाँ हैं जो बिना स्वार्थ के हित करती हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि शिक्षा वो अमूल्य रत्न है जिसके प्रभाव से जीवन के सारे वैभव पाए जा सकते हैं।




विद्यालय प्रबंधक महेश चंद्र मेहरोत्रा बबुआ जी ने कहा कि ये विद्यालय 131 वर्ष पुराना हो चुका है इसमें एक एक परिवार की चार से पांच पीढ़ीयां शिक्षा ग्रहण कर चुकी ये विद्यालय वो धरोहर है जिसका दर्शन करके ही दिव्य अनभूति होती है ये पुरखो की विरासत है इसकी रक्षा करना हमारा परम धर्म है जिसके लिए नयी पीढ़ी को निरंतर तत्पर रहना होगा। सहप्रबंधक अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्त ने विद्यालय की ऐतिहासिक छवि का बखान किया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विद्यालय के पुरातन छात्र सुधाकर शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किये कक्षा 6से 11तक के छात्र व छात्राओं को परीक्षा परिणाम दिया गया। जिसमें कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों में कक्षा 6 से सुभाष, 7से आकाश, 8से आलोक, 9अ से रौनक, 9ब से आमिर, 9स से अर्पित वर्मा,कक्षा 11विज्ञान वर्ग (गणित )से वीर गुप्ता,कक्षा 11 विज्ञान वर्ग( जीवविज्ञान ) से उवैश खां, व्यावसायिक वर्ग ऑटोमोबाइल से करन जायसवाल, फोटोग्राफी से सुभाष चंद्र,नर्सरी से नौशीन फातिमा एवं कला वर्ग से मो जासीम रहे।इस कार्यक्रम में ऋतुराज सिंह, सुशील शुक्ला,कमलेन्द्र बाजपेयी,परीक्षा प्रभारी सुभाष चंद्र, दुर्गा प्रसाद, विशाल सक्सेना,शैलज़ा श्रीवास्तव,कमल नयन,मक़सूद अली, अरशद अली, नीरज द्विवेदी,अरुण कुमार,सुधीर सिंह, सलीम, जनेश, चंद्र सेन,तापस शाह,सरिता, रीता,रमेश कुमार रविन्द्र कुमार,कपिल वर्मा, महेश मौर्य, मनोज श्रीवास्तव, सहित छात्र छात्राएं व समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# महर्षि कश्यप ऋषि जी की जयंती पर भव्य आयोजन सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात**

**सीतापुर।** मिश्रिख के जोन आंट गुलरिया में आज महर्षि कश्यप ऋषि जी की जयंती श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महर्षि कश्यप ऋषि के जीवन, उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समाजोत्थान में दिए गए योगदान को जनमानस तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता निषाद पार्टी के प्रदेश सचिव श्री राजेश कश्यप ने महर्षि कश्यप जी के आदर्शों और जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा के अमूल्य धरोहर हैं, जिनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री सुधीर कश्यप, राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद के जिला अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र कश्यप, हरदोई जिला अध्यक्ष श्री मनोज



कश्यप, जिला संरक्षक श्री शिवलाल कश्यप, जिला सचिव डॉ. आर. के. निषाद, महिला मोर्चा की विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती शिल्पी आशा राजवंशी सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में श्री राम गौतम, श्रीराम यादव, राकेश राठौर, पप्पू राठौर, डॉ. रामसेवक कश्यप, सोनू सागर कश्यप, हरिशंकर कश्यप, विमल कश्यप, निर्मल कश्यप समेत बड़ी संख्या में कश्यप समाज के कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में महर्षि कश्यप को समाज की एकता, जागरूकता और संगठन का प्रतीक बताते हुए, उनके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं के योगदान की सराहना की।

# मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात**

**माल,लखनऊ ।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। आपको बता दें कि विकासखंड माल की ग्राम पंचायत सस्पन के अटेर गांव स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन शनिवार को कथावाचक आचार्य सुनील कांत तिवारी ने कहा कि भगवान की भक्ति से मुक्ति मिलती है। उन्होंने बताया कि राम नाम को जीवन में आत्मसात करने से जीवन संवर जाता है।युवाओं को विशेष संदेश देते हुए संत आचार्य सुनील कांत ने कहा कि माता-पिता की सहमति के बिना की गई शादी से जीवन सफल नहीं होता। साथ ही भक्तों को सनातन संस्कृति से जुड़ने का संदेश दिया। उन्होंने माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को समय पर संस्कार और धर्म की शिक्षा दें। साथ ही मुकेश पांडेय ने बताया कि हिन्दू धर्म में कई कथाओं के सुनने के अलग-अलग लाभ मिलते हैं लेकिन भागवत कथा का इतना महत्व है कि कहते हैं कि इसे सुनने वाला सीधे मोक्ष को प्राप्त होता है। शास्त्रों और पौराणिक कथाओं में भी भागवत कथा सुनने की महिमा का बखान मिलता है। भागवत कथा सुनने से व्यक्ति का आध्यात्मिक विकास होता है। यह भगवान के प्रति भक्ति को गहरा करता है और व्यक्ति को मोक्ष की ओर ले जाता है।

# छोटे बच्चों में हो रही मधुमेह की बीमारी को लेकर प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को किया प्रशिक्षित




**स्वतंत्र प्रभात**

**सीतापुर।** 5 अप्रैल वाई आर जी केयर संस्था द्वारा बक्शी का तालाब स्थित चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में बक्शी का तालाब ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालयों के 120 से अधिक शिक्षकों को छोटे बच्चों में हो रही मधुमेह की बीमारी पर लखनऊ के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अतुल अग्रवाल द्वारा प्रशिक्षित किया गया डॉ अग्रवाल ने बताया कि आज के समय में विद्यालयों मे फिजिकल प्रेक्टिस बिल्कुल बंद हो रही है और कोई भी माता-पिता अपने बच्चों को फिजिकल नहीं करना चाहता जिस वजह से छोटे बच्चों में डायबिटीज की बीमारी बढ़ रही है उन्होंने बताया कि बच्चों को फिजिकल अवश्य कराये और उनके खान-पान पर विशेष ध्यान रखें उन्होंने फास्ट फूड और जंक फूड बच्चों को खाने से मना किया और कहा कि टिफिन में फल सब्जियों से बने उत्पाद तथा मोटे अनाजों से बने उत्पाद उन्हें खाने को दिए जाएं। इस अवसर पर चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह वरिष्ठ शिक्षक डॉ योगेंद्र कुमार सिंह, प्राचार्य प्रोफेसर गजेंद्र सिंह, संस्था के प्रभारी अभिषेक सहित 120 से अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया सभी शिक्षकों को मधुमेह से संबंधित सार संग्रह वितरित किए गए प्रश्नोत्तरी में शिक्षकों के प्रश्नों का उत्तर दो अग्रवाल ने दिया।

**आवश्यकता है**

काइनेटिक दिव्यांग रिसर्च एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर गला मऊ बाराबंकी में पीएम विश्वकर्मा योजना संचालित करने हेतु निम्न ट्रेनर की आवश्यकता है--

1- वॉशरमैन
2- डाल & टॉयज मेकिंग

**योग्यता–**

1-5 वर्ष का अनुभव( सर्टिफिकेट के साथ)
2- इंटरमीडिएट पास

दिनांक 10 अप्रैल को सुबह 10:00 गलामऊ सेंटर पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो

**इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें**
+917881138416

**आवश्यकता है**

कायनाटिक दिव्याअंग रिसर्च एवं रिहाइबिलीटेंशन सेंटर , गलामऊ, बाराबंकी पर पीएम विश्वकर्मा योजना हेतु एक डाटा एंट्री ओपरैंटर ( कम्प्यूटर) की आवश्यकता है, सैलरी 8000 प्रति माह होगी।

**इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें**
+917881138416

# संक्षिप्त ख़बरें

## हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर शटरिंग लगा रहा मजदूर झूलसा

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के मेरुई गांव में शटरिंग लग रहा एक श्रमिक हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। वहां मौजूद अन्य श्रमिकों ने फौरन उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शहजौरा निवासी सूरज (32) पुत्र कन्हैया शनिवार को मेरुई गांव में एक निर्माणाधीन भवन में शटरिंग लगा रहा था। तभी ऊपर से जा रही हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर वह बुरी तरह से झुलस गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## घर में जबरन कब्जा करने का लगाया आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के कानपुर रोड स्थित पूरे उजागर राजपति नगर निवासी शिवविलास में पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही दो लोगों पर जबरन उसके मकान में कब्जा करने का आरोप लगाया। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस को तहरीर देकर पीड़ित ने बताया कि आरोपी उसके घर में खाली कैरेट लाकर रख दिए। जब उसने आपत्ति व्यक्त की तो वह मारपीट करने पर आमादा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी से अपना सामान उठा लेने के लिए कहा लेकिन वह नहीं माना। पीड़ित ने बताया कि आरोपी अपने एक और साथी की मदद से उसके घर में जबरन कब्जा करना चाह रहा है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## शियाराम वाटिका में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में शीट मेटल शॉप के सामने बनी सियाराम वाटिका में वृक्षारोपण किया गया। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था की गई। रामनवमी की पूर्व संध्या पर आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में आरेडीका के महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने शियाराम वाटिका को विकसित करने वाले कर्मचारियों की सराहना की। अधिकारियों ने वाटिका में आम, चीकू, लीची, जामुन, शरीफा, आलूबुखारा, नाशपाती, अमरूद और अंजीर जैसे करीब 40 फलदार पौधे रोपे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण और पक्षियों की देखभाल का संदेश दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाप्रबंधक के साथ-साथ आरेडिका के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। जिनमें सीओएस राजीव खाडेलवाल, सीवीओ अकमल बादूद, पीसीई एसपी यादव, पीसीएससी रमेश चंद्रा, सीईई मनोज कुमार जिंदल, सीडब्ल्यूई मोहम्मद साकिब, सेकरेट्री जीएम आरएन तिवारी, डिप्टी सीएमई आरके चौहान, डिप्टी सीएमई शैल आरएस बिक्का, एक्ससीएन पंकज राय मौजूद रहे।

## खम्हरिया का गंदा पानी विकासखंड कोन क्षेत्र के लगभग 50 एकड़ फसलों को वर्षो से प्रभावित करती रही है



**चील्ह, मीरजापुर।** विकासखंड कोन अंतर्गत जिलाधिकारी के निर्देश पर गंदा पानी निकासी हेतु नाला बनाने हेतु मापी की गई। नगर पंचायत पंचायत खम्हरिया का गंदा पानी विकासखंड कोन क्षेत्र के जगा पट्टी मनौवा गांव के लगभग 50 एकड़ फसलों को वर्षों से प्रभावित करती रही है। किसानों की मांग पर 13 मार्च को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा मौके पर जाकर एस्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया था ।इसके संबंध मे आर ई एस विभाग के सहायक अभियंता नवीन श्रीवास्तव और अवर अभियंता रिचा शर्मा ने शनिवार को मौके पर जाकर गंदा पानी के निकासी हेतु मापी किया ।उक्त संबंध में सहायक अभियंता नवीन श्रीवास्तव ने बताया की नाला बड़ा है और नगर पंचायत खम्हरिया का गंदा पानी को टेढ़वा के पास गिराया जाएगा। जो नाला के माध्यम से भोगांव गंगा तट तक चल जाएगा। उन्होंने बताया कि एस्टीमेट बनाकर जिलाधिकारी के यहां भेज दिया जाएगा।

# रंगारंग कार्यक्रमो के साथ सम्पन्न हुआ होली एवं ईद मिलन समारोह

**● चिकमंडी स्थित शांती उत्सव लान में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रही समाजसेविका सुधा द्विवेदी**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज रायबरेली।** व्यापार मंडल के तत्वाधान में कस्बे के चिकमंडी स्थित शांती उत्सव लान में होली एवं ईद मिलन समारोह भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में फुहारों के साथ समाज में विशिष्ट कार्य करने वाले आधा दर्जन लोगो को भी सम्मानित किया गया। अंकुर म्यूजिक ग्रुप के कलाकारो ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। धन्नीपुर ग्रामसभा के प्रधान धनपाल सिंह की अगुवाई में ग्रामीणों की टीम ने फाग गायन के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसके बाद व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आये हुए सभी आगतो का बैज व अबीर लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेविका सुधा द्विवेदी ने कहा कि इस प्रकार की कार्यक्रमो से आपसी भाईचारे का विकास होता है। हमारा फाउन्डेशन हमेशा व्यापारियों की मदद के लिये तैयार रहता है। विशिष्ट अतिथि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष पंकज मुरारका ने कहा कि व्यापारियों का शोषण किसी भी दशा में बर्दाश्त नही किया जायेगा। अधिकारियों को चेतावनी देते हुए उन्होने कहा कि यदि अनावश्यक जांच के नाम पर किसी भी व्यापारी को परेशान किया गया तो वे ईट का जवाब पत्थर से देना जानते है। वही नगर पंचायत अध्यक्षा सरिता गुप्ता ने कहा कि नगर के विकास के लिये वह सभी व्यापारियों से सहयोग की अपेक्षा करती है। व्यापार मंडल के द्वारा आयोजित यह होली एवं ईद मिलन समारोह अपने आप में एक मिशाल के तौर पर जाना जायेगा।

होली मिलन एवं ईद समारोह में अंकुर म्यूजिकल ग्रुप की शानदार प्रस्तुतियों ने लोगो का भरपूर मनोरंजन किया जिससे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के साथ दर्शक कलाकारो के साथ झूमने पर विवश हो गये। ग्रुप की गणेश वंदना व शिव तांडव को लोगो ने खूब सराहा और कलाकारो के साथ फूलो की होली भी खेली। कार्यक्रम के अंत में व्यापार मंडल की ओर से मुख्य अतिथि सुधा द्विवेदी ने आधा सैकड़ा से अधिक फगुहारो की टीम का माल्यापर्ण व अंगवस्त्र देकर



सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक नेता आशीष प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर युवा नगर अध्यक्ष अभिनव सोनी, उपाध्यक्ष अभिषेक सोनी, ओमी तिवारी, मनोज प्रताप सिंह, रामू प्रजापति, महामंत्री आयुष कौशल, संरक्षक सूर्य प्रताप सिंह, प्रमोद मिश्रा, करूणा शंकर यादव, विपिन वर्मा, संतोष मिश्रा, कमलेश तिवारी, प्रभारी अनिल गुप्ता, पालू सरदार, कुकी सरदार, अध्यक्ष राहुल भदौरिया, मोईन अहमद, उपाध्यक्ष सौरभ सिंह , कासिफ खान, आजम सिद्दीकी , पीके गुप्ता, राणा गुप्ता, प्रांसू सोनी, रामचंद्र गुप्ता, राकेश पटवा, निसार अहमद, सचिन सिंह , टिंकू शुक्ला, रवी राय, राहुल गुप्ता, कल्याण सिंह, बैजनाथ विश्वकर्मा, रामप्रताप सिह, विश्वास बहादुर सिंह, आकर्षण द्विवेदी, सूरज मिश्रा, फारूक राना, सुरेश आचार्य, आंनद गुप्ता, हरिशंकर श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव समेंत भारी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

लालगंज। व्यापार मंडल ने अलग-अलग सामाजिक क्षेत्रो में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगो को सम्मानित किया। जिसमें तीन बार के चेयरमैन रहे नगर ईश्वरचंद्र गुप्ता, समाजसेवी केसी गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार शेरबहादुर सिह, मेडिकल में डा. सलीम, शिक्षा के क्षेत्र में सुनील सिंह, देवी कुमार बाजपेई का माल्यार्पण, अंगवस्त्र व मोमेन्टो भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद आयोजको की ओर से पत्रकारो का भी सम्मान किया गया। कार्यक्र में लोगो ने लजीज व्यंजनो का भी लुत्फ लिया।

# ग्राम पंचायत रामगढ़ का मामला पहुंचा संपूर्ण समाधान दिवस के दरबार पर, लोगों ने किया जाँच की मांग




स्वतंत्र प्रभात

**कोन / सोनभद्र –** नव सृजित विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत रामगढ़ में विकास कार्यो में जमकर धांधली कर सरकारी धन का बंदरबांट करने का मामला प्रकाश में आया है। रामगढ़ निवासी कृष्णानंद शर्मा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत रामगढ़ में सड़क मरम्मत, हैंडपम्प मरम्मत , अमृत सरोवर निर्माण व मनरेगा मजदूरी के नाम पर प्रधान सगे संबंधित लोगों के नाम पर धन का जमकर बंदर बाँट किया गया है। जिसके क्रम में शिकायतकर्ता ने ग्राम पंचायत में हो रहे सम्पूर्ण कार्यो की जाँच कराने व संबंधित के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग किया है। बताते चलें कि जहाँ सूबे के मुख्यमंत्री का भ्रष्टाचार के मामले में अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अगर कोई भी व्यक्ति भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें पर रामगढ़ पंचायत में कुछ और मामला है जो कि चौकानें के साथ साथ जाँच का विषय है। वहीं इस बावत खण्ड विकास अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र नाथ द्विवेदी ने अश्वासन दिया कि अगर शिकायत की गई है तो उसकी जाँच कर अवश्य कार्रवाई की जायेगी ।

## गेहूं के फसल की कराई गई क्रॉप कटिंग



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर की अध्यक्षता में शनिवार को उसका बाजार ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सजनी में गाटा संख्या 671 रकबा 0.4440हे0 ,कृषक विनोद कुमार पुत्र उदयराज के गेहूं के फसल की कराई गई क्रॉप कटिंग क्षेत्रफल 43.3 वर्ग मीटर कराया गया जिसमें 15.330किलो ग्राम तदनुसार 35.41कुंतल की दर से पैदावार प्राप्त हुआ । इस अवसर पर अपर सांख्यिकी अधिकारी दीपक कुमार, तहसीलदार डॉ संतराज सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल श्रद्धा सुमन सिंह, राजस्व निरीक्षक गिरीश चंद मिश्रा, इरफान खान, जिला प्रबंधक अनुराग सिंह आदि रहे।

# तहसील सभागार में समाधान दिवस का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**डलमऊ रायबरेली-** डलमऊ तहसील सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, उप जिलाधिकारी राजित राम गुप्ता एवं तहसीलदार व क्षेत्राधिकार की अगुवाई में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें आए हुए फरियादियों की समस्याएं सुनी गई एवं उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।मुख्य विकास अधिकारी ने सभी शिकायतों को समय से निस्तारित किए जाने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए। समाधान दिवस में आई 37 शिकायतों में से तीन शिकायतों का निस्तारण हो सका।

तहसील क्षेत्र के चौदहमिल से अपने तीन बच्चों के साथ आई मंजू देवी ने हाथ जोड़कर फरियाद लगाई की रहने के लिए जगह नहीं है सड़क के किनारे झोपड़ी बनाकर अपने बच्चों के साथ गुजर बसर कर रही थी लेकिन अब जिसकी जमीन है वह उसे वहां से हटा रहे हैं रहने के लिए कोई स्थान नहीं है अब उसे बेघर कर दिया गया है जिस पर सीडीओ ने खंड



विकास अधिकारी को तत्काल मौके पर जाकर समाधान किए जाने का निर्देश दिया।बसंतपुर कटोहिया के टाटियापुर से आई 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला शिवकली ने पिछले 2 साल से बार-बार शिकायत देने के बाद भी समस्या का समाधान न होने की बात कही सभागार में रोते हुए बुजुर्ग महिला ने बताया कि खेत जाने का रास्ता नहीं है पानी ले जाने के लिए नाली की व्यवस्था है लेकिन दबंग लोग नहीं ले जाने देते हैं 2 साल से बार-बार शिकायत कर रही हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ जिस पर सीडीओ ने बुजुर्ग महिला को समस्या के निस्तारण का आश्वासन देते हुए वापस भेज दिया।बुजुर्ग महिला ने रो-रो कर दर्द बयां करते हुए बताया कि उसने मामले की कई बार शिकायत की लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से तीन शिकायतों का निस्तारण हुआ।इस मौके पर तहसीलदार उमेश चंद्र, चिकित्साधीक्षक नवीन कुमार, खंड विकास अधिकारी अशोक सचान, अधिशाषी अधिकारी आरती श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी डलमऊ अरुण कुमार नवहार, कोतवाल श्याम कुमार पाल तथा अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग में पांच घरों का सामान जलकर राख

**● झुलस कर बकरी मरी, गोवंश जख्मी, मोटरसाइकिल जलकर खाक**

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे लालसाहब मजरे कुंडवल गांव में शनिवार की दोपहर बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आकर पशुपालक की एक बकरी मर गई। जबकि एक गोवंश बुरी तरह से झुलस गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आप पर काबू पाया, लेकिन तब तक पांच घरों का अनाज, कपड़े सहित काफी सामान जलकर नष्ट हो गया। गांव निवासी सुरजीत पुत्र राधे के छप्पर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धर लिया। घर से जुड़े शुभम पुत्र रामस्वरूप व जितेंद्र पुत्र शिवशंकर का घर भी आग की चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने आग बुझाना शुरू किया और घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक सुरजीत की छप्पर के नीचे बंधी एक बकरी जलकर मर गई। जबकि बछड़ा बुरी तरह से झुलस गया। वहीं घर में रखी मोटरसाइकिल व घरेलु कीमती सामान भी जल गया। अग्निकांड में शुभम के घर की सारी गृहस्थी व मोटरसाइकिल जल गई। आग की चपेट में आकर जितेंद्र कि घर में रखा घरेलू सामान व गृहस्ती जलकर नष्ट हो गई। गांव के सुशील कुमार व बनवारी का घर भी आज की चपेट में आ गया जिससे घरेलू सामान व अनाज जलकर नष्ट हो गया। अग्निशमन केंद्र के प्रभारी मुकेश गिरी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

# तहसील लालगंज में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**● समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराए अधिकारी - जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली-** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील लालगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 87 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 06 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नवीन चंद्रा, एसडीएम लालगंज मिथिलेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य संबंधि।

## अभियुक्त के विरुद्ध धारा 82 की कार्यवाही



**चुनार, मिर्जापुर।** थाना चुनार जनपद मिर्जापुर में मुकदमा अपराध संख्या 442/23 धारा 8/20/29 एन डी पी एस एक्ट व 34 आई पी सी में वांछित अपराधी रतन संजय पुत्र चन्द्रभान चौधरी निवासी रूपहीताड़ थाना भीतहाँ जनपद पश्चिमी चंपारण बिहार के विरुद्ध माननीय न्यायालय से 82 सी आर पी सी ( कुर्की के पूर्व उद्घोषणा) का तामीला उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण यादव व कांस्टेबल अरमान अली द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ अभियुक्त के घर जाकर डुगडुगी बजाकर नियमानुसार की गई कि यदि अभियुक्त माननीय न्यायालय में हाजिर नही होता है तो अभियुक्त के घर की कुर्की की कार्यवाही की जाएगी।

# तहसील मुसाफिरखाना में विधायक सुरेश पासी ने अधिकारियों के साथ की जनसुनवाई

**● जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस**

**शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**


स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मुसाफिरखाना में भाजपा विधायक सुरेश पासी ने अधिकारियों के साथ जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से तथा त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया।



वहीं जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील तिलोई में कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील गौरीगंज में 30 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 01 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 50 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 08 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुसाफिरखाना तहसील पर उप जिलाधिकारी मुसाफिरखाना, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना सहित जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि कार्य में लाई जाए तेजी




**शाहजहांपुर/** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के साथ मेरठ से लेकर प्रयागराज तक 596 किलोमीटर लंबे बन रहे गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। गंगा एक्सप्रेस वे का लगभग 40 किमी का निर्माण कार्य जनपद क्षेत्र में कराया जा रहा है, जिसे जिलाधिकारी ने शेष कार्यो को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एअर पट्टी, ब्रिज एवं इंडस्ट्रियल कॉरिडोर आदि निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कार्य में तेजी और गुणवत्ता के साथ काम को समय से कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम से मिले अखबारों के प्रतिनिधि, बगैर भेदभाव विज्ञापन जारी करने की मांग

**● अधिकारियों को गुमराह कर विज्ञापन प्राप्त कर रहे हैं अखबार, डीएम से मिले पत्रकार**

**गुमराह कर अखबार प्राप्त कर रहे विज्ञापन, डीएम से पहल की मांग**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में कुछ अखबार के पत्रकार ग्राम पंचायतों के टेण्डर एवं निविदा प्रकाशन को लेकर अखबारों के प्रति बरती जा रही उदासीनता को लेकर पत्रकारों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला। समाचार पत्र एवं पत्रकार एसोसियेशन के



जिलाध्यक्ष अरूणेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में डीएम से मिलने पहुंचे पत्रकारों ने बगैर किसी भेदभाव के डीएवीपी से मान्यता प्राप्त अखबारों को टेण्डर व निविदा प्रकाशन हेतु जारी करने की मांग किया।

दरअसल बस्ती जनपद में बीडीओ और सचिव को पूर्व में एक पत्र जारी कर उन्हे गुमराह किया जा रहा है। इस सूची के आधार पर ग्राम पंचायतों का टेंडर, निविदा का प्रकाशन सिर्फ 12 समाचार पत्रों में किया जा रहा है। वर्तमान में अखबारों की संख्या बढ़ गई है। जनपद में क्षेत्रीय समाचार पत्र भी आते हैं। जिनके यहाँ पर जिले से मान्यता प्राप्त संवाददाता और गैर मान्यता प्राप्त संवाददाता हैं। उन्हें बीडीओ और सचिव द्वारा टेण्डर, निविदा देने में हीलाहवाली की जाती है या यूं कहें नहीं दी जाती है। पत्रकारों ने डीएम से मांग किया कि इस पुराने पत्र को खारिज करायें ताकि इस पुराने पत्र को दिखा कर बीडीओ या सचिव को गुमराह न किया जा सके और निष्पक्ष ढंग से इन 12 समाचार पत्रों के अलावा जनपद और क्षेत्रीय समाचार पत्रों को भी टेन्डर/ निविदा प्रकाशित करने को मिल सके। डीएम से मिलने वालों में अमर सोनी, दिनेश कुमार पाण्डेय, बृजेश शुक्ला, लवकुश यादव, सन्तोष श्रीवास्तव, रमेश मिश्रा,आलोक कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, एसपी श्रीवास्तव, अनिल कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।

# चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहा कुशवाहा आंख ,कान और दांत का अस्पताल - पीके तिवारी



स्वतंत्र प्रभात

**इन्हौना अमेठी।** सामाजिक कार्यो के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन,उत्साहवर्धन एवं सहयोग से महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक गांव भटमऊ शुकुलबाजार अमेठी निवासी समाजसेवी पी के तिवारी ने नवरात्रि के शुभ अवसर पर आधुनिक सुविधाओं से लैस कुशवाहा आंख मुख एवं दांत अस्पताल इन्हौना पहुंचकर चिकित्सा संबंधी सेवाओं मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले कुशल नेत्र चिकित्सक डा.चन्द्रेश कुशवाहा एवं दांत रोग विशेषज्ञ डा आंचल कुशवाहा से मुलाकात कर उन्हे श्री दुर्गासप्तशती ग्रंथ भेंटकर नवरात्रि की शुभकामनाएं दी वहीं डा.चन्द्रेश कुशवाहा एवं डा.आंचल कुशवाहा ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी एवं संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना की,उक्त अवसर पर स्वतंत्र प्रभात पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# आईपीएल सट्टेबाजी- 15 को जेल के बाद अन्य सट्टेबाजों की तलाश में जुटी कानपुर पुलिस, 23.39 लाख बरामद

**● - दुबई में बैठा है आई पी एल के सट्टेबाजों का सरगना**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** यह महानगर काफी अरसे से शातिर दिमाग सट्टेबाजों की चपेट में है। क्राइम ब्रांच की स्पॉट और सर्विलांस टीम को ऐसे ही सट्टेबाजों के दो गिरोह को का भंडाफोड़ करने में सफलता मिली है। अब वह इस गिरोह के 15 सदस्यों को जेल भेजने के बाद अन्य की भी तलाश कर रही है। इनमें से 10 सट्टेबाज बिठूर के नारामऊ स्थित एक मकान से और 5 सेन पश्चिम पारा के आदर्श नगर स्थित कमरे से पकड़े गए। यह सट्टेबाज विभिन्न एप के जरिए सट्टा खिला रहे थे। इनके पास से 1661500 रुपये,13 एंड्रायड मोबाइल 13, 11 कीपैड मोबाइल, एक लैपटाप, एक कैलकुलेटर, पांच चेकबुक, छह पासबुक, एक प्लेटिनम कार्ड, एक पासपोर्ट, पांच नोटबुक, छह रजिस्ट्री के पेपर बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक खास बात है यह भी कि सट्टेबाज पुलिस से बचने के लिए हर दो माह अपना ठिकाना भी बदल देते थे।

पकड़े गए इनमें से एक गिरोह के तार दुबई समेत कई देशों से जुड़े मिले हैं। डीसीपी पश्चिम आरती सिंह ने बताया कि कुछ दिनों से शहर में सट्टेबाजों के एक गिरोह के बारे में कुछ सुराग मिल रहे थे, जिसमें एसीपी चकेरी सुमित रामटेके और सेंट्रल जोन की सर्विलांस व बिठूर थाने की टीम लगी थी। इसी के बाद नारामऊ में अमन तिवारी उर्फ मून के मकान में टीम ने दबिश देकर 10 लोगों को पकड़ा।

यह सभी कोलकाता नाइट राइडर्स व हैदराबाद के बीच हो रहे मैच में सट्टा लगा रहे थे। आरोपितों के मोबाइल पर ओला वैट 99 बैटिंग एप और डायमंड एक्सचेंज 99 एप डाउनलोड था, जिसके जरिए ही सट्टा खिलाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किये गए आरोपितों ने अपना नाम काकादेव पी ब्लाक पुरानी बस्ती निवासी मो. इमरान, मो. रहीम उर्फ अयाज, रावतपुर रोशन नगर निवासी आमिर खान, इरफान खान उर्फ बब्लू, नारामऊ के तैय्यब अहमद,जनाब अली, मसवानपुर चूड़ीवाली गली निवासी मो. इरफान, मंधना होरा बांगर निवासी गौरव द्विवेदी उर्फ गोरे, आवास विकास अशोक वाटिका निवासी इरशाद अहमद, रावतपुर शिवपुरी निवासी रजी खान बताया। फिलहाल 15 को जेल भेजने के बाद पुलिस अब फरार अन्य सट्टेबाजों की भी तलाश में जुटी है।

# बरगदी माता मंदिर में विशाल जागरण का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर देहात-** सरवनखेड़ा विकास खण्ड क्षेत्र के मनेथू रूपपुर गांव स्थित सिद्ध पीठ बरगदी माता मंदिर परिसर में विशाल जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख युवा समाजसेवी एवं पत्रकार राहुल अग्निहोत्री ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर मातारानी की आरती,पूजा अर्चना कर के किया। वहीं कार्यक्रम आयोजकों ने मुख्य अतिथि व उनके साथ मौजूद सभी सम्मानित सदस्यों को माला,शॉल,पटका पहनकर उनका जोरदार स्वागत तथा सम्मान किया। आए हुए सभी भक्तों के लिए सुख शांति और समृद्धि की कामना की साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर जिस भी गांव और क्षेत्र में इस तरह के धार्मिक आयोजन होते है उस क्षेत्र व गांव में माता रानी के आशीर्वाद मात्र से तरक्की होती है और वातावरण शुद्ध होता। इसी क्रम में प्रमुख युवा समाजसेवी राहुल अग्निहोत्री ने 11 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग दिया गया। इस अवसर पर रायपुर ग्राम सभा के पूर्व महेश तिवारी, व्यापारी नेता संजू बाजपेई,युवा समाजसेवी महेन्द्र शुक्ला, अजय सिंह चंदेल, हरिओम शुक्ला, दीपक मिश्रा, शिवम् पाण्डेय, सुशील बाजपेई,अशोक शुक्ला, पिंटू उमराव, संदीप शर्मा, सोनू पाण्डेय, अरुण त्रिपाठी, शिवा गुप्ता, निखिल साहू, उत्तम चंदेल,राम संजीवन सिंह चौहान, हनुमान सिंह चौहान, हर्षित अवस्थी, राजू पाण्डेय, वेद प्रकाश पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# कर्नलगंज में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने वाले 5 पत्थरबाज गिरफ्तार

**● - कुल 9 पत्थरबाज भेजे गए जेल, अन्य की तलाश जारी**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के लुधौरा में साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वाले पत्थरबाज 5 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कुल 9 पत्थरबाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में उ0नि0 उग्रसेन सिंह मय हमराह उ0नि0 शैलेश कुमार पाण्डेय, उ0नि0 रिंकू सिंह, उ0नि0 प्रदीप कुमार मीना, उ0नि0 अंकुर बिहान व का0 नीरज, का0 अनुज कुमार, का0 अंकित कसाना, का0 कुशलपाल द्वारा थाना पर पंजीकृत मुकदमा धारा 191(2)/115(2)/352/351(3)/125 बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट थाना कर्नलगंज कानपुर नगर में साम्प्रदायिक माहौल बिगाडने वाले पत्थरबाज बांछित अभियुक्तों मो0 सईद पुत्र स्व0 इदरीस निवासी चूडी मोहाल थाना कर्नलगंज कानपुर नगर उम्र करीब 25 वर्ष, नूर अली उर्फ पम्मा पुत्र अशरफ अली निवासी छोटे मिया का हाता थाना कर्नलगंज कानपुर नगर उम्र करीव 24 वर्ष, इमरान पुत्र अब्दुल गफूर निवासी चूडी मोहाल थाना कर्नलगंज कानपुर नगर उम्र करीब 24 वर्ष, मो0 मतीन पुत्र राजू निवासी चूडी मोहाल थाना कर्नलगंज कानपुर नगर उम्र करीव 25 वर्ष, शाहिद पुत्र मो0 सईद निवासी चूडी मोहाल थाना कर्नलगंज कानपुर नगर उम्र करीब 25 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर रहमत नगर गौसिया मस्जिद के पास शुक्लागंज जनपद उन्नाव से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त का रिमाण्ड प्राप्त करने हेतु नियमानुसार न्यायालय रवाना किया गया। स्थानीय निवासियों द्वारा पुलिस की सक्रियता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गयी। तथा अन्य पत्थरबाज की तलाश जारी है।

# जनता की नब्ज टटोल कर जनता की समस्याओं की आवाज उठाना होगा- डॉ नीरज

स्वतंत्र प्रभात




**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने बताया कि कांग्रेस को जमीन पर मजबूत करने, वोटर लिस्ट पर काम करने, संगठन को मजबूत करने और इन सब के लिए स्ट्रक्चर तैयार करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटियों की तीसरे राउंड की बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई द्य शुक्रवार को देर रात्रि 5 घंटे तक कांग्रेस के नवीन कार्यालय इन्दिरा भवन,नई दिल्ली में आयोजित जिला अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुए नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है, मैं जिला कांग्रेस पार्टी को पावर देना चाहता हूं।मैं चाहता हूं टिकट के निर्णय में पार्टी द्वारा जो भी फैसला लिया जाय उसमें जिला कांग्रेस पार्टी की भूमिका हो। जिला कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी व कार्यकर्ता काम करें,मेहनत करें और आखिरी समय में कोई और निर्णय लें, यह बिल्कुल नहीं चलेगा।हमारा जो भी साथी पार्टी के लिए काम कर रहा है उसको भविष्य में जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। राहुल ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस द्वारा हमारी विचारधारा पर आक्रमण हो रहा है और देश के इतिहास को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है।जिस भी जिले में दलित, शोषित, वंचित, पिछड़ा, महिलाओ और अल्पसंख्यकों को दबाया जा रहा है वहां पर इनकी मदद के लिए कांग्रेस दिखनी चाहिये।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि संगठन सशक्तिकरण बहुत जरूरी है।सबसे पहले संगठन सृजन का कार्य ईमानदारी से करो।पार्टी में शिकायतें कम, काम ज्यादा होना चाहिए। बैठक में छः राज्य दो टेरिटोरियल कांग्रेस समेत 302 जिलाध्यक्ष बैठक में शामिल हुये।प्रतापगढ़ से प्रतिनिधित्व कर रहे कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने बैठक में कहा कि जनता के नब्ज को टटोलना होगा, उनकी समस्याओं को चिन्हित कर धरना प्रदर्शन आंदोलन कर समस्याओं का समाधान कराने से लोग जुड़ेंगे और पार्टी मजबूत होगी।

# मेडिकल और इंजीनियरिंग के छात्रों को अब नहीं जाना पड़ेगा बाहर- मुकेश तिवारी

**● - आकाश इंस्टीट्यूट के जौनपुर सेंटर का फीता काटकर हुआ शुभारम्भ**

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** आकाश इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर मुकेश तिवारी ने कहा कि आकाश कोचिंग क्लासेज के खुलने से अब जौनपुर के छात्रों को बाहर जाने की जरूरत नहीं है। जौनपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है । कमी थी तो प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान की। उस कमी को आकाश इंस्टीट्यूट ने पूरा कर दिया। श्री तिवारी जौनपुर के वाजिदपुर तिराहे पर स्थित आकाश इंस्टीट्यूट जौनपुर ब्रांच के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। मेडिकल और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में छात्रों के बेहतर भविष्य का निर्माण करने वाली भारत की अग्रणी संस्था आकाश इन्स्टीच्यूट का जौनपुर सेंटर का शुक्रवार को शुभारम्भ उत्सव मोटेल के भवन में सम्पन्न हुआ। इंस्टीट्यूट का उ?द्घाटन मुख्य अतिथि आकाश इंस्टीट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर मुकेश तिवारी , विशिष्ट अतिथि डा0 अरुण मिश्रा, पूर्व विधायक डा0 हरेन्द्र सिंह, डा0 आर0पी0 यादव व सेंटर के निदेशक पीयूष सिंह ने विधिवत दीप प्रज्वलन और फीता काट कर किया ।

इस मौके पर आकाश इन्स्टीच्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर मुकेश तिवारी ने आकाश इन्स्टीच्यूट की उपलब्धिययों का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि आकाश इन्स्टीच्यूट छात्रों को मेडिकल व इंजीनियरिंग के क्षेत्र में छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर बोलते हुए विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डा. हरेन्द्र सिंह ने अपने जीवन के संघर्ष को याद करते हुए छात्रो को निरंतर संघर्ष के लिए प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ चिकित्सक डा. अरुण कुमार मिश्रा ने आर्थिक रुप से कमजोर व पिछड़े छात्रों पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

वरिष्ठ फिजिशियन डा. आर0पी0 यादव ने अपने छात्र जीवन के कई रोचक घटनाओ का वर्णन करते हुए छात्रों को सफलता के गुण भी सिखाए। कार्यक्रम में विशेष रुप से मां दुर्गा जी विद्यालय के प्रबंधक सूर्य प्रकाश सिंह मुन्ना, प्रकाश ग्लोबल के निदेशक श्री प्रकाश सिंह, एलाफडेल के प्रबंधक संजीव



तिवारी, माउन्ट लिट्रा की प्रिंसिपल श्वेता मिश्रा, विजय प्रताप इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल श्वेता राय, नानक पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल निशा उपाध्याय, डा0 गिरीश चंद्र सिंह, डा0 सुलोचना सिंह, जय प्रकाश सिंह साथी,विनय कुमार सिंह, सुधान्सु सिंह, रोहित सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, सी0के0 सर, पूर्व सभासद विनय सिंह, विकेश उपाध्याय, मनोज वत्स, मधुकर तिवारी, दिनेश तिवारी, संजय सिंह एवं जिले के गणमान्य जन व आकाश इन्स्टीच्यूट के कर्मचारी और जिले के विशिष्टजन, विभिन्न विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे। आये हुए अतिथियों का स्वागत नीरज कुमार सिंह एवं आभार आकाश इन्स्टीच्यूट जौनपुर के ब्रान्च मैनेजर हेमन्त मिश्रा ने किया। संचालन सलमान शेख ने किया।

# निजी अस्पतालों की मनमानी- अपनी एमआरपी तय कर चार गुना महंगे बेच रहे इंजेक्शन व दवाएं

**● - मोनोपॉली के खेल से जनता त्रस्त**

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** जिले के निजी अस्पतालों में संचालित मेडिकल स्टोरों पर मरीजों के साथ खुला खेल हो रहा है। सूत्रों की मानें तो इन अस्पतालों में दवाओं और इंजेक्शनों की कीमतें मनमाने ढंग से तय की जा रही हैं। अस्पताल प्रबंधन फार्मा कंपनियों से सांठगांठ कर अपनी सुविधा अनुसार अधिकतम खुदरा मूल्य (स्न्क्क) डलवा रहे हैं, जो बाजार दर से चार गुना तक अधिक होती है। यही नहीं, दवा पर कंपनी का नाम भी बदलवा दिया जाता है, जिससे वह दवा केवल उन्हीं अस्पतालों के मेडिकल स्टोर पर ही उपलब्ध हो पाती है।

इस पूरे खेल में मरीजों को न केवल आर्थिक रूप से लूटा जा रहा है, बल्कि उन्हें विकल्पविहीन भी बना दिया गया है। चूंकि दवाएं बाजार में उपलब्ध नहीं होतीं, इसलिए मरीजों को मजबूरी में वहीं से खरीदनी पड़ती हैं, चाहे कीमत कितनी भी क्यों न हो। खास बात यह है कि कई मेडिकल स्टोर बिना वैध पंजीकरण के ही संचालित हो रहे हैं। यदि नियमों और मानकों के आधार पर इनकी जांच की जाए, तो अधिकांश मेडिकल स्टोरों की पोल खुल सकती है।

जानकारों के अनुसार, यह एक सुनियोजित रणनीति है, जिसमें अस्पताल, दवा कंपनियां और कुछ सप्लायर शामिल होते हैं। मरीजों की मजबूरी का फायदा उठाकर निजी अस्पताल मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। गरीब और मध्यमवर्गीय मरीजों के लिए यह व्यवस्था दोहरी मार जैसी साबित हो रही है ङ्क एक तरफ बीमारी की मार और दूसरी तरफ इलाज के नाम पर लूट।

स्वास्थ्य विभाग और औषधि नियंत्रण विभाग की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। लगातार शिकायतों के बावजूद न तो कोई ठोस कार्रवाई होती है और न ही व्यवस्था में कोई सुधार नजर आता है। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस पर सख्त कदम उठाने की मांग की है, ताकि मरीजों को राहत मिल सके और मेडिकल क्षेत्र में व्याप्त इस अंधाधुंध लूट पर लगाम लगाई जा सके।

# जननी सुरक्षा योजना में घोटाला- जौनपुर की सीएमओ डॉ. लक्ष्मी का प्रमोशन रोका, कई डॉक्टरों पर गिरी गाज



स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में भारी गड़बड़ी का मामला उजागर हुआ है। केंद्र सरकार की जननी सुरक्षा योजना के तहत हुए फर्जी भुगतानों और वित्तीय अनियमितताओं के मामले में सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए कई चिकित्साधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई की जद में जौनपुर की वर्तमान मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ. लक्ष्मी भी आ गई हैं, जिनकी तीन वेतन वृद्धि स्थायी रूप से रोक दी गई है।

डॉ. लक्ष्मी पर भदोही में सीएमओ रहते हुए वर्ष 2017 से 2021 के बीच जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को अनियमित रूप से भुगतान कराने और चिकित्सकीय सामग्री की खरीद में घपले का आरोप है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा कराए गए ऑडिट में अनियमितता की पुष्टि होने के बाद मामले की जांच कराई गई। जांच में यह पाया गया कि डॉ. लक्ष्मी ने जांच के दौरान आवश्यक अभिलेख तक मुहैया नहीं कराए और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना की। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर शासन ने यह कार्रवाई की है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा, ÷मनमानी करने वाले किसी भी चिकित्साधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे तबादले पर हों या रिटायर हो चुके हों, अनियमितता और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तय है।÷ सरकार के इस रुख को स्वास्थ्य विभाग में सुधार की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। साथ ही यह स्पष्ट संकेत है कि जवाबदेही से बचने की कोई गुंजाइश अब नहीं रहेगी।

# प्रत्येक दशा में हो ससमय वेतन संबंधी बकाया भुगतान - अमित सिंह

**● - प्रत्येक दशा में हो ससमय वेतन संबंधी बकाया भुगतान - अमित सिंह**

**शिक्षक समस्याओ को लेकर संगठन ने कसी कमर।**

**प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर की हुई बैठक।**

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर!** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ की महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष अमित सिंह और जिला मंत्री सतीश पाठक के नेतृत्व में हुई, बैठक में समस्त ब्लाको के अध्यक्ष/मंत्री एवम जनपदीय पदाधिकारी उपस्थित रहे,इस अवसर पर शिक्षकों की लंबित समस्याओं के विषय पर गंभीर चर्चा-परिचर्चा हुई, बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि जिले स्तर पर वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय द्वारा शिक्षकों के बकाया भुगतान को लेकर अनावश्यक विलंब करके शिक्षकों का मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है,जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है,

सनद रहे कि इस महत्वपूर्ण विषय पर पहले ही संगठन द्वारा पत्र आदरणीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से वित्त एवं लेखाधिकारी महिदय को दिया जा चुका है,लेकिन विभाग द्वारा उदासीन रवैया के कारण बड़ी संख्या में जनपद के शिक्षकों का बाकया विलंबित है,जिसके लिए उन्हें लेखा कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है, यदि वित्त एवम



लेखाधिकारी कार्यालय द्वारा शिक्षकों के लंबित बकाया का भुगतान एक हफ्ते के भीतर नही होता है तो संगठन कार्यालय का घेराव करने के लिए विवश होगा, साथ ही जिलाध्यक्ष ने कहा कि बड़े पैमाने पर ब्लाको में निलंबित शिक्षकों की पत्रावली लम्बित पड़ी है,जबकि शासकीय गाइडलाइन के अनुसार निलंबन जांच/बहाली प्रक्रिया 3 महीने के अंदर सुनिश्चित होनी चाहिए,इस सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय से मिलकर जल्द ही विस्तृत वार्ता की जाएगी,

साथ ही नए सत्र में पुस्तक वितरण के सम्बंध में उत्तरदायी कार्यदायी संस्था द्वारा प्राप्त टेंडर के अनुसार प्रत्येक विद्यालय में उन्ही संस्था द्वारा पुस्तक उपलब्ध कराई जानी है,लेकिन कुछ ब्लाको से शिकायत मिली है कि विभाग अध्यापकों पर पुस्तक बी आर सी से ले जाने के लिए अनावश्यक दबाव डाल रहा है,जिसका संगठन पुरजोर विरोध करता है, इस अवसर पर संगठन के संरक्षक राजीव रतन तिवारी के सेवानिवृत्ति पर संगठन द्वारा उनके लम्बी निष्कलंक विशिष्ट सेवा पर सम्मानित किया गया।

बैठक का संचालन जिला मंत्री सतीश पाठक ने किया। इस अवसर पर अर्चना सिंह अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ),जिला कोषाध्यक्ष रोहित यादव,जिला संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष दिवाकर चौहान,मृत्युंजय सिंह,अतुल सिंह,राजेश सिंह,संतोष सिंह बघेल,जिला संगठन मंत्री विशाल सिंह,राम सिंह राव, प्रवीण सिंह,सुजीत सोनकर,प्रचार मंत्री मनोज सिंह,संतोष बिंद ब्लाक अध्यक्ष/मंत्री सरोज सिंह,सजल सिंह,प्रवीन सिंह,गिरीश सिंह,अजित सिंह,रोहित सिंह, मुन्ना लाल यादव,उमेन्द्र सिंह,धनंजय मिश्र, अरविंद गिरी,अरविंद,धर्मेंद्र सिंह,सत्यप्रकाश सिंह, नीतीश सिंह, राम कृपाल यादव, प्रदीप सूर्या, स्वतंत्र कुमार, राजन सिंह, अमित अस्थाना, संतोष उपाध्याय, भूपेंद्र सिंह, नवीन सिंह,सर्वेश सिंह, अमित मिश्रा, विवेक सिंह, अनुज कुमार सिंह, उपेंद्र इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## जिलाधिकारी व पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने सुनी जन समस्याएं

**स्थानीय स्तर पर बार बार आने वाली समस्याएं पहले निबटाएं**



**कानपुर।** आज दिनांक 5 अप्रैल को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कानपुर नगर पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा बाल भवन थाना फीलखाना अन्तर्गत जन-सुनवाई की। जन-सुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे इन समस्याओं को समयबद्ध तरीके से हल करें। शिकायतों के निस्तारण में देरी न हो, इसके लिए संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे त्वरित कार्रवाई करें और शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी दें।आगंतुकों और पीड़ितों से सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए और बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक और धैर्यपूर्वक सुना जाए व शीघ्र निस्तारण किया जाए। स्थानीय स्तर पर बार-बार आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने को कहा गया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस- पुलिस उपायुक्त दक्षिण ने सुनी जन समस्याएं



**कानपुर।** आज दिनांक 05.04.2025 को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस उपायुक्त दक्षिण महोदय श्री दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा अपने कार्यालय पर जन-सुनवाई की। जन-सुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे इन समस्याओं को समयबद्ध तरीके से हल करें। शिकायतों के निस्तारण में देरी न हो, इसके लिए संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे त्वरित कार्रवाई करें और शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी दें। आगंतुकों और पीड़ितों से सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए और बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक और धैर्यपूर्वक सुना जाए व शीघ्र निस्तारण किया जाए। स्थानीय स्तर पर बार-बार आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने को कहा गया।

## परिवहन विभाग व पुलिस की 216 ई-रिक्शा पर कार्रवाई



कानपुर। प्रदेश में अवैध ई-रिक्शा एवं नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा के संचालन से हो रही दुर्घटनाओं के सन्दर्भ में मुख्यमंत्री एवं परिवहन आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अपंजीकृत एवं अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा वाहनों तथा नाबालिगों व बिना ड्राइविंग लाइसेंस ई-रिक्शा के संचालन पर अंकुश लगाये जाने हेतु दिनांक 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक परिवहन एवं पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम में आज अम्बुज, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कहकशां खातून, सहायक सागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आर.के वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मावनेनद्र, यात्री कर अधिकारी, कानपुर नगर, दिनेश कुमार , अनिल कुमार, दीपक सिंह, यातायात पुलिस के साथ संयुक्त प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान कुल 216 ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध चालान /बन्द की कार्यवाही की गयी । साथ ही नाबालिगों को ई-रिक्शा वाहन न चलाने एवं समस्त आम जनमानस को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

## सो रही है पुलिस, जाग रहे हैं चोर ङ्क मड़ियाहूं क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बेकाबू, जनता दहशत में



**जौनपुर।** मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वे लगातार एक के बाद एक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, और पुलिस तमाशबीन बनी हुई है। आम जनता भय और असुरक्षा की भावना के साए में जीने को मजबूर है। ताजा मामला मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के जीयनपुर गांव का है, जहां बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित परिवार के अनुसार, चोरों ने घर में रखे चार हार, आठ कंगन, चार करधन, चार चैन समेत कई कीमती आभूषण चुरा लिए। इसके अलावा घर में भैंस बेचकर जमा की गई 55,000 रुपये की नगद राशि भी चोरी कर ली गई।

गौरतलब है कि इस घटना से करीब 17 दिन पहले पाली गांव में भी लगभग 20 लाख रुपये की बड़ी चोरी हुई थी। इन दोनों घटनाओं से यह स्पष्ट है कि मड़ियाहूं क्षेत्र में चोरी की वारदातें बढ़ती जा रही हैं और पुलिस इन्हें रोकने में नाकाम साबित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस गश्त केवल कागजों में हो रही है, जबकि चोर बेखौफ होकर गांवों में वारदातें कर रहे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए और दोषियों को गिरफ्तार किया जाए।

## लेखपाल संघ भवन का हुआ भूमि पूजन

**फरियादियों को होगी आसानी-एसडीएम**



**शाहगंज, जौनपुर।** लंबे समय से चली आरही लेखपाल संघ भवन की मांग अब जाकर पूरी होती दिखाई दे रही है। शनिवार को तहसील परिसर में एसडीएम राजेश कुमार चौरसिया एवं तहसीलदार सहित समस्त लेखपालों की मौजूदगी में पूरे विधि विधान से लेखपाल संघ भवन का भूमि पूजन किया गया। उक्त मौके पर उपजिलाधिकारी ने कहा की अब किसी फरियादी को अपने हल्के के लेखपाल से मिलने के लिए भटकने की जरूरत नही पड़ेगी तहसील के समस्त लेखपाल एक छत के नीचे ही उपलब्ध रहेंगे जिससे फरियादियों सहित तमाम लोगों को आसानी होगी। भूमि पूजन में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिला अध्यक्ष संजय कुमार राजस्व संघ के कोषाध्यक्ष संजय राय,तहसील अध्यक्ष विकास सिंह,तहसील मंत्री विकास सिंह ठाकुर,लेखपाल पुट्टीलाल यादव, अशोक कुमार,दूधनाथ, रमेश,रविकांत, उपेंद्र कुशवाहा,संजय वर्मा, रोहित सिंह,कृष्ण देव, सीमा पटेल, सदानंद भट्ट,रचना, शशि यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**जय बजरंग देवता दीन शुक्ल इंटरमीडिएट कॉलेज का वार्षिकोत्सव समारोह**



**लंभुआ।** सुल्तानपुर सभी विद्यालयों में मेधावी छात्र-छात्राओं की कमी नहीं है। उनमें मेधा छिपी रहती है, बस जरूरत है सही मार्गदर्शन की। सही मार्गदर्शन मिलने पर छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखर कर सामने आ जाती है। उक्त विचार लंभुआ तहसील क्षेत्र के जय बजरंग देवता दीन शुक्ल इंटरमीडिएट कॉलेज कैनौरा में मनाई जा रहे वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के प्रबंधक प्रेमनाथ शुक्ला ने व्यक्त किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने धूम मचा दिया। पूर्व में विद्यालय में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विद्यालय की छात्रा आर्या दूबे द्वितीय स्थान पंडित नागेश्वर बाल विद्या मंदिर लंभुआ के उमंग पांडे तथा तृतीय स्थान विद्यालय की ही छात्रा कैसिफा अख्तर का रहा। इन सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय मधैया के प्रबंधक प्रेमनाथ शुक्ला ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। विशिष्ट अतिथि अपना दल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अविनाश वर्मा ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय प्रबंधक गगेंद्र शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मौके पर मनीष वर्मा, जाफर, जय नारायण सिंह, प्रधानाचार्य कौशलेंद्र कुमार शुक्ला, रामतीर्थ सिंह, नीरज शर्मा, हिमांशु सिंह, अवधेश सिंह, गौरव सिंह, बृजलाल यादव, आशीष सिंह, मंगल पाल, वीरू सिंह, शिव प्रसाद, अरुण तिवारी आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### एसडीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील दिवस



**बरेली/**नवाबगंज तहसील सभागार में एसडीम अजय कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया यहां पर 121 फरियादियों की शिकायतें पंजीकृत की गई इनमें से आठ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया 113 शेष बची शिकायतों के निस्तारण हेतु अधीनस्थों को निर्देशित किया गया।

यहां पर वकीलों ने भी छोटे-छोटे मामले लंबित होने की शिकायत की इसी क्रम में राजस्व की शिकायतें एवं बाल विकास पूर्ति विभाग आदि से संबंधित शिकायत है आई थी सभी के निस्तारण करने हेतु एसडीम अजय कुमार उपाध्याय ने निर्देश दिए यहां पर उपस्थित तहसीलदार दुष्यंत कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान महेश चंद्र शाक्य के के साथ ए डी ओ पंचायत रंजीतसिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी सुषमा राठौर कंचन गंगवार गन्ना समिति सचिव मेधा चतुर्वेदी समेत अनेकों विभागों के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### थाना सिंगाही पुलिस की बड़ी कार्यवाही तीन नफर वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार




**लखीमपुर खीरी-** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित वारंटी अभिक्तों की गिरफ्तारी से तो चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत थाना सिंगाही पुलिस द्वारा तीन नफर वारंटी अभियुक्त गढ़ 1, शेखावत उर्फ सखावत उर्फ जुम्मन निवासी मोहल्ला झाला वार्ड नंबर 07 कस्बा व थाना सिंगाही जनपद खीरी 2. इकरार पुत्र जबर अली निवासी मोहल्ला झाला कस्बा व थाना सिगांही 3. मोती पुत्र चंद्रिका निवासी मोहल्ला बढ़ियन टोला कस्बा व थाना सिंगाही को पुलिस ने किया गिरफ्तार गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार, कांस्टेबल गौरव कुमार, कांस्टेबल योगेश कुमार ने वारंटी अभियुक्त गणों को आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा गया

### संचारी रोग जागरण हेतु विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**कौशाम्बी।** जनपद के मां शीतला अतिथि गृह संयारा व नगर पालिका परिषद मंझनपुर के चपरी आम एवं मूरतगंज मरधरा अशरफपुर में चक्रवर्ती सम्राट अशोक जयन्ती मनाई गई सभी जगह जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने शामिल होकर छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। विधानसभा चायल के ग्राम पंचायत मरधरा, अशरफपुर मूरतगंज में महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य की जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्यातिथि राज्यमंत्री जसवन्त सिंह सैनी एवं जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य की उपस्थित में सकुशल सम्पन्न हुआ। कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया।मुख्यातिथि राज्यमंत्री जसवन्त सिंह सैनी ने सम्बोधित करते हुए चक्रवर्ती सम्राट अशोक के बारे में विस्तार से बताया व छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने सम्बोधित किया कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक विश्वप्रसिद्ध एवं शक्तिशाली भारतीय मौर्य राजवंश के महान सम्राट थे उनका राजकाल 269 ईसा पूर्व से 232 प्राचीन भारत में था सम्राट अशोक ने बार बार घोषणा की कि वह धर्म को ईमानदारी, सच्चाई, करुणा, दया, परोपकार, अहिंसा,सभी के प्रति विचारशील,व्यवहार, थोड़ा पाप और बहुत सारे अच्छे कर्म अपव्यव न करना लालच न करना और जानवरों को चोट न पहुंचना जैसे सामाजिक नैतिक गुणों का ऊर्जावान अभ्यास समझता है उन्होंने धार्मिक पंथ या पूजा के किसी विशेष तरीके या किसी दार्शनिक सिद्धान्त की बात नहीं की उन्होंने बौद्ध धर्म के बारे में केवल अपने सह धर्मियों से बात की दूसरों से नहीं सभी धार्मिक संप्रदायों के प्रति उन्होंने सम्मान की नीति अपनाई और उन्हें अपने सिद्धान्तों के अनुसार जीने की पूरी स्वतंत्रता की गारन्टी दी इस प्रकार तमाम बातों को विस्तार से बताया इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक एवं कोऑपरेटिव के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्य, राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा, सिराथू ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्य, वरिष्ठ भाजपा नेता भोलेशंकर कुशवाहा, सहित सम्मानित जनता उपस्थित रही।

# महान पुरुषों के विचारों को व उनके किए गए कार्यों को नहीं भूलेगी कांग्रेस : गौरव पाण्डेय



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** आज क्षेत्रीय कार्यालय चायल विधानसभा में देश के पहले दलित उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम और भगवान राम को अपनी नाव से गंगापार कराने वाले निषादों के राजा प्रयागराज जैसी राजधानी के राजा निषादराज गुह की जयन्ती पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके विचारों को व भगवान राम के बताए गए मार्ग पर चलने का प्रण लिया गया।यह कार्यक्रम कौशाम्बी कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय की अगुवाई में व मुख्य अतिथि के रूप में राम बहादुर त्रिपाठी पूर्व प्रदेश सचिव एवं कार्यक्रम का नेतृत्व अलकमा उस्मानी ने किया।इस मौके पर बोलते हुए पूर्व प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए बाबू जगजीवन राम जी के विचारों को याद किया एवं निषादों के राजा निषादराज गुह को प्रणाम करते हुए उनके उपदेशों को जनता तक बताया भगवान राम पर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार को निषाद राज से सीख लेनी चाहिए की किस प्रकार एक महाप्रतापी राजा भगवान को अपनी नाव में बैठकर श्रद्धापूर्वक उन्हें पार उतारा बिना किसी स्वार्थ के यहां भाजपा सरकार भगवान के नाम पर राजनीतिक कर रही है यह बहुत ही दुःखद है।इस मौके पर कांग्रेस नेता अलकमा उस्मानी ने महापुरुष पहले दलित उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके विचारों को बताएं एवं कहा संसदीय जीवन में राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा एवं समर्पण बेमिसाल रही है उनका सम्पूर्ण जीवन राजनीतिक सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियां से भरा हुआ है सदियों से शोषित और उत्पीड़ित दलित मजदूर के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए जगजीवन राम के द्वारा किए गए कानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं ऐसे महान पुरुष को मैं शत-शत नमन करता हूं।इस मौके पर बोलते हुए कार्यालय प्रभारी हेमन्त रावत ने दलित समाज के पहले उप -प्रधानमंत्री को कहा कि बाबू जगजीवन राम जी का ऐसा व्यक्तित्व था जिन्होंने कभी भी अन्याय से समझौता नहीं किया और दलितों के सम्मान के लिए हमेशा संघर्षरत रहे वो विद्यार्थी जीवन में ही उन्होंने अन्याय के प्रति आवाज उठाई बाबू जगजीवन राम जी का भारत में संसदीय लोकतंत्र के विकास में महती योगदान रहा दलितों को उनका अधिकार दिलाने वाले बाबू जगजीवन राम जी हैं।कार्यक्रम में उपस्थित - सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव एडवोकेट मोहम्मद मसरूर उर्फ शाहरुख, शाहिद, आशीष शुक्ला, सुनील, धर्मेंद्र, राज चौधरी, दिनेश कन्नौजिया, रजत गौतम, यूसुफ जमा, बाल कृष्ण कुशवाहा, नीरज यादव समेत समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दबगों ने पुजारी को घर में घुस पीटा घर में कैद, शिकायत

**कौशाम्बी।** गांव में रह रहे अकेले पुजारी परिवार को पहले तो दबंगों ने मंदिर में पूजा करने से रोक दिया जब वह नहीं माना इन दबंगों ने उसे मारपीट कर उसके ही घर में कैद कर दिया। हंगामा होने पर किस तरह गांव के लोगों ने पीड़ित पुजारी को छुटाया लेकिन दबंग अब भी लगातार उन्हें धमकी दे रहा है डरा सहमा पुजारी परिवार शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। अपने शिकायती पत्र में पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए चंदू भूषण पुत्र संकटा प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम फादिलाबाद थाना करारी ने बताया कि पूजा- पाठ कार्य करके अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता है। गांव के ही सत्य विजय पुत्र बच्चू लाल यादव, विकांशु पुत्र विक्रम, अनुज व संदीप यादव पुत्रगण भूलन राजू पुत्र अमरसिंह यादव गांव के रहने वाले शोरपुस्त और दबंग व्यक्ति हैं जो कि गांव में बने मंदिर पर ताला लगा दिया कि तुम लोग पूजा नहीं करोगे। जब हम लोगों ने पूजा करने का प्रयास किया तो यह सभी हमारे घर पर चढ़ आए और घर में घुस मारपीट करने लगे।

# 04 एवं 5 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार एवं शनिवार ( दो दिवसीय)शैक्षणिक एवं सृजनात्मक कार्यक्रम का डॉ.ए.एच.रिजवी डिग्री कॉलेज करारी कौशाम्बी में किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**करारी, कौशाम्बी।** जनपद डॉ. ए. एच. रिज़वी डिग्री कालेज करारी कौशाम्बी में छात्र एवं छात्रों के व्यक्तित्व को निखारने के उद्देश्य से महाविद्यालय में दो दिवसीय शैक्षणिक एवं सृजनात्मक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम के प्रथम दिवस छात्रों के बीच मेहन्दी, पोस्टर, निबन्ध लेखन, वाद-विवाद, गीत एवं कविता आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जिसमें प्रतिभागी छात्र गुलाम मोहिउद्दीन, अचिन्त्य कुमार मिश्रा, रश्मि वर्मा, दिशा अवस्थी, विवेक पाण्डेय, अर्शिया फातिमा, पंकज कुमार, हेमन्त कुमार, सृष्टि एवं सरिता साहू ने तथा अगले दिन शनिवार दिनांक 5.4.2025 को गायन,डांस,मोनो एक्टिंग, कत्थक डांस, और ग्रुप डांस में नुसरत फातिमा, इशरत फातिमा, श्रेया मिश्रा,अनामिका केशरवानी, शैलजा, इमरोज अली,मनीषा कुशवाहा, तथा नीलम विश्वकर्मा ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं बी.कॉम विभागाध्यक्ष अवधेश मिश्रा के दिशा निर्देशन में विभाग के छात्र छात्राओं ने अदरक एवं लहसुन रेस्टोरेन्ट का आयोजन करके स्वादिष्ट व्यंजनों का इन्स्टॉल लगाकर आए हुए अतिथियों को स्वाद के चटखारे लगवाए।इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबन्धक कर्रार हुसैन रिज़वी,डॉ अनिल कुमार विभागाध्यक्ष मैथेमेटिक्स महामाया राजकीय डिग्री कॉलेज ओसा मंझनपुर,डॉ योगेश मिश्रा विभागाध्यक्ष जन्तु विज्ञान भवन्स मेहता महाविद्यालय भरवारी अतिथि के रूप में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. साकिब तौफीक अहमद, बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ राजेश सक्सेना ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। गतिविधियों को प्रबंधित करना थोड़ा कठिन हो सकता है, लेकिन यही संतुलन ही आपको जिंदगी के अहम पाठ पढ़ायेगा। इन गतिविधियों के दौरान आप अपने लिए नए जुनून व शौक तलाशने और दोस्त बनाने के अलावा अपनी छिपी हुई प्रतिभा की तलाश कर सकते हैं। पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों को प्रबन्धित करना आपके लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। ऐसे में दोनों के बीच सन्तुलन बनाने के लिए कुछ जरूरी बातों पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जितेन्द्र कुमार वर्मा ने किया एवं कार्यक्रम की समस्त रूपरेखा मनोज कुमार ने तैयार की ।

# संक्षिप्त ख़बरें

## नव प्रवेशित बच्चों का विद्यालय में उपजिलाधिकारी ने किया स्वागत



**सिद्धार्थनगर।** बढ़नी विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गोल्हौरा मुस्तहकम में नव प्रवेशित बच्चों का स्वागत व प्रगतिपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी राहुल सिंह ने नव प्रवेशित बच्चों का रोली टीका लगाकर, फूलों की माला से स्वागत अभिनन्दन किया। विद्यालय के कक्षा टॉपर्स सहित सभी विद्यार्थियों के बीच प्रगतिपत्र का वितरण किया। बच्चों व अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि ये चमकते, मुस्कराते बच्चे देश के कर्णधार हैं। इनका भविष्य शिक्षकों द्वारा दी जाने वाली गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व अभिभावकों की बेहतर परवरिश पर निर्भर है। कहा कि नैतिक जिम्मेदारी का पालन कर जिम्मेदार लोगों को सकारात्मक कार्य करने की आवश्यकता है। एसडीएम ने विद्यालय के सक्रिय पुस्तकालय, टीएलएम, खेल कूद सामग्री, कक्षा शिक्षण व्यवस्था ,परिसर की साफ सफाई व बागवानी आदि को देखकर शिक्षकों के कार्यों को सराहा। एसडीएम के हाथों से स्कूल के कक्षा एक से आठ तक टॉपर्स अफान मलिक, अनमोल चौधरी, अनन्या शर्मा, आराध्या गुप्ता, अंकुश विश्वकर्मा, ऋतिक, शालिनी चौधरी, अंशिका गुप्ता, आलोक कुमार, करन, आदित्य यादव, शिव यादव, कौशल चौधरी, अनूप कुमार, अमित कुमार, सोनू विश्वकर्मा, सूरज, रागिनी गुप्ता, सुनील ,सुशीला, सनी, पंकज, अनीशा, जावेद व अन्य बच्चों ने प्रगतिपत्र पाकर खुशी जताया। इस दौरान प्रधानाध्यापक आसुतोष सिंह, एसएमसी अध्यक्ष राममिलन, झकरी यादव,अश्वनी चौबे, बाबूलाल प्रसाद, अभिनव मिश्रा, सुप्रिया राय,धर्मेन्द्र विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## कंबाइन से लगी आग दो सौ बीघा गेहूं कि फसल जल कर हुई राख



**सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक गांव के सिवान शनिवार को आग की चपेट में आ गए, जिसमें लगभग 3 सौ बीघा गेहूं की खड़ी फसल जहां जलकर खाक हो गई। इटवा तहसील क्षेत्र के भरवलिया, करही खास, मऊ नानकार, हिलंगी नानकार से गेहूं का डंठल जलते हुए आग बांसी तहसील क्षेत्र के ढेढुआ में भयावह रूप धारण कर लिया। ग्रामीण गांव बचाने में जुट गए, लेकिन आग सरांव के सिवान से गोल्हौरा व बरांव नानकार के बीच से होते हुए तिवारीपुर, पिपरी तक पहुंच गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद देर सायं आग पर काबू पाया। तिवारीपुर में लगभग सौ बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हुई है। गांवों के सिवान में सैकड़ों एकड़ भूसा बनाने के लिए खड़ी डंठल जलकर राख हो गई। शनिवार अपराह्न लगभग 1 बजे थाना क्षेत्र के ही गैर आबाद गांव मनधरापुर के सिवान में गेहूं की कटाई कर रही कम्बाइन मशीन से आग लग गई। तेज पछुआ हवा के चलने से आग ने भयावह रूप धारण कर लिया, और जाल्हेखोर, मेंचुका, डडवा घाट, बनौली से तेलौरा घाट के सिवान तक फैल गई। जिससे इन गांवों के किसानों का लगभग दो सौ बीघा गेहूं की फसल के अलावा कई बीघा डंठल जल गई है। जिस कम्बाइन से आग लगी है उसी से बीते दिन शुक्रवार को भी भैंसठ में आग लगी थी। जिसपर ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत कर काबू पा लिया था। लोगों की मानें तो यदि कम्बाइन स्वामी के खिलाफ शुक्रवार को ही प्रशासन विधिक कार्रवाई कर देतातो यह घटना नही हुई होती। थाना क्षेत्र में हुई तीसरे दिन तक की अगलगी की घटना में जहां लगभग 2 हजार बीघा गेंहू की फसल जली होगी। हजारों बीघा भूसा बनाने के लिए गेहूं का डंठल राख में तब्दील हो गया।

## तहसील दिवस में पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

**चित्रकूट।** तहसील दिवस कर्वी में एक पीड़िता ने प्रशासन के समक्ष अपनी व्यथा रखी और शीघ्र न्याय की मांग की। प्रार्थी राजू पटेल पुत्र द्वारिका प्रसाद, निवासी ग्राम हरिहरपुर, थाना-भरतकूप, तहसील कर्वी, जिला चित्रकूट ने अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि उनका निर्माण कार्य अवैध रूप से रोक दिया गया है, जिसके कारण उन्हें भारी मानसिक और आर्थिक नुकसान हो रहा है। राजू पटेल ने बताया कि वह ग्राम अकबरपुर, खाता संख्या 398 के तहत 0.158 हेक्टेयर भूमि के मालिक हैं, और 1996 में उन्होंने इस भूमि पर मकान का निर्माण शुरू किया था। हालांकि, उन्होंने कुछ हिस्से में मकान बनवाया था और बाकी भूमि खाली पड़ी थी। लेकिन जब उन्होंने निर्माण कार्य को फिर से गति दी, तो गांव की निवासी विद्या देवी ने थाना भरतकूप में प्रार्थना पत्र देकर इस निर्माण को रुकवा दिया। इसके बाद पुलिस ने निर्माण कार्य रोक दिया, जिससे उनका काम पिछले दो महीने से रुका पड़ा है। राजू पटेल ने अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि उनका निर्माण कार्य तुरंत शुरू किया जाए और जिन लोगों ने अवैध रूप से उनका काम रुकवाया है, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास इस भूमि और निर्माण कार्य के लिए सभी आवश्यक कानूनी दस्तावेज मौजूद हैं, लेकिन फिर भी उनका कार्य रुकवा दिया गया है। इस कारण उन्हें भारी मानसिक दबाव और आर्थिक नुकसान हो रहा है। प्रार्थी ने प्रशासन से न्याय की अपील की और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रशासन उनके मामले में उचित कार्रवाई करेगा, ताकि उनका निर्माण कार्य फिर से शुरू हो सके और उन्हें न्याय मिल सके।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज से 18 एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर डीएम ने किया रवाना

- जनपद के दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को समय पर मिलेगा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोणडा।** शनिवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के 108 एवं 102 की एंबुलेंस वहां को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि अब स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं को और मजबूती मिलेगी साथ ही साथ जनपद के आम जनमानस को समय से मिलेगी चिकित्सा सुविधा।स्वास्थ्य विभाग की पहल देखने को मिली जब राजकीय मेडिकल कॉलेज गोंडा से 108 एवं 102 सेवा की कुल 18 एंबुलेंस वाहनों को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक औपचारिकता थी, बल्कि यह गोंडा की आम जनता के लिए सरकार द्वारा समर्पित एक सशक्त सन्देश भी था कि अब इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं में कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। इन एंबुलेंसों के माध्यम से जनपद के दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को समय पर प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। 108 सेवा जहां इमरजेंसी केसों-जैसे दुर्घटनाएं, हृदयघात, प्रसव जैसी स्थितियों में तत्काल प्रतिक्रिया देने के लिए जानी जाती है, वहीं 102 सेवा विशेषकर गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा के रूप में कार्यरत है। ऐसे में दोनों सेवाओं का विस्तार गोंडा जैसे अपेक्षाकृत पिछड़े जनपद के लिए वरदान सिद्ध होगा।कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाएं तभी प्रभावशाली बन सकती हैं जब उनका क्रियान्वयन ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि 108 और 102 जैसी सेवाएं सिर्फ नंबर नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद जीवन रेखा हैं।उन्होंने सभी एंबुलेंस चालकों और तकनीकी स्टाफ को निर्देशित किया कि वे निष्ठा और मानवता के भाव से कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि मरीजों को समय पर सेवा मिले। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से यह भी कहा कि प्रत्येक एंबुलेंस का ट्रैकिंग सिस्टम सक्रिय रहेगा और नियंत्रण कक्ष के माध्यम से उनकी निगरानी की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा, मेडिकल कॉलेज के नोडल अधिकारी डॉक्टर कुलदीप पांडेय सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण को लेकर मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोण्डा।** वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण को लेकर मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर उपहार दिया गया। कस्बा आर्य नगर में संचालित स्वामी दयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के परिसर में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । विद्यालय में नवीन सत्र शुभारंभ के अवसर पर सरस्वती पूजन एवं सुन्दर कांड पाठ कर प्राथमिक स्तर में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्रा सलोनी मौर्य तथा जूनियर स्तर में सर्वाधिक अंक पाने वाले छात्र आफताब आलम को साइकिल उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सुधाकर पांडेय ने बताया कि कक्षा एलकेजी से एकादश तक के अपनी कक्षा में प्रथम ,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही विज्ञान मेला , रंगोली प्रतियोगिता ,कलश प्रतियोगिता तथा प्रतिभा खोज परीक्षा पुरस्कार पाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर उपहार दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज पाठक , ओंकार नाथ, वासुदेव, राजकुमार, ओमप्रकाश,शुभम पांडेय, नीतीश तिवारी, इंद्रजीत नंद प्रसाद, चांदनी,पूजा, चंचल,शिव प्रकाश,हरिचंद रोली,अभिभावक राजेश मिश्रा अमित सिंह,राम प्रकाश शर्मा, राजकुमार गुप्ता,सत्यम शुक्ला गीता देवी आदि लोग उपस्थित रहे।





## कार्यालय ग्राम पंचायत गौनरिया वि0खं0 रुपईडीह जिला गोंडा

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26** **दिनांक .03/04/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गौनरिया में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12ः00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 03ः00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. अन्य वांछित सामग्री इत्यादि ।

**हरिशंकर अवस्थी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत गौनरिया**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

**प्रिंस मिश्रा**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत गौनरिया**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रज्जनपुर वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26** **दिनांक .02/04/2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रज्जनपुर में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 12ः00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 03ः00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**गीता देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रज्जनपुर**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

**राजकुमार**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रज्जनपुर**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पेडारेगढवा वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

**पत्रांक- मेमो/टेंडर/विविध/2025-26** **दिनांक .02/04/2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पेडारेगढवा में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मो से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 11/04/2025 को दिन के 10ः00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 12ः00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**सीता देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत पेडारेगढवा**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

**राजकुमार**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत पेडारेगढवा**
**वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पकड़ी उर्फ मुडिला विकास खण्ड- बर्डपुर, जनपद- सिद्धार्थनगर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत पकड़ी उर्फ मुडिला विकास खण्ड - बर्डपुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/15 वॉ वित्त स्वच्छ भारत मिशन/अन्य योजनांतर्गत 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट, बालू , सीमेंट, सरिया , मोरंग , इंटरलाकिंग ईट , हयूम पाईप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित किया जाता है, इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 11/ 04/2025 तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत पकड़ी उर्फ मुडिला सुबह 10:00 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी धरोहर की धनराशि रूश 5000 ( पाँच हजार) होगी।

**नियम एवं शर्ते**

1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5- जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी/एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय । 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7- सामग्री की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है। 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा। 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीकी जाएगी। 11- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा । 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत पकड़ी उर्फ मुडिला
के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है । 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी । 15 निविदा फार्म ग्राम पंचायत पकड़ी उर्फ मुडिला कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 ( एक सौ रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा । 16- सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत पकड़ी उर्फ मुडिला के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । 17 स्ट्रीट लाइट, अत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन, बारातघर, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि ।

**ग्राम प्रधान- सलाहुद्दीन**
**ग्राम पंचायत- पकड़ी उर्फ मुडिला**
**विकास खण्ड - बर्डपुर , जनपद- सिद्धार्थनगर**

**अंकित कुमार शुक्ल**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत गायघाट विकास खण्ड- बर्डपुर, जनपद - सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गायघाट विकास खण्ड - बर्डपुर, जनपद -सिद्धार्थनगर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत गायघाट विकास खण्ड - बर्डपुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/15 वॉ वित्त स्वच्छ भारत मिशन/अन्य योजनांतर्गत 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट, बालू, सीमेंट, सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग ईट , हयूम पाईप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित किया जाता है, इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15/4/2025 तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत गायघाट सुबह 09:00 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 10:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी धरोहर की धनराशि रूश 5000 ( पाँच हजार ) होगी ।

**नियम एवं शर्ते**

1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है । 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी। 5- जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी / एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय । 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी । 7- सामग्री की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है। 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा । 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा। 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नही की जाएगी । 11- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा । 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत गायघाट के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है । 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15 निविदा फार्म ग्राम पंचायत गायघाट कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा । 16- सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत गायघाट के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । 17 स्ट्रीट लाइट, अत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन, बारातघर, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- श्रीमती सोनिया**
**ग्राम पंचायत- गायघाट विकास खण्ड - बर्डपुर, जनपद- सिद्धार्थनगर**

**अंकित कुमार शुक्ल**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत गायघाट विकास खण्ड- बर्डपुर, जनपद - सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सूर्य कुड़िया विकास खण्ड- शोहरतगढ़, जनपद -सिद्धार्थनगर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत सूर्य कुड़िया कास खण्ड - शोहरतगढ़ द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना / राज्य वित्त / 15 वॉ वित्त स्वच्छ भारत मिशन /अन्य योजनांतर्गत 2025-26 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट, बालू, सीमेंट, सरिया, मोरंग , इंटरलाकिंग ईट , हयूम पाईप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमन्त्रित किया जाता है, इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 15/4/2025 तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत सूर्य कुड़िया दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय में निविदा बाक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 2:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी धरोहर की धनराशि रू0 5000 (पाँच हजार) होगी।

**नियम एवं शर्ते**

1- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा। 2- आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है । 3- ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा। 4- सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी । 5- जो दरें प्रस्तुत की जाए वह जीएसटी / एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय । 6- सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी। 7- सामग्री की मात्रा घटाई बढाई जा सकती है । 8- प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा । 9- आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा । 10 ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नही की जाएगी। 11- निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा। 12- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक /अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा । 13- धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी एवं एनएससी / डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सूर्य कुड़िया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 14- आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। 15 निविदा फार्म ग्राम पंचायत सूर्य कुड़िया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 ( एक सौ रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा। 16- सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत सूर्य कुड़िया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । 17 स्ट्रीट लाइट, अत्येष्टि स्थल, पंचायत भवन, बारातघर, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- श्रीमती संगीता देवी**
**ग्राम पंचायत- सूर्य कुड़िया विकास खण्ड- शोहरतगढ़ , जनपद- सिद्धार्थनगर**

**रामस्वरूप गुप्ता**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत सूर्य कुड़िया विकास खण्ड-शोहरतगढ़, जनपद - सिद्धार्थनगर**

# भारत के पसमान्दा मुसलमानों की पहचान





हाल ही में संसद में पारित मुस्लिम वक्फ बोर्ड विधेयक में जिस तरह पसमान्दा मुसलमानों को प्रतिनिधित्व दिये जाने का प्रावधान किया गया है उससे यह बहस पुनः खड़ी हो गई है कि मुस्लिम सम्प्रदाय में सामाजिक बंटवारा किस तरह है। सबसे पहले यह समझा जाना चाहिए कि भारत में 90 प्रतिशत के लगभग पसमान्दा मुसलमान हैं जिनकी पहचान उनके पेशे को देख कर की जाती है। ये मुसलमान 1947 में भारत के बंटवारे के सख्त खिलाफ थे जिसकी सनद यह है कि जब 23 मार्च 1940 को मुहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग ने अपने लाहौर अधिवेशन में मुसलमानों के लिए अलग से पाकिस्तान बनाने की मांग की तो इसके कुछ दिनों के बाद ही दिल्ली में अप्रैल महीने में मुसलमानों की एक विशाल जनसभा हुई जिसमें मुसलमानों की ही एक दर्जन से ज्यादा संस्थाओं ने शिरकत की और भारत को तोड़ कर पाकिस्तान बनाये जाने की मांग का कड़ा विरोध किया। इस सभा में सरहदी गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान मौजूद थे और सिन्ध प्रान्त के मुख्यमन्त्री अल्लाबख्श सुमरू भी थे जिनकी इत्तेहाद पार्टी थी। इन नेताओं के अलावा जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सरपरस्त मौलाना मदनी भी थे। इसके साथ ही मोमिन कान्फ्रेंस के नेता लोग भी थे। इसमें ऐलान किया गया कि भारत के मुसलमान अपनी जमीन और धंधा छोड़ कर किसी दूसरे देश में नहीं जायेंगे क्योंकि यही उनका मादरे वतन है। तत्कालीन सरकार ने उनकी मांग अनसुनी कर दी क्योंकि जिन्ना की मुस्लिम लीग में उस समय के सभी बड़े-बड़े जमींदार और खान बहादुर शामिल थे। इन लोगों में डर बैठ गया था कि अगर आजादी मिलने पर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आयी तो वह जमींदारी प्रथा को समाप्त कर देगी और नई हुकूमत में उनकी हैसियत कमतर रहेगी। इसका डर इस वजह से था क्योंकि 1936 के लखनऊ में हुए कांग्रेस अधिवेशन की सदारत करते हुए पं. जवाहर लाल नेहरू ने साफ कर दिया था कि आजाद भारत में सोवियत संघ की तर्ज पर समाजवादी आर्थिक नीतियां लागू होंगी। इससे बड़े मुस्लिम जागीरदारों व सरमायेदारों में खौफ पैदा हो गया था और उन सभी ने जिन्ना की मुस्लिम लीग का साथ देने का मन बनाया। यही वजह रही कि पूरे आजादी के आन्दोलन में मुस्लिम लीग ने कभी एक घंटे के लिए भी कोई आन्दोलन नहीं किया और इसके किसी नेता ने एक दिन की भी जेल नहीं काटी, इसके बावजूद अंग्रेजों का साथ देकर पाकिस्तान ले लिया। इस ऐतिहासिक सत्य को आजादी के 76 वर्ष पूरे हो जाने पर भी कोई काट नहीं सकता है।

23 मार्च 1940 में लाहौर में मुस्लिम लीग ने जो प्रस्ताव पारित किया था उसमें मूल मांग की गई थी कि भारत के उन राज्यों को मुस्लिम राज्य बनाया जाये जहां मुसलमान बहुसंख्या में हैं। ऐसे राज्यों में पंजाब व बंगाल थे जिन्हें अन्ततः 1947 में बांट कर धर्म के आधार पर पाकिस्तान बनाया गया। मगर यह बंटवारा भारी रक्तपात के साथ हुआ जिसमें लाखों लोग शहीद हुए और बेघर बार हुए। सबसे ज्यादा रक्तपात पंजाब में हुआ। दिसम्बर 1947 तक पूरे पंजाब से हिन्दू व सिखों को अपनी जान बचा कर भागना पड़ा जिसकी प्रतिक्रिया भारत के हिस्से में आये पूर्वी पंजाब में भी हुई। मगर भारत के पसमान्दा मुसलमान ऐतिहासिक रूप से भारत के साथ हैं जिसका प्रमाण हमें 1857 की क्रान्ति के बाद सर सैयद अहमद खां द्वारा लिखी पुस्तक 'असबाबे बगावते हिन्द' में मिलता है। सर सैयद ने इस पुस्तक के माध्यम से अंग्रेजों को आगाह किया कि वे फौज से लेकर अन्य सामाजिक क्षेत्रों में हिन्दू-मुसलमानों के बीच दोस्ती न होने दें और उन्हें अलग-अलग रखने की तजवीज ढूंढे। 1857 की क्रान्ति में हिन्दू व मुसलमान दोनों ने मिल कर अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कम्पनी का विरोध किया था। सर सैयद ने इस मुहिम में शामिल मुसलमानों की शिरकत के बारे में कहा कि मुसलमानों के अशराफिया कहे जाने वाले लोगों ने इस गदर में भाग नहीं लिया और कुछ 'कमजात' मुसलमानों ने ही इसमें हिस्सा लिया जिनमें जुलाहे, दर्जी व रफूगर वगैरा किस्म के लोग शामिल थे। इसलिए पसमान्दा मुसलमानों को कम जात बताने का काम सर सैयद ने खुल कर किया।

यह सबूत है कि भारत के पसमान्दा मुसलमान देशभक्ति में किसी हिन्दू से पीछे नहीं हैं। यह इस बात का भी प्रमाण है कि खुद को अशराफिया मुसलमानों की श्रेणी में रखने वाले सर सैयद ने ही यह स्वीकार किया कि मुसलमानों में जातियां होती हैं। इसलिए स्वतन्त्र भारत में जब भी मुसलमानों के प्रतिनिधित्व की बात आयेगी तो पसमान्दा मुसलमानों का जिक्र छिड़ेगा क्योंकि 2006 में मुसलमानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति जानने के लिए गठित सच्चर समिति ने अपनी रिपोर्ट में साफ लिखा है कि भारत के मुसलमानों की स्थिति अनुसूचित जातियों व जनजातियों के लोगों से भी बदतर है। इस बारे में हकीकत यह भी है कि पसमान्दा मुसलमान अधिकतर वे हैं जिनके पुरखों ने अपना धर्म बदल कर इस्लाम धर्म कबूल किया था। मगर आजादी के बाद जो भारत की सरकारों से गलती हुई है वह यह है कि मुसलमानों में प्रगतिशील सोच पैदा करने के बजाये उन्हें मुल्ला- मौलवियों व उलेमाओं के भरोसे छोड़ दिया गया। उन्हें धार्मिक स्वतन्त्रता देकर यह समझा गया कि उनकी आर्थिक व सामाजिक समस्याएं निपट जायेंगी। जबकि दूसरी तरफ हिन्दू समाज में प्रगतिशीलता आती गई जिसमें सरकारी नीतियों का भी योगदान रहा। मुस्लिम समाज में खास कर पसमान्दा समाज में शिक्षा के प्रति कोई जागृति पैदा नहीं की गई जिसकी वजह से उनका सामाजिक व आर्थिक उत्थान नहीं हो पाया और इनकी सियासी रहनुमाई उन धार्मिक नेताओं के हाथ में रही जो इन्हें मजहबी रवायतों का गुलाम बना कर अपनी मनसबदारी सिद्ध करना चाहते थे।

इसके साथ मगर यह भी सत्य है कि मुसलमानों ने आजाद भारत में मौलाना अबुल कलाम आजाद के बाद किसी भी मुस्लिम नेता को अपना रहनुमा नहीं बनाया और ये कांग्रेस पार्टी के हक में ही रहे जिसे नब्बे के दशक में मंडल आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता पार्टी व जनता दल जैसी सियासी तंजीमों ने तोड़ा। मगर अफसोस यह रहा कि इन पार्टियों ने भी मुसलमानों को वोट बैंक ही समझा। बेशक स्व. मुलायम सिंह यादव ने इस तरफ कुछ सकारात्मक कदम उठाये और उत्तर प्रदेश में मुस्लिम लड़कियों की तालीम की तरफ ध्यान दिया। मगर मुद्दा यह है कि मुस्लिम वोट बैंक किस तरह बना जिसका 90 प्रतिशत हिस्सा पसमान्दा मुसलमान है।

भारत का संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की छूट नहीं देता है जिसकी वजह से पसमान्दा मुसलमानों को पढ़-लिख कर केवल मंडल आयोग के तहत ही आरक्षण दिया जा सकता है। इसलिए बहुत से राज्यों में पिछड़े वर्ग की श्रेणी में मुसलमानों को डाला गया है। मगर मुस्लिम उलेमा इस्लाम में जातिवाद के वजूद को ही नकारते हैं और कहते हैं कि मुसलमानों में कोई जाति नहीं होती जबकि जमीन पर हम देखते हैं कि जिन अनुसूचित या पिछड़ी जातियों के मुसलमानों ने सदियों पहले अपना धर्म परिवर्तन किया था उनके साथ आज भी दोयम दर्जे का व्यवहार होता है। धर्म के नाम पर इस व्यवस्था को मजबूत किया गया है। अतः पसमान्दा मुसलमानों को खुद ही सोचना होगा कि उनके सामाजिक-आर्थिक विकास की गति बदलते समय के अनुसार ही हो। इसका सबसे बड़ा रास्ता भारत का लोकतन्त्र खोलता है। राजनीति में अगर यह समाज अपना हिस्सा चाहता है तो उसके रहनुमाओं को मुखर होकर आगे आना पड़ेगा क्योंकि राजनैतिक भागीदारी ही हर क्षेत्र में विकास की खिड़की खोलती है। मुसलमानों में हक की लड़ाई केवल धर्म में नहीं होती बल्कि यह समाज में भी होती है पसमान्दा मुसलमानों को अब अपने हकों की पहचान करनी चाहिए। लोकतन्त्र में किसी भी पार्टी का वोट बैंक बन जाना अपने हकों से बेपरवाह होने जैसा ही होता है। मुसलमानों के वोटों की ठेकेदारी कैसे की जा सकती है जबकि इस देश का प्रत्येक मतदाता स्वयंभू है और अपने वोट का मालिक है।

# ये आग कब बुझेगी मी लार्ड ?

आज मी लार्ड का सम्बोधन किसी न्यायाधीश के लिए नहीं बल्कि कल्कि अवतार उन नेताओं के लिए है जिन्होंने देश में मजहब के नाम पर साम्प्रदायिकता की आग को और हवा दे दी है। कितनी बिडम्वना है कि इस देश में जहाँ सरकार ईद की नामज छतों पर और सड़कों पर पढ़ने से रोकती है वहीं दूसरी और बंगाल में राम नवमी का जुलूस प्रतिबंधित किया जाता है। जाहिर है कि हमारे मुल्क में न राम राज आया है और न अंग्रेजी तथा मुगल राज समाप्त हुआ है। हमारे मुल्क में सभी को कुछ भी करने की आजादी है। हम सचमुच में आजाद हिन्द की फ़ौज हैं। इधर संसद के दोनों सदनों में विवादास्पद वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पारित हुआ और उधर कुछ हिन्दू अतिवादी संगठन सम्भल में जामा मस्जिद में हवन करने जा धमके। ये हौसला इन संगठनों को कहाँ से मिलता है ,ये बताने की जरूरत नहीं है।

वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक 2024 पारित होने के बाद अब जब क़ानून बनेगा तब पता चलेगा कि मुल्क के कितने लाख या करोड़ मुसलमानों का भला होगा, फिलहाल तो राजनीतिक दलों में इसी मसले पर फूट और उत्तरप्रदेश सरकार की तैयारी देखने लायक है। उसने वक्फ सम्पतियों का सर्वे शुरू करा दिया ह। नए वक्फ बोर्ड क़ानून के खिलाफ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्रदर्शन शुरू होगये हैं। लेकिन सरकार बेफिक्र है, क्योंकि उसने जैसा चाहा था वैसा ही हो रहा है। सरकार इस नए कानून के बहाने मुसलमानों की ताकत का आकलन करना चाहती है।ाल इंडिया मुस्लिम परसनल बोर्ड ने राष्ट्रपति जी से तत्काल मुलाक़ात का समय माँगा है। मुस्लिम परसनल ला बोर्ड को पता नहीं क्यों राष्ट्रपति से कोई उम्मीद है ,जबकि सब जानते हैं की हमारे देश में राष्ट्रपति महोदय केवल दही -मिश्री खिलाने के लिए हैं ,न की सरकार की कान-कुच्ची करने के लिए।

सरकार के फैसले को शिरोधार्य करने के बजाय मुसलमान सड़क पर उतर गए हैं। देश के कोने-कोने में इस संशोधन विधेयक के खिलाफ मुसलमानों ने आंदोलन करना शुरू कर दिया है। कोलकाता, हैदराबादा, मुंबई समेत देश के अलग-अलग स्थानों पर मुसलमानों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस बीच ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इस बिल के पास होने पर इसे जम्हूरियत के लिए काला अध्याय और कलंक बताया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का कहना है कि सत्ताधारी लोग ताकत के नशे में मदहोश होकर आगे बढ़ रहे हैं। सरकार ने मुस्लिमसंगठनों और मुसलमानों की आवाज को नहीं सुना। इसके खिलाफ मुसलमान शांत नहीं बैठेगा और पूरे देश में प्रदर्शन किए जाएंगे।जबाब में दिल्ली के जामिया इलाके में पुलिस ने आज फ्लैग मार्च निकाला। बता दें कि दिल्ली में इस बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन होने की संभावना के बीच आरपीएफ ने फ्लैग मार्च निकाली और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक पर सरकार के साथ खड़ी जेडीयू भी अब दो फाड़ होती दिखाई दे रही है । जंयन्त चौधरी की रालोद भी मुश्किल में है। मुश्किल में तो पूरा देश है लेकिन इस मुश्किल से सरकार अनजान बनी हुई है। एक तरफ वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक का विरोध और दुसरे तरफ बंगाल में रामनवमी जुलूस पर पाबन्दी से तनाव सरकार के ध्रुवीकरण अभियान के लिए शुभ संकेत दे रहा है। भाजपा और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार शायद चाहती ही ये है कि देश में हिन्दूओं और मुसलमानों के बीच एक विभाजक रेखा खिंच जाये। भाजपा और संघ के अभियान का एक




अभिन्न हिस्सा बने मध्यप्रदेश के धीरेन्द्र शास्त्री का हौसला तो देखिये की वे अपने गृहक्षेत्र में एक हिन्दू गांव बसने जा रहे हैं और सरकार कुछ नहीं कह रही। क्या हमारा संविधान इस तरह की मूर्खताओं की इजाजत देता है ?

पश्चिम बंगाल के हावड़ा में रामनवमी पर जुलूस निकालने को लेकर हिंदू संगठनों और पुलिस प्रशासन के बीच ठन गई थी. पुलिस ने इसकी परमिशन नहीं दी तो संगठन कलकत्ता हाई कोर्ट चले गए. अब कोर्ट ने उन्हें रैली निकालने की सशर्त परमिशन दे दी है. कोर्ट ने इजाजत देते हुए कहा कि रामनवमी पर रैली के दौरान जुलूस के आगे-पीछे पुलिस लगी रहेगी. किसी भी तरह के हथियार ले जाने की परमिशन नहीं होगी. दोपहर 12 बजे तक हर हाल में रैली का समापन कर देना है। बंगाल में न्यायपालिका ठीक वैसे ही काम कर रही है जैसा की उसे करना चाहिए। अदालत ने भी हिन्दू संगठनों को उस तरह से नहीं रोका जिस तरह से उत्तर प्रदेश की सरकार ने मुसलमानों को सड़क पर नमाज करने से रोका था। आखिर अदालत में भी तो हम और आप जैसे ही लोग हैं मी लार्ड ! अब जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की है कि वे सौहार्द बिगड़ने न दें। देश को साम्प्रदायिकता की आग में झुकने के बाद देश के प्रधानमंत्री निश्चिंत होकर विदेश यात्रा पर है। प्रधानमंत्री जी थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में हो रहे बिम्स्टेक (बे ऑफ़ बंगाल इनिशिएटिव फ़ॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन) के छठे शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद श्रीलंका चले गए। बैंकाक में प्रधानमंत्री जी ने बांग्लादेशके अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफ़ेसर मोहम्मद यूनुस की पहली मुलाक़ात में हिंदुओं की सुरक्षा और शेख़ हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा हावी रहा। संसद में पारित उम्मीद से देश के मुस्लमानोनो को भले कोई उम्मीद न हो किन्तु मुझे उम्मीद है की भारत और बांग्लादेश के बीच का अनबोला तो समाप्त किया ही जा सकता है।

कुलजमा बात ये है कि हमारा देश एक गहन संक्रमण काल से गुजर रहा है। न अंतर्राष्ट्रीय हालात हमारे अनुकूल हैं और न राष्ट्रीय स्थितियां। आने वाले दिनों में क्या होगा ,कहने की नहीं समझने की जरूरत है। अभी भी वक्त है की सरकार हकीकत समझे और उम्मीद क़ानून को वापस ले ले ठीक उसी तरह जैसे की कृषि कानूनों को वापस लिया गया था ।

**राकेश अचल**

# संपादकीय

## इमरजेंसी में इंदिरा सरकार के खिलाफ अड़ गए थे मनोज कुमार!





वह आपात काल का दौर था जब बड़े से बड़े एक्टर प्रोड्यूसर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार के खिलाफ एक शब्द बोलने या फिल्म बनाने की हिम्मत नहीं रखते थे सैंसरशिप इतना कि फिल्म में आम आदमी की दशा महंगाई भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी को केंद्र में रखकर फिल्माना भी जुर्म बन गया था लेकिन अभिनेता मनोज कुमार तो मनोज कुमार ठहरे उन्होंने न सिर्फ आम आदमी को केंद्र में रखकर फिल्म बनाई बल्कि सरकार की रोक के खिलाफ अदालत में लडाई भी लड़ी और सरकार को पटखनी दी। बॉलीवुड के एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार अब हमारे बीच नहीं रहे हैं. उन्होंने 87 साल की उम्र में मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में आखिरी सांस ली. वो लंबे समय से उम्र संबंधित बीमारियों से जूझ रहे थे. मनोज कुमार अपनी देशभक्ति फिल्मों की वजह से फेमस थे. मनोज कुमार को लोग भारत कुमार कहकर बुलाते थे. मनोज कुमार के साथ बॉलीवुड के एक युग का भी आज अंत हो गया है. उनकी फिल्में जितनी हिट रही हैं उतनी ही उनकी पर्सनल लाइफ मुश्किल में रही. उन्होंने बंटवारे का दर्द भी झेला है. मनोज कुमार का जन्म 24 जुलाई 1937 को ब्रिटिश भारत के एबटाबाद (अब पाकिस्तान) में हुआ था. बंटवारे के बाद उनका पूरा परिवार दिल्ली आकर बस गया था. एक दौर ऐसा आया कि पूरब पश्चिम की जबरदस्त कामयाबी के बाद मनोज कुमार देशभक्ति के नायक बन गए। उनपर फिल्माए गए गीत के बोल "जीते हो किसी ने देश तो क्या हमने तो दिलों को जीता है यहां राम अभी तक है नर में नारी में अभी तक सीता है" हर देशवासी के दिल में एक जज्बा पैदा करने में कामयाब रहे।

पाकिस्तान के एबटाबाद में जन्में मनोज कुमार को सिर्फ 10 साल की उम्र में बंटवारे का दर्द झेलना पड़ा था. उन्हें जलियाला शेर खान से दिल्ली जाना पड़ गया था. जबकि मनोज कुमार का परिवार विजय नगर, किंग्सवे कैंप में शरणार्थियों के तौर पर रहा और वो भी कुछ समय के बाद दिल्ली के पुराने राजेंद्र नगर इलाके में चले गए।

मनोज कुमार ने अपनी पढ़ाई दिल्ली यूनिवर्सिटी से की. उन्होंने ग्रेजुएशन करने के बाद ही फिल्म इंडस्ट्री में जाने का फैसला कर लिया था. उस समय किसी ने नहीं सोचा होगा मनोज कुमार इतने बड़े स्टार हैं। मनोज कुमार की 1957 में पहली फिल्म फैशन आई थी. इस फिल्म में उन्होंने 80 साल के बुजुर्ग का रोल निभाया था. इसके बाद वो हरियाली और रास्ता में नजर आए थे. इस फिल्म के बाद से मनोज कुमार ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा. इस फिल्म ने उनकी किस्मत चमका दी थी. उसके बाद से मनोज कुमार की हिट फिल्मों की लाइन लग गई थी. जिसमें वो कौन थी, गुमनाम, हिमालय की गोद में जैसी कई फिल्में शामिल हैं. ये सारी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थीं. मनोज कुमार ने कई हिट फिल्में देने के बाद डायरेक्शन में कदम रखा. उन्होंने उपकार, जय हिंद. क्लर्क, क्रांति, रोटी कपड़ा और मकार, शोर, पूरब और पश्चिम जैसी कई फिल्मों का डायरेक्शन किया. मनोज कुमार देशभक्ति की फिल्मों के लिए पर्याय बन गए। फिर शुरू हुआ नया सफर जिसमें देशभक्ति वाली फिल्में, मतलब मनोज कुमार. 15 अगस्त और 26 जनवरी पर बजने वाले देशभक्ति गीतों को याद करेंगे तो ज्यादातर में मनोज कुमार मिलेंगे. बॉलिवुड में वह 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर हो गए. चेहरे पर हाथ फेरती उनकी अदा की दीवानी कई पीढ़ी रही. शुक्रवार सुबह मनोज कुमार हमेशा के लिए खामोश हो गए. बॉलिवुड सदमे हैं और उनके चाहने वाले उनके गीतों को गुनगुना रहे हैं.

मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गिरि गोस्वामी था, इनका जन्म 24 जुलाई, 1937 को एबटाबाद में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। विभाजन के कारण उनका परिवार दिल्ली आ गया था और इस दौरान उन्हें शरणार्थी शिविर में रहना पड़ा था. तब उनकी उम्र 10 साल थी. बाद में गोस्वामी परिवार राजधानी के पटेल नगर इलाके में बस गया. अभिनेता मनोज कुनार ने हिंदू कॉलेज से डिग्री हासिल की है.साल 1949 में उन्होंने अपना नाम मनोज कुमार रखा लिया था. दरअसल उनके पसंदीदा अभिनेता दिलीप कुमार ने फिल्म शबनम में इसी नाम का किरदार निभाया था.साल 1960 में आई कांच की गुड़िया उनकी पहली मुख्य भूमिका वाली फिल्म थी.मनोज कुमार और उनकी पत्नी शशि के दो बेटे हैं, विशाल और कुणाल।

मनोज कुमार ने अपने करियर में कुल 35 फिल्मों में काम किया था. दरअसल दिलीप कुमार की फिल्म शबनम देखने के बाद उन्होंने अपना नाम बदला था. इसी के बाद उन्होंने फिल्मी दुनिया में आने का फैसला लिया. मनोज ने कांच की गुड़िया, वो कौन थी, क्रांति, पूरब और पश्चिम और शिरडी वाले साई बाबा में यादगार रोल निभाए. साल 1995 में मैदान ए जंग में की रिलीज के बाद मनोज ने एक्टिंग की दुनिया से तौबा कर लिया. साल 1999 में उन्होंने आखिरी फिल्म जय हिंद को डायरेक्ट किया था. फिल्मी करियर को विराम लगाते ही मनोज कुमार ने पॉलिटिक्स की दुनिया में कदम रखा था.मनोज कुमार को पद्मश्री और दादासाहेब फाल्के, किशोर कुमार अवॉर्ड से नवाजा गया था. वहीं उन्हें फिल्मफेयर की ओर से बेस्ट एक्टर के अवॉर्ड कई दफा मिले. मनोज कुमार को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया था। देशभक्ति आधारित फिल्मों से मनोज कुमार का जुड़ाव 1965 में आयी शहीद से हुआ था, जिसमें उन्होंने सरदार भगत सिंह का किरदार निभाया था। प्रेम धवन रचित फिल्म का संगीत बेहद सफल रहा था और आज भी देशभक्ति के गीतों के लिए जाना जाता है। मेरा रंग दे बसंती चोला, सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, पगड़ी सम्भाल जट्टा और ऐ वतन ऐ वतन... बजते हैं तो आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

1967 मनोज कुमार के लिए काफी अच्छा साबित हुआ। रोमांटिक ड्रामा पत्थर के सनम और उपकार बड़ी हिट रही थीं। उपकार इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके साथ उन्होंने निर्देशन में कदम रखा। इसी फिल्म के बाद से उन्हें भारत कुमार का नाम मिल गया। उपकार' फिल्म उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के कहने पर बनाई थी। दरअसल, साल 1965 में जब भारत और पाकिस्तान का युद्ध हुआ था, तब इस युद्ध के बाद ही मनोज कुमार ने तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से मुलाकात की थी, जिसमें उन्होंने अभिनेता से युद्ध से होने वाली परेशानियों पर एक फिल्म बनाने के लिए कहा था। हालांकि, इस फिल्म को खुद लाल बहादुर शास्त्री नहीं देख पाए थे। ताशकंद से लौटने के बाद लाल बहादुर शास्त्री इस फिल्म को देखने वाले थे, लेकिन ऐसा संभव नहीं हो पाया।मनोज कुमार की फिल्में लाल बहादुर शास्त्री और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं को भी काफी पसंद आती थीद्य उन्होंने उपकार फिल्म लाल बहादुर शास्त्री के नारे 'जय जवान, जय किसान 'से प्रेरणा लेकर बनाई थी।

दरअसल, देश में आपातकाल लगने के बाद मनोज कुमार ने इसका विरोध किया था. इससे सरकार नाराज हो गई थी. कहा जाता है कि जब तत्कालीन मंत्री विध्याचरण शुक्ला ने इंदिरा गांधी और उनके आपातकाल के फेवर में मनोज कुमार को प्रो-इमरजेंसी डॉक्यूमेंट्री बनाने का ऑफर दिया तो उन्होंने इनकार कर दिया था. इतना ही नहीं मनोज कुमार ने डॉक्यूमेंट्री के लेखक अमृता प्रीतम को फोन कर इतना तक कह दिया था कि क्या लेखक के तौर पर समझौता कर लिए हो. यही वजह रही कि मनोज कुमार के लिए इमरजेंसी का दौर चुनौतीपूर्ण रहा. उस दौर में उनकी फिल्में भी फ्लाप हो गई थींइतना ही नहीं मनोज कुमार की एक फिल्म दस नंबरी पर रोक तक लगा दी गई थी. इससे उनका करियर भी समाप्त होने का डर था, हालांकि वह डरे नहीं. मनोज कुमार ने सरकार के खिलाफ केस तक कर दिया और वह केस जीत भी गए थे. वह एकलौते अभिनेता थे, जिन्होंने सरकार से केस जीता. मनोज कुमार ने एचएल गोस्वामी और कृष्णा कुमारी गोस्वामी के घर जन्म लिया था. मनोज के एक भाई और बहन थे. मनोज ने शशि गोस्वामी से शादी रचाई, जिनसे उनके दो बच्चे कुणाल और साशा हुए. बता दें कि टीवी के जाने-माने प्रोड्यूसर मनीष गोस्वामी उनके कजिन हैं।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

## "श्रीराम जन्मोत्सव- नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का सांस्कृतिक पर्व"



वर्तमान समय में जब समाज स्वार्थ, भौतिकता और नैतिक शिथिलता के दलदल में फंस रहा है, ऐसे में हमें पुनः अपने मूल्यों की ओर लौटने की आवश्यकता है। नैतिक मूल्य—जैसे सत्यनिष्ठा, करुणा, समता, सहिष्णुता, और मानवता—किसी भी सभ्य समाज की आत्मा होते हैं। परंतु दुर्भाग्यवश, आज का परिवेश इन मूल्यों के क्षरण का साक्षी बन चुका है। जब झूठ, छल, भ्रष्टाचार, हिंसा और असमानता जैसे अनैतिक व्यवहार सामान्य होते जा रहे हों, तब यह आत्ममंथन का समय है। ऐसे विषम दौर में, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन एक आलोक स्तंभ की तरह हमारे सामने खड़ा होता है—जो न केवल पौराणिक स्मृति है, बल्कि नैतिक पुनर्स्थापना का जीता-जागता उदाहरण भी है। श्रीराम जन्मोत्सव हमें केवल उनके जन्म की पावन कथा का स्मरण नहीं कराता, बल्कि यह उस जीवन-दर्शन की पुनः उद्घोषणा करता है, जो मानवता को धर्म और सदाचार की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। श्रीराम का चरित्र बहुस्तरीय है—वे पुत्र रूप में आदर्श, भाई के रूप में त्यागमूर्ति, पति के रूप में निष्ठावान, शासक के रूप में न्यायप्रिय और मानव के रूप में करुणामय हैं। उन्होंने पिता की आज्ञा को धर्म माना, और वनगमन का मार्ग इसलिए चुना क्योंकि उनका संकल्प वचनबद्धता से जुड़ा था—न केवल पिता के प्रति, बल्कि धर्म के प्रति भी। उनका यह निर्णय आज के संदर्भ में कर्तव्य और समर्पण का उदाहरण बन सकता है।

राजसिंहासन को त्यागकर भ्रातृप्रेम को प्राथमिकता देना, शत्रु में भी सद्गुणों को पहचानना, जातिगत भेदभाव को अस्वीकार कर निषादराज और शबरी से स्नेहपूर्वक व्यवहार करना, अहिल्या जैसी पीड़ित को पुनः सम्मान देना—ये केवल पौराणिक प्रसंग नहीं हैं, बल्कि आज के समाज के लिए मूल्यबोधक संकेत हैं। राम केवल एक ऐतिहासिक या धार्मिक चरित्र नहीं, बल्कि मानवता के लिए एक नैतिक संरचना हैं। वे हमें सिखाते हैं कि विपरीत परिस्थितियों में भी संयम, विवेक और मर्यादा कैसे बनाए रखी जाए; कैसे सत्ता, लोभ और क्रोध के आकर्षणों को त्याग कर धर्म और कर्तव्य की राह पर चला जाए। उनके जीवन के अनेक प्रसंग—कैकेयी के प्रति सम्मान, भरत के साथ आत्मीयता, लक्ष्मण की भक्ति, सीता के प्रति निष्ठा, और प्रजा के प्रति उत्तरदायित्व—हर संबंध को पुनः परिभाषित करते हैं। जब आज के समाज में रिश्ते स्वार्थ और संदेह के बोझ तले दबते जा रहे हैं, तब राम का जीवन संबंधों में विश्वास, पारदर्शिता और त्याग की नई ऊर्जा प्रदान कर सकता है।


राम नवमी केवल श्रीराम के अवतरण का पर्व नहीं, यह हमारी आत्मा में नैतिकता के पुनर्जन्म का क्षण है। यह हमें याद दिलाता है कि हम अपने निजी, सामाजिक और राष्ट्रीय जीवन में रामत्व को धारण कर सकते हैं—यदि हम सत्य के प्रति अडिग, संबंधों के प्रति ईमानदार, और समाज के प्रति उत्तरदायी बनें। आज जब चारों ओर नैतिक संकट व्याप्त है, राम का जीवन हमारा संबल बन सकता है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर हम न केवल अपने जीवन को गौरवपूर्ण बना सकते हैं, बल्कि एक ऐसा समाज रच सकते हैं जहाँ करुणा, समानता, और धर्म की ज्योति फिर से प्रज्वलित हो। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि इस श्रीराम जन्मोत्सव को केवल एक धार्मिक पर्व न मानें, बल्कि इसे नैतिक मूल्यों के पुनर्स्थापन का सांस्कृतिक आंदोलन बनाएं। यही हमारे समय की पुकार है, और यही रामकथा का सार।

**डा मनमोहन प्रकाश**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गोरखपुर- बाँसगांव थाना के हरनहीं चौकी के गंगा पिपरा में अर्धजली शव मिलने से सनसनी, हत्या को लेकर कई नए मोड़ आए सामने आए



**गोरखपुर** के बाँसगांव थाना क्षेत्र के हरनहीं गांव में एक अर्धजली शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही थी कि शव को कहीं और जलाकर यहां फेंका गया है, लेकिन जांच में जुटे अधिकारियों को मौके पर कुछ ऐसे सबूत मिले हैं जो इस मामले को और भी पेचिदा बना रहे हैं। शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे जब बाँसगांव क्षेत्राधिकारी दरवेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्हें वहां कई स्थानों पर जलने के प्रमाण मिले। सीओ ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और कहा कि मौके से मिले साक्ष्य महत्वपूर्ण हैं और जल्द ही इस रहस्यमयी घटना का खुलासा किया जाएगा। घटनास्थल से जले हुए कपड़े भी बरामद हुए हैं, जिससे यह आशंका और मजबूत होती दिख रही है कि हत्या के बाद शव को वहीं जलाने की कोशिश की गई है, ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके। यदि शव पहले से जलाया गया होता, तो पास में मौजूद गेहूं की फसल में भी आग लग सकती थी, लेकिन ऐसा कोई नुकसान नहीं हुआ है। इससे संदेह और भी गहरा गया है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है। अब देखना होगा कि जांच के बाद कौन-सा सच सामने आता है।

### स्टर्लिंग पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल घोषित मेधावी हुए पुरस्कृत



**सिसवा बाजार, महराजगंज।** स्थानीय स्टर्लिंग पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ । प्रबंधक एन0 बी0 पाल एंव प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह ने मेधावियों को पुरस्कृत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। कक्षा नर्सरी में आरव विश्वकर्मा, अभिषेक राय एंव रीदम,एलकेजी में आद्विक, आरव सिंह एंव अमायरा आनंद, यूकेजी में एकरा सिराज,समृधि एंव अराध्या, कक्षा एक में आस्तित्व केडिया, प्रियांशु एंव ईशा, कक्षा दो में पूर्वी अग्रवाल, कृतिकेश एंव शिवांष, कक्षा तीन में आंशी, साँची एंव आलोक, चार में आकृति, रियांश एंव रिशभ, पांचवीं में ज्योति, उत्कर्ष एंव सामर्थ, छठवी में गयानिका, अंशिका एंव अर्चना, कक्षा सात में युवराज, मोहम्मद नोमान एंव राजश्री, कक्षा आठ में अंशिका, दीपक एंव आलोक, नवीं में प्रितिका, अनुज एंव अतुल तथा ग्यारवीं साइंस में सत्यांश,अंकित,आयुष एंव ग्यारवीं कामर्स में आदित्य, प्राची एंव अक्षित चौरसिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेधावी बच्चों को प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने प्रशस्ति पत्र एंव मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक शकुंतला पाल, निदेशक चन्द्रशेखर पाल, संजय सिंह, शिवशंकर शर्मा,प्रिया शिन्घानिया, भुवनेश्वरी तिवारी, मधुमिता पाल, प्रदीप सिंह, रंजीत सिंह, अलोक, सुनील, अफजल खान, नीतू, भारती, रोली, अमित, उमेश यादव, आदि उपस्थित रहे।

### स्ट्रा-रीपर मशीन चलाने के समय अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य

**देवरिया 5 अप्रैल।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि जनपद में गेहूं की फसल की कटाई के दौरान स्ट्रारीपर मशीन के उपयोग पर 30 अप्रैल तक रोक लगाई गई थी, साथ ही, कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन के साथ अग्निशमन यंत्र रखने का निर्देश जारी था। जिलाधिकारी ने बताया कि जहां आस-पास की फसल कट चुकी है, वहां स्ट्रारीपर मशीन का उपयोग किया जा सकता है। हालांकि, मशीन का संचालन केवल सुबह 11 बजे से पहले एवं सायं 4 बजे के बाद ही किया जाएगा। इसके साथ अग्निशमन यंत्र, बालू एवं पानी रखना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार, फसल कटाई के समय कम्बाइन हार्वेस्टर मशीन के साथ भी अग्निशमन यंत्र, बालू एवं पानी रखना आवश्यक होगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, थानाध्यक्षों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन का निर्देश दिया हैं।

### मुख्यमंत्री की 9 वें वर्ष भी घोषणा नहीं हो सकी पूरी- कलेक्टर

देवरिया। बैतालपुर चीनी मिल चलाने के लिए चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में कलेक्ट्रेट में चलाया जा रहा धरना 138 वें दिन जारी रहा। धरना को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य कलेक्टर शर्मा ने कहा मुख्यमंत्री ने बैतालपुर चीनी मिल को चलाने के लिए देवरिया जिले में चुनाव के समय चार-चार बार घोषणा किए थे और आंदोलन के नवे वर्ष भी किसानों की मांग और मुख्यमंत्री की घोषणा दोनों पूरी नहीं हो सकी जिससे किसानों में आक्रोश है । धरने पर बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, राम प्रकाश सिंह, विकास दुबे, पन्नालाल पाठक, डॉक्टर रमेश कुशवाहा, संजीव शुक्ला, रामलाल गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता, विजय कुमार सिंह, शंभू नाथ तिवारी, विजय शंकर कर्मयोगी, मंजू चौहान इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# ख़जनी- रीपर मशीन से निकली चिंगारी ने मचाई तबाही, कई एकड़ फसल जलकर खाक

स्वतंत्र प्रभात



**ख़जनी-** गोरखपुर जनपद के नगर पंचायत उनवल के रातसही व मंझरिया छताई ग्राम सभा के टोला महुआडांड़ क्षेत्रो में सैकडों बिगहा फसल जल कर खाक हो गई । खेतों में भूषा बनाने के दौरान रीपर मशीन से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि ग्रामीणों के साथ-साथ प्रशासन को भी उसे काबू में करने में घंटों मशक्कत करनी पड़ी। घटना में कई सौ बिगहा खड़ी फसल खड़ी फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, खेतों में काम कर रही रीपर मशीन से अचानक चिंगारी निकली, जिससे सूखी भूषा में आग पकड़ ली और हवा के तेज झोंकों के कारण वह तेजी से फैलती चली गई। ग्रामीणों ने तुरंत बाल्टी, पाइप और अन्य साधनों से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की भयावहता इतनी थी कि दमकल विभाग को बुलाना पड़ा।

गौरतलब है कि अभी बीते शुक्रवार को ही जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश ने रीपर मशीनों पर लगी रोक को हटा दिया था। रोक हटने के महज 20 घंटे के अंदर ही यह हादसा हो गया, जिससे प्रशासन के फैसले पर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गर्म और शुष्क मौसम में रीपर मशीनों से इस प्रकार की घटनाएं होना आम है, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के चलते किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। डाइनामाइट न्यूज संवादाता अनुसार ख़जनी थसिक प्रशासन ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल इलाके में दहशत का माहौल है और किसान पुनः पूरी फसल कट जाने तक रीपर मशीनों पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। उक्त मामले में राजस्व टीम के लेखपाल ने अभिषेक दीक्षित ने बताया अभी आकलन नही हो पाया है, लाग बुझाई जा रही है ।आग काबू के बाद कुछ कह पाना उचित होगा।

# गोला तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

● सूबे के मुखिया का जिले पर आगमन होने के कारण नही पहुचे जिला प्रशासन प्रमुख,

कुल 115 मामलों में 11 का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला तहसील सभागार में शनिवार को शासन के रोस्टर के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिला प्रशासन मुखिया को करना था। लेकिन जिला मुख्यालय पर सूबे के मुखिया का आगमन होने के कारण जिले के आला अफसरानो का काफिला गोला तहसील मुख्यालय पर नही पहुचा। जिला प्रशासन मुखिया के अनुपलब्धता पर सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एस डी एम गोला प्रशांत कुमार वर्मा ने किया। समाधान दिवस पर जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा तहसीलदार गोला कृष्ण गोपाल त्रिपाठी, नायब तहसीलदार जय प्रकाश, बालचन्द, बी डी ओ गोला दिवाकर सिंह घीसम प्रसाद ने समाधान दिवस पर आए फरियादियों की पीड़ा को सुना।और निस्तारण कराने का भरपूर प्रयास किया।समाधान दिवस पर आए कुछ प्रकरण का समाधान हुआ शेष प्रकरण को समाधान कर समय से रिपोर्ट भेजने के लिए बिभाग से संबंधित अधिकारियों को सुपुर्द कर दिया गया।

इस समाधान दिवस पर राजस्व बिकास पुलिस विद्युत आदि से संबंधित मामले आये। चिलचिलाती धूप व शारदीय नवरात्रि का



समय होने के कारण फरियादियों की संख्या भी कम ही दिखी। इस समाधान दिवस पर विजय कुमार, अशोक गुप्ता, टी एन सिंह, राजू सिंह, रमेश पांडेय, लालजी शर्मा, राममूर्ति वर्मा, कृष्ण कुमार नरसिंह वर्मा उदयशंकर राय, संजय कुमार, अनिल कुमार राय, अरुणाकर सिंह लल्लन प्रसाद, सहित अन्य विभागों से लोग उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत द्वारा जबरिया स्टैंड वसूली के विरोध में कार्रवाई को लेकर सौंपा पत्रक

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** नगर पंचायत सलेमपुर द्वारा अवैध रूप से टैक्सी व बस स्टैंड शुल्क वसूले जाने के विरुद्ध पूर्व अध्यक्ष सुधाकर गुप्ता व जय प्रकाश मद्देशिया के नेतृत्व में ऑटो चालकों ने जिलाधिकारी के नाम शिकायती पत्रक सौंपा व अध्यक्ष के विरुद्ध बिना शासन की अनुमति के टेम्पो/टैक्सी/बस स्टैण्ड की जबरिया नीलामी को रोकने के सम्बन्ध में कार्रवाई की मांग की है। पत्रक के माध्यम से कहा कि हम टेम्पो/टेक्सी/प्राइवेट बस के चालक व मालिक हैं जो विभिन्न रूट पर अपनी गाडी चलाकर यात्रियों को ढोते एवं उन्हें गन्तव्य तक पहुँचाते हैं। प्रदेश के किसी भी नगर पंचायत में कहीं भी टेम्पो/टेक्सी स्टैण्ड मानक के अनुसार न होने के कारण न तो नीलामी हो रही है और न वसूली।

कोरोना काल से टेक्सी/टेम्पो स्टैण्ड की वसूली शासन के आदेश से बन्द है, लेकिन नगर पंचायत अध्यक्ष शासनादेश को दरकिनार कर मनमाना वसूली करा रहे हैं तथा स्टैण्ड की निलामी भी कर रहे हैं, जबकि नगर पंचायत के पास टेक्सी/टेम्पो / बस स्टैण्ड के लिए कोई भी जमीन नहीं है। यात्रियों के लिए कोई शेड भी नहीं है न ही यात्रियों को बैठने के लिए और न ही पेय जल की कोई व्यवस्था की गयी है। सभी गाड़ियाँ रेलवे की जमीन व सड़क पर खड़ी होती हैं ऐसी स्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष को स्टैण्ड वसूली का कोई नैतिक अधिकार भी



नहीं होता है, लेकिन डंडा मारकर जबरिया वसूली जारी है। चालकों ने इस मामले में जिलाधिकारी से गुहार लगायी है कि तत्काल प्रभाव से नगर पंचायत अध्यक्ष को नियम विरुद्ध टेक्सी/टेम्पो/बस स्टैण्ड की निलामी और जबरिया वसूली रोकने की मांग करते हुए कार्रवाई की मांग किया है। इस दौरान बब्लू सिंह, नरेन्द्र तिवारी, राम नगीना, ओम प्रकाश, अरविन्द, नरेंद्र यादव सहित दर्जनों ऑटो चालक मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो:** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में शनिवार को मऊ के तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान प्राप्त कुल 89 प्रार्थना पत्र में से छह का निस्तारण मौके पर किया गया।

समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा। साथ ही फरियादियों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है, उससे समस्याग्रस्त व्यक्ति को भी अवगत कराया जाए ताकि वह समस्याग्रस्त व्यक्ति अपने समस्या के निस्तारण से संतुष्ट हो सके। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि तहसील दिवस में जो भी समस्याएं प्राप्त हुई है, उनका संबंधित अधिकारी शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। उन्होंने उपजिलाधिकारी तथा थाना प्रभारियों से कहा कि भूमि संबंधी मामलों में राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं से संबंधित प्रकरणों पर तत्काल निस्तारण कराए। इस दौरान समाधान दिवस में कुल प्राप्त किए गए 89 प्रार्थना पत्रों में से छह का निस्तारण मौके पर किया गया।

इसी प्रकार कर्वी में आयोजित समाधान दिवस में प्राप्त किए गए 50 प्रार्थना पत्रों में से 5 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसके अलावा राजापुर में आयाजित समाधान दिवस में कुल प्राप्त 44 प्रार्थना पत्रों से 5 का निस्तारण मौके पर किया गया।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी मऊ आमीन अहमद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसीएनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, तहसीलदार राम सुधार, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मन, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीडी विश्वकर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी आनन्द कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मऊ बालकृष्ण गौतम सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 10 मई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में समस्त नोडल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों की प्रथम चरण की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद न्यायाधीश ने मौजूद सभी नोडल अधिकारियों व राजस्व अधिकारियों से आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण कराने के लिए बल दिया। जिला जज ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराने का प्रयास करें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सेवा वाद, पारिवारिकञ्चवैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा, सिविल वाद, राजस्व वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वादों, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है।

इस मौके पर लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज राममणि पाठक, उपजिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी राकेश कुमार पाठक, प्रबन्धक इण्डियन बैंक अमिताभ कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतारया, संरक्षण अधिकारी सौरभ चन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, प्रभारी तहसीलदार मानिकपुर मनोज सिंह, तहसीलदार राजापुर अखिलेश कुमार गुप्ता, तहसीलदार मऊ रामसुधार, पूर्ति निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# गोरखपुर पुलिस में भूचाल- स्स्कगौरव ग्रोवर के 'सर्जिकल स्ट्राइक' से लापरवाह अफसरों में हड़कंप!

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** "रात गई, बात गई" का जमाना अब गोरखपुर पुलिस में खत्म हो चुका है! देर रात तक चैन की नींद सो रहे पुलिस महकमे को उस वक्त जोरदार झटका लगा, जब स्स्क गौरव कुमार ग्रोवर ने एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए चार दरोगाओं और तीन सिपाहियों को निलंबित कर दिया। यह खबर जंगल में आग की तरह फैली और पूरे विभाग में भूचाल आ गया। एक चौकी इंचार्ज समेत सात पुलिसकर्मियों पर गिरी इस सख्ती की गाज ने साफ कर दिया कि अब लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं बचेगी।

**पहला निशाना-** चौकी इंचार्ज उदयभान सिंह सबसे पहले निशाने पर आए कैंट थाना क्षेत्र के इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी प्रभारी उदयभान सिंह। SSP के रडार पर उनकी कार्यशैली पहले से थी। कर्तव्यों में "गंभीर लापरवाही" का ठप्पा लगते ही उन्हें तत्काल निलंबित कर दिया गया। साथ ही उनके खिलाफ विभागीय जांच का तड़का भी लगा दिया गया। सूत्रों की मानें तो उदयभान की कुर्सी पहले से ही डगमगा रही थी, और SSP ने आखिरकार उसे उखाड़ ही फेंका।

**गोला से चौरी चौरा तक-** लापरवाही की सजा अगला नंबर था थाना गोला के उप निरीक्षक अजय कुमार का। उनकी "सुस्ती" और "उदासीनता" SSP के सब्र का इम्तिहान ले रही थी। शिकायतों का ढेर लगने के बाद आखिरकार SSP ने उन्हें भी सस्पेंड कर दिया। वहीं, चौरी चौरा थाने में तैनात उप निरीक्षक रामगिरिश चौहान और सिपाही कृष्ण कुमार गौड़ भी अनुशासनहीनता के जाल में फंस गए। दोनों को निलंबन का दंड मिला,

**बेलघाट में तिहरा झटका-** थाना बेलघाट में तो मानो स्स्कने "सर्जिकल स्ट्राइक" कर दी। उप निरीक्षक गोपाल यादव, सिपाही विमलेश यादव और अनिल कुमार पाण्डेय तीनों को एक साथ निलंबित कर दिया गया। इन पर ड्यूटी में कोताही और स्वेच्छाचारिता का इल्जाम लगा। विभागीय जांच के तीर इनके ऊपर भी छोड़ दिए गए हैं। पुलिस में खलबली, जनता में खुशी स्स्ककी इस बिजली-सी तेज कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। अफसरों के चेहरों पर पसीना और कुर्सियों में कंपन साफ देखा जा सकता है। दूसरी ओर, आम जनता इसे "पुलिस सुधार" की दिशा में मास्टरस्ट्रोक बता रही है। लोगों का कहना है कि गौरव ग्रोवर का यह कड़ा रुख गोरखपुर पुलिस को नई ताकत देगा।

**SSP का सख्त संदेश- "लापरवाही**





**बर्दाश्त नहीं"**

सूत्रों की मानें तो SSP गौरव ग्रोवर ने साफ लफ्जों में चेतावनी दी है– "ड्यूटी में ढील देने वाले किसी भी अफसर या सिपाही को बख्शा नहीं जाएगा।" उनका यह एक्शन प्लान गोरखपुर पुलिस को "सख्ती के मोड" में लाने का संकेत दे रहा है। माना जा रहा है कि यह सिर्फ शुरुआत है, और आगे भी लापरवाहों पर गाज गिर सकती है।

**अब क्या?-** गोरखपुर पुलिस में यह "भूकंप" कब तक थमेगा, यह तो वक्त बताएगा। लेकिन एक बात साफ है ,- स्स्क गौरव ग्रोवर के इस तूफानी तेवर ने लापरवाह अफसरों की नींद उड़ा दी है। क्या यह कार्रवाई पुलिस में नई जान फूंकेगी, या फिर यह सिर्फ एक अस्थाई हंगामा साबित होगा? जवाब के लिए गोरखपुर की नजरें अब स्स्कके अगले कदम पर टिकी हैं!

# सिसवा-गोरखपुर रोडवेज बस सेवा शुरू

स्वतंत्र प्रभात

**सिसवा बाजार, महराजगंज।** क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में शनिवार को सिसवा से गोरखपुर के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बस सेवा का शुभारंभ किया गया। नगर के रेलवे स्टेशन से इस बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्थानीय अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा पिछले कुछ दिनों से किए गए लगातार प्रयास से सिसवा से गोरखपुर सरकारी बस चलाने का प्रयास सफल हुआ। कोरोना काल में लॉकडाउन के बाद से ही सिसवा से गोरखपुर जाने वाली बसों का संचालन बंद हो गया था। लॉकडाउन समाप्त होने के बाद से यह बस सेवा शुरू करने के लिए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शिबू खान व उनकी टीम प्रयास करती रही ।इसी क्रम में सिसवा व्यापार मंडल अध्यक्ष ने लिखित रूप से क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग गोरखपुर मंडल को लिखित ज्ञापन भी दिया। इसके बाद आज यह प्रयास साकार हुआ।

सिसवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बस को हरी झंडी दिखाकर यात्रियों से भरी बस को रवाना किया गया।शिबू खान ने कहा कि यह सेवा आमजन के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। इससे विशेष रूप से विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को काफी सहूलियत होगी। सिसवा से गोरखपुर की यात्रा अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित हो सकेगी। फिलहाल यह बस सेवा प्रतिदिन निर्धारित समय पर संचालित की जाएगी। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत किया और



कहा कि लंबे समय से इस मार्ग पर सीधी परिवहन निगम के बस सेवा की मांग की जा रही थी। जो अब जाकर पूरी हुई है। इस इस अवसर पर अश्वनी रेनियर, मकसूद अंसारी, सुधीर जायसवाल, दीपक जायसवाल, संदीप कुमार, राजाउल अंसारी, मनीष, साहब शेट्टी, कुंवर कश्यप व शुभम जायसवाल सहित तमाम नगर वासी उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने बिना लाइसेंस चल रहीं आटा फैक्ट्री पर मारा छापा

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** खाद्य सुरक्षा टीम ने चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर 29 मार्च से चार अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर जनपद में संचालित प्रतिष्ठानों में से कुल 18 नमूने संग्रहित कर जाँच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। साथ ही कुल दो लाख तीन हजार चार सौ चैबीस रुपए की लागत के 1091 किलो बेसन, 1248 किलो मटर का बेसन एवं 3264 किलो आटा सीज किया।



सहायक खाद्य आयुक्त प्रियंका सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा टीम ने कालूपुर पाही स्थित बिना पंजीकरण व लाइसेंस के अन्नपूर्णा गृह उद्योग के नाम से संचालित दुकान को तत्काल बंद कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही की। टीम ने मौके पर बरामद किए गए 68,640 रुपये मूल्य का 1091 किलो बेसन, 49,920 रुपये मूल्य का 1248 किलो मटर का बेसन व 84,864 रुपये मूल्य का 3264 किलो आटा सीज किया। इसी प्रकार टीम ने जनपद में संचालित अन्य प्रतिष्ठानों में भी छापाकार अभियान चलाकर दूध सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लेते हुए जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार, विनय कुमार, प्रमोद कुमार सोनकर आदि मौजूद रहे।

# राजकीय शिक्षक संघ के प्रातींय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो :** राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद पांडेय के जनपद आगमन पर धर्मनगरी के राजकीय शिक्षकों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रांतीय अध्यक्ष का जनपद के राजकीय हाईस्कूल इटवां डुडैला में प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति हुई है। राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद पाण्डेय का चित्रकूट जिले के राजकीय हाई स्कूल इटवा डुडैला में प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति हुई है। इसी क्रम में वह शनिवार को कार्यभार ग्रहण करने के लिए चित्रकूट आए। प्रांतीय अध्यक्ष के चित्रकूट आगमन की सूचना मिलने पर जनपद के राजकीय शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी



एवं शिक्षक गणों ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद प्रांतीय अध्यक्ष ने जिला विद्यालय निरीक्षक से मुलाकात कर अपना कार्यभार ग्रहण करने के लिए विद्यालय पहुंचे।

इस मौके पर प्रयागराज कार्यकारिणी के सदस्य अरुण यादव, आलोक पांडेय, कमला साहू, डॉ सनत द्विवेदी, कैलाश चंद्र शुक्ला, रामकेश, अनिल कुमार, डॉ प्रदीप शुक्ला, नरेंद्र मिश्रा, पुरुषोत्तम, प्रमोद पाल, अजय त्रिपाठी, विश्वनाथ पाण्डेय, छेदीलाल, धर्मेंद्र, अलख निरंजन, शशिकला, रश्मि बाजपेई, शोभा देवी, प्रज्ञा पाठक, श्रुति पांडेय, प्रियांशी गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

# बाबू जगजीवन राम एवं निषाद राज गुह की मनाई जयंती

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** जिला कौंग्रेस समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम एवं निषादों के राजा महाराज निषाद राज गुह की जयंती मनाई। इस दौरान कौंग्रेसियों ने उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही गोष्ठी का आयोजन भी किया। कार्यक्रम में कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने कहा कि आधुनिक भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पित रहा। उनका संपूर्ण जीवन राजनीति, सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियां से भरा हुआ है। सदियों से शोषित के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए बाबू जगजीवन राम द्वारा किए गए कानूनी प्रावधान ऐतिहासिक है। बाबू जगजीवन राम ने अपने जीवन काल में कभी भी अन्याय से समझौता नहीं किया और सम्मान के लिए हमेशा संघर्ष करते है। विद्यार्थी जीवन से ही उन्होंने अन्याय के प्रति आवाज उठाई। बाबू जगजीवन राम का भारत के संसदीय लोकतंत्र के विकास में बहुत बड़ा योगदान रहा है। कहा कि निषादों के राजा महाराज निषाद राज गुह प्रयागराज के राजा थे, उन्होंने ही वनवास काल में प्रभु श्रीरामचंद्र, माता सीता तथा लक्ष्मण को अपने सेवकों के द्वारा गंगा पार कराया था। वनवास के बाद श्री रामचंद्र ने अपनी पहली रात अपने मित्र निषाद राज के यहां बिताई थी। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, चुनबाद प्रसाद, शिव गुलाम वर्मा, अरुण कुमार गुप्ता, योगेंद्र कुमार रैकवार आदि मौजूद रहे।

## सिद्धदोष बंदियों के विधिक अधिकारों का न हो हनन - न्यायाधीश

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोज तिवारी ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार में निरुद्ध सिद्धदोष बंदियों से उनके प्रकरण के संबंध में जानकारी ली और चिन्हित सिद्धदोष बंदियों की अपीलें सर्वोच्च न्यायालय में योजित करने हेतु कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया। सचिव ने समस्त एल.ए.डी.सी.एस. के साथ 49 सिद्धदोष बंदियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके मामलों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा जिन बंदियों की अपील न हुई हो, उन्हें विधिक सहायता प्रदान करने हेतु निर्देशित किया और कहा कि इस संबंध में बंदियों के विधिक अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए। इस दौरान तिवारी ने बैरकों और पाकशाला में निरंतर स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया व कारागार पराविधिक स्वयंसेवक को विचाराधीन व सिद्धदोष बंदियों के अधिकारों की पैरवी हेतु संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला, जेल कारापाल राजकुमार, उप कारापाल मोतीलाल एवं बंदीरक्षक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### दो दशक पहले तक स्कूल रहने का किया दावा

**त्रिवेणीगंज सुपौल,** बिहार निर्माणाधीन सरकार भवन पर आपत्ति जताते हुए वहां के ग्रामीणों ने बताया कि इस जगह पर पिछले दो दशक पहले तक आवासीय विद्यालय संचालित था लेकिन बिना देखरेख और सरकारी अनदेखा के कारण विलुप्त होता चला गया। लोगों ने स्कूल की पुरानी पड़ी नींव को दिखाते हुए कहा कि यहां फुस के घर में स्कूल संचालित किया जाता था। कुल मिलाकर सरकार भवन निर्माण शुरू होने के बाद से ही विरोध का गतिरोध जारी है।इतना ही नहीं इस मामले को लेकर एक सप्ताह पहले 27 मार्च को भी वहां के ग्रामीणों ने स्कूल निर्माण के लिए प्रथम कमिटी का गठन करने के उद्देश्य से एक बैठक आयोजित किया था।जिसमें स्कूल की जमीन की घेराबंदी कर अतिक्रमण से मुक्त कराने का प्रस्ताव रखा गया था। बोले अधिकारी त्रिवेणीगंज के एसडीएम शंभूनाथ ने बताया कि यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है,सामने आने पर पड़ताल की जाएगी।वही परसागढी दक्षिण पंचायत के मुखिया संजय साह ने स्कूल की जमीन स्वीकार करते हुए कहा कि वरीय पदाधिकारी के निर्देश के बाद पंचायत सरकार भवन का निर्माण चल रहा है! वहीं इस मामले में जब त्रिवेणीगंज के अंचल अधिकारी प्रियंका सिंह से कई दफा मोबाइल के जरिए संपर्क साधा गया तो काल रिसीव नहीं हुआ।

### डीजी कारागार पीवीराम शास्त्री ने किए ठाकुर बांके बिहारी के दर्शन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश कारागार विभाग के महानिदेशक पीऽवीऽराम शास्त्री शनिवार को परिवार सहित वृंदावन पहुंचे जहां उन्होंने सर्वप्रथम जग प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी जी महाराज के दर्शन किए जहां उन्होंने मंदिर सेवायत मयंक गोस्वामी के सानिध्य में विधि विधान से पूजन अर्चन कर देशहित में कामना की। मंदिर सेवायत मयंक गोस्वामी द्वारा उन्हें ठाकुर जी की प्रसादी,माला पटुका एवं अंग वस्त्र भेंट किए इस दौरान वह पूरी तरह अध्यात्म के रंग में डूबे हुए नजर आए इस दौरान उनके साथ जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग,डिप्टी जेलर दुर्गेश कुमार आदि के साथ-साथ भारी पुलिस बल मौजूद रहा

### ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत थाना हरियावां पुलिस द्वारा गुमसुदा दो बच्चियो को दो घंटे मे सकुशल बरामद किया गया ।

हरदोई हरियावाँ पुलिस अधीक्षक हरदोई द्वारा जनपद मे अपहृरत गुमसुदा बच्चों बालको की सकुशल बरामगदी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन स्माइल के क्रम मे थाना प्रभारी बालेंद्र मिश्र थाना हरियावां पर गठित एस आई राजेश चौधरी एस आई बृजेश सिंह का.सौरभ कुमार का.राहुल सरोज का.प्रवीण बालियान का.कुशल कुमार का.अर्चना का.साधना पुलिस टीम द्वारा गुमसुदा दोनों बच्चियों के संबंध स्थानीय व्यक्तियों शोसल मीडिया आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया गया । प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त दोनों गुमसुदा बच्चियां जिनकी उम्र 8 वर्ष ढाई वर्ष को सकुशल बरामद किया गया एवं नियमा अनुसार परिजनों को सुपुर्ध किया गया । थाना प्रभारी ने बताया दोनों बच्चिया गाउदे पुरवा से 10 किलोमीटर दूरी पर स्थिति थाना हरियावां क्षेत्रांतर्गत ग्राम जलालपुर के निकट पहुंच गयी थी जिनको स्थानीय पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर सकुशल बरामद किया गया ।

### संत हर स्थिति में परमात्मा की शरण में ही रहता है= आचार्य अनंत

**शाहाबाद हरदोई।** कस्बे के मोहल्ला दिलेरगंज स्थित मां कात्यायनी शक्तिपीठ में चल रहे आठ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव में आयोजित श्री राम कथा के प्रवचन में आठवें दिवस अचार्य अनंत शरण ने कहा कि राम जन्म के कारणों में एक कारण नारद मोह भी हैद्य नारद जी के इस चरित्र से ज्ञात होता है कि संत हर स्थिति में परमात्मा की ही शरण में रहता है। नारद जी पर जब काम का प्रभाव हुआ तो नारायण की शरण में जाकर उनसे से ही रूप मांगा ÷आपन रूप देउ प्रभु मोही÷। और काम की पूर्ति न होने पर क्रोध आया वो भी नारायण पर ही द्य

देहउँ श्राप कि मरिहउँ जाई।
जगत् मोरि उपहास कराई॥

एक और कथा राजा भानु प्रताप की है जो एकतनु नामक कपट मुनि के माया जाल में तृष्णा, चमत्कार के वशीभूत हो सम्पूर्ण वंश नष्ट हो गया।अतः उस समय एकतनु कपट मुनि, पाखंडी एक था और आज गली गली घूम रहे हैं इसलिए पाखंडी , चमत्कारी और आकांक्षाओं से दूर रहने में ही कुशलता है द्यपीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि ने कहा कि रामचरितमानस मानव मात्र के लिए एक ग्रंथ ही नहीं बल्कि एक जीवन जीने का संविधान है।मानव जीवन में होने वाली सभी प्रकार की समस्याओं का निस्तारण रामचरितमानस में विस्तार से वर्णित है।नवरात्रि में श्री रामकथा श्रवण से तन मन भक्तिमय रहता है।नवरात्रि का पर्व बिना हवन के पूर्ण नहीं होता।

## राष्ट्रवाद का वाहक भाजपा के स्थापना दिवस पर समस्त देशवासियों को शुभकामना : पेरिका सुरेश

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली।** ओबीसी मोर्चा भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया मेंबर पेरिका सुरेश ने 6 अप्रैल को भाजपा की स्थापना दिवस एवं भाजपा के फायर ब्रिगेड नेता एवं युवाओं के प्रेरणा स्रोत संजय विनायक जोशी के जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामना बधाई देते हुए कहा के यह भारत ही नहीं विश्व के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा एवं उसके मार्गदर्शन में भाजपा ने राष्ट्रवाद, संवैधानिक मूल्यों पर लगातार चलते हुए4 दशक में संसद की दो सीटों से बढ़ते हुए आज भारत की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में अपने आप को स्थापित किया है। इसके पीछे पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे दूर दृष्टि वाले नेताओं का अमूल्य योगदान एवं बलिदान रहा है। भारत की जनता ने भाजपा की नीतियों कार्य शैली एवं राष्ट्रहित में लिए गए निर्णय का हमेशा साथ दिया है। जिस कारण आज यह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में विश्व पटल पर अपने आप को स्थापित किया है। श्री सुरेश ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए जो आने वाले समय में मिल का पत्थर साबित होगा। भाजपा ने कभी भी सत्ता सुख को अपनी राजनीति के केंद्र में नहीं रखा, बल्कि राष्ट्रहित देश की सुरक्षा एवं देश की प्रगति के लिए लगातार काम किया। भारत विश्व के उन देशों में शुमार हो गया है जो आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, सैन्य रूप से अपने आप को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भाजपा की लोकप्रियता लगातार बढी है और दिनों दिन यह भारत की जनता की सबसे लोकप्रिय पार्टी बनती जा रही है। बाधा एवं विरोध का परवाह किए बगैर केंद्र की मोदी सरकार लगातार राष्ट्रहित में काम कर रही है और जनता उनके साथ खड़ी है। भाजपा के स्थापना दिवस पर पूरा देश जश्न मान रहा है तथा इसे और सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने का प्रण ले रहा है।

## भीड के बोझ से बोझिल ब्रज, अब सुदूर बरसाना की बढी चिंता

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** कान्हा की नगरी भीड भाड से बोझ से बोझिल होने लगी है। मथुरा, वृंदावन से गोवर्धन होते हुए भीड़ का यह दबाव बरसाना तक महसूस किया जा रहा है। सुदूर और सुरम्भ्य ग्रामीण परिवेश में स्थित यह धार्मिक स्थल बरसाना भी अब चिंतित हो उठा है। बरसाना में चार पहिया वाहनों के प्रवेश को लेकर नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अध्यक्ष, सभासद, पुलिस और नगर वासियों की एक बैठक हुई। जयपुर मंदिर मार्ग ही नहीं पुरे कस्बा में जाम की स्थिति बनी हुई है। जयपुर मन्दिर मार्ग जो पैदल पहाड़ी मार्ग बिना सीढ़ियों के बना है पर चलने वाले चार पहिया वाहनों से लगने वाले जाम की समस्या को लेकर नगर पंचायत में स्थानीय लोगों की नगर पंचायत में अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान जयपुर मंदिर मार्ग पर वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी ने लोगों को आश्वासन दिलाया कि वृन्दावन व गोवर्धन की तरह जल्द कस्बे के अंदर वाहनों की नो एंट्री होगी। बैठक में अधिशाषी अधिकारी डॉ कल्पना बाजपेई, चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी व कस्बा इंचार्ज अवधेश पुरोहित मौजूद थे। बैठक के दौरान अधिशाषी अधिकारी डॉ कल्पना बाजपेई ने कहा कि जिलाधिकारी के आदेश के बाद ही नगर पंचायत जयपुर मंदिर मार्ग पर वाहनों को जाने से प्रतिबंध लगा सकती है। और जिलाधिकारी को हमने लिखित रूप से समस्या को अवगत करा दिया गया है। चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी ने कहा कि जल्द बोर्ड बैठक करके कस्बे के अंदर वाहनों के नो एंट्री को लेकर प्रस्ताव पास कराया जाएगा। कस्बा इंचार्ज अवधेश पुरोहित ने कहा कि उच्चाधिकारियों का जो निर्देश होगा पुलिस उसका पालन करेंगी। स्थानीय निवासी लखन सिंह ठाकुर ने कहा कि जयपुर मंदिर मार्ग पर वाहनों के आवागमन से उनका जीना दुश्वार हो रहा है। बैठक में चेयरमैन प्रतिनिधि पदम फौजी, अधिशाषी अधिकारी डॉ कल्पना बाजपेई, कस्बा इंचार्ज अवधेश पुरोहित, लखन सिंह ठाकुर, पप्पू सिंह, पदम सिंह, भगवान सिंह, राजपाल सिंह, गगों ठाकुर, कमल सिंह सभासद, श्रीराम सभासद, राकेश कुमार, अमन सिंह, बच्चु ठाकुर, विक्की अग्रवाल, माधव सिंह, संजीव ठाकुर, कन्हैया, पवन तिवारी, गोपाल आदि लोग मौजूद थे।

## रामनवमी पूजा समिति ने की समीक्षा बैठक तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे कार्यकर्ता

स्वतंत्र प्रभात



**सुपौल।** श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी पूजन एवं शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर रामनवमी पूजा समिति द्वारा शनिवार को बाबा रामदास ठाकुरबाड़ी अखाड़ा सह शनिदेव मंदिर प्रांगण में समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अरुण चौधरी ने की। बैठक में समिति के सचिव मणिकांत कामत ने बताया कि रामनवमी उत्सव को भव्य रूप देने के लिए श्रद्धालु, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दिन-रात तैयारी में जुटे हैं ।कार्यक्रम के तहत रविवार सुबह 8 बजे बजरंगबली की नव निर्मित प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूजन किया जाएगा ।दोपहर 1 बजे से प्रसाद वितरण और दोपहर 2 बजे से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे ।यात्रा में दो बैंड पार्टी, ध्वनि विस्तारक यंत्र,दर्जनों घोड़े, आदिवासी समाज के पारंपरिक वाद्य यंत्र और अस्त्र-शस्त्र से सुसज्जित झांकियां शामिल रहेंगी ।इसके अतिरिक्त हनुमान जी की प्रतिमा एवं श्रीराम दरबार की प्रतिमा रथ पर विराजमान होंगी ।पूरा शहर भगवा रंग में रंगा नजर आएगा। बैठक में उपाध्यक्ष कुंदन कामत, उप सचिव संजीव कुमार झा, कोषाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, व्यवस्थापक हीरालाल कामत, पूजा प्रभारी संजीव कुमार सिंह बबलू, मेला मंत्री नलिन जायसवाल, अशोक शर्मा, पुजारी देवेंद्र झा, अंकेक्षक रामधीन ठाकुर एवं कार्यकारिणी सदस्य शिवनंदन कामत, रंजन विश्वास, कृत्यानंद कामत, शंभू चौधरी, रंजीत कुमार सिंह, प्रकाश कुमार, गोलू कुमार, विकास कुमार, प्रिंस कुमार, शिपू कुमार, जितेंद्र कुमार, बादल कुमार उपस्थित रहे। अध्यक्ष अरुण चौधरी ने नगर के सभी वार्डों सहित आसपास के गांवों और जिले के श्रद्धालुओं से शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आग्रह किया।

## संविधान व डॉक्टर अंबेडकर को पीडीए मिशन प्रत्येक द्वार पर संपर्क में घर-घर दस्तक देगी : हाजी फजल महमूद

स्वतंत्र प्रभात




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर की कार्यकारिणी पदाधिकारियों 78 वार्डों के अध्यक्षों गोविंद नगर आर्य नगर सीसामऊ कैंट विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा अध्यक्षों बूथ प्रभारियों पीडीए प्रभारियों तथा सपा फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों की मासिक बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय में आरंभ हुई बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने सर्वप्रथम निषाद राज गुहा की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया इसके बाद महर्षि कश्यप की जयंती के अवसर पर कश्यप जी के चित्र पर माल्यार्पण किया इसके बाद अशोक सम्राट की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर संबोधित करते हुए कहा कि निषादराज गुहा ने भगवान राम से गंगा पार करने में जो स्नेह प्रेम और सेवा का संदेश देकर भगवान राम का दिल जीता जिससे भगवान राम वनवास समाप्त कर 14 वर्षों के बाद लौटने पर मित्रता निभाई और उन्हें अयोध्या बुलाकर सम्मानित किया बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रदेश सचिव के के शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू, राष्ट्रीय सचिव अर्पना जैन, राष्ट्रीय प्रवक्ता नितेंद्र सिंह यादव, नंदलाल जयसवाल, आनंद शुक्ला, महेंद्र सिंह, बड़े ठाकुर, फकरे आलम अंसारी परमवीर सिंह आदि मौजूद थे।

## समाज कल्याण विभाग अपनी जमीन और दुकानों को तलाशने में जुटा

स्वतंत्र प्रभात




**मथुरा।** जनपद में समाज कल्याण विभाग की जमीनों पर अवैध कब्जा जमा हुआ है विभाग सभी पत्रावलियों को खंगालने में जुटा है। गौरतलब है कि मथुरा में समाज कल्याण विभाग की बड़े स्तर पर जमीनों पर अवैध कब्जा लोग जमा हुए हैं जिन्हें चिन्हित करने के लिए जनपद की पांच तहसीलों में पत्र लिखकर लेखा जोखा खोजने में जुटा है। विभाग जमीनों को खाली करने के लिए सभी उप जिला अधिकारियों से पत्राचार कर रहा है जिससे जमीन कब्जा मुक्त होकर विभाग के लिए मिल सके। कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया जनपद में करीब दो सौ दुकान विभाग हैं। कुछ दुकान 40 साल पहले आवंटित हुई थी जिन दुकानों को मुख्य लाभार्थियों ने बेच दिया है वह दुकान बिकते बिकते तीसरे चौथे मलिक पर पहुंच गई है लेकिन पत्रावली के अनुसार मुख्य लाभार्थी कोई अन्य है । एक्ट कहता है अगर कोई दुकान को बेचता है उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी इसका आवंटन निरस्त कर अन्य लोगों के नाम कर दिया जाएगा। इस प्रकार की दुकानों की संख्या सैकड़ो है जो खरीद फरोख्त के चक्कर में घूम रही हैं। विभाग जमीन और दुकान की पत्रावलियों को इकट्ठा कर कार्रवाई करने की फिराक में है।

> विभाग की जमीन और दुकान की पत्रावलियों के लिए जनपद के सभी तहसीलों के साथ पत्राचार किया जा रहा है फिर उसके बाद उचित कार्रवाई करेंगे
>
> **नागेंद्र पाल सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी**

## कमाई कोडियों में, आयकर विभाग के नोटिस करोड़ों में!

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** दो बीघा जमीन पर खेती बाडी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे किसान को आयकर विभाग करोडों के नोटिस भेज रहा है। दो साल पहले 14 करोड के कारोबार का नोटिस भेजा गया था। अब 30 करोड़ रूपये के कारोबार को बंद लिफाफे में नोटिस थमाया गया है। तीस करोड का नोटिस देख कर किसान की तबीयत बिगड़ कई। जब लोगों को पता चला तो धैर्य बंधाया। किसान अब सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहा है लेकिन कहीं से भी राहत और संतुष्टि वाली कोई बात किसान के पल्ले नहीं पड रही है। हैरान परेशान किसान ने अब पुलिस को अपना दर्द सुनाया है खुद के साथ बारबार हो रहे इस धोखे की जांच की मांग की है। औरंगाबाद के शांति नगर निवासी सौरभ कुमार पुत्र सुंदर लाल को आयकर विभाग का बंइ लिफाफे में नोटिस मिला। जिसमें 30 करोड के कारोबार पर टैक्स चोरी का आरोप है। दो साल पहले 14 करोड का नोटिस मिला था। सौरभ ने शपथ पत्र देकर और अन्य माध्यमों से अपना पक्ष रख कर किसी तरह पीछा छुडाया था। उस समय सौरभ से कह दिया गया था कि मामला रफादफा हो गया है। इसके बाद वह भी निश्चिंत हो गया। 26 मार्च को एक बार फिर उसके पास आयकार विभाग का नोटिस आया जिसमें 30 करोड के कारोबार पर टैक्स चोरी का आरोप लगाया गया है। इस बार तो उसकी नींद ही उड गई है। सौरव के पिता स्वर्गीय सुंदर लाल की 2012 में सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी है। घर में सौरव की मां भगवती देवी, पत्नी जय देवी, भाई राहुल, एक बेटी (2) रहती है। सौरव की शादी एक दिसम्बर 2021 में हुई थी। वह खेती-किसानी करके परिवार का गुजर-बसर करते हैं। सौरव ने बताया कि डाक द्वारा मुझे एक लिफाफा 26 मार्च को मिला। उस समय मैं घर पर नहीं था। शाम को जब मैं घर आया, तब मैंने लिफाफा खोला। तो उसमें आयकर विभाग का एक नोटिस मिला। जिसे पढ़ने पर पता चला कि मेरा पैन कार्ड पर किसी ने दो फर्म बना रखी हैं। इन कंपनियों में 30 करोड़ का लेने देन किया गया है। मैंने अपना पैन कार्ड 2012 में बनवाया था। उसी से किसी आदमी ने फर्जी जीएसटी नंबर लेकर व्यापार किया है। जिससे करीब 30 करोड़ 38 लाख 90 हजार 160 रुपए (30.38,90,160 रुपये) का लेन देन किया गया है। जिसकी नोटिस मेरे घर पर मेरे नाम की आई है। पता करने पर दोनों फर्म के बारे में पता चला। एक फर्म कविता इंडस्ट्रीज और दूसरी हर इंटरप्राइजेज है। सौरव ने बताया 2022 में उन्हें 14 करोड़ का नोटिस मिला था। जिसका वह जबाब दे चुके थे और उन्होंने समझा कि मामला खत्म हो गया। अब इस नोटिस की शिकायत मैंने सदर थाना एसपी सिटी से शिकायत की है।

## पांचवीं कक्षा के उत्तीर्ण छात्र एछात्राओं को स्थानान्तरण प्रमाण देकर विदाई दी गई

स्वतंत्र प्रभात



**छातापुर।** प्रखंड के भीमपुर पंचायत स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय केवला में शनिवार को पांचवीं कक्षा के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक नरेश कुमार निराला व संचालन शिक्षक मोहम्मद अरबाज आलम ने किया। शिक्षक श्री निराला ने कहा कि आप सभी बच्चे काफी मेहनती और लगनशील बच्चे हैं ।पांच सालों से इस विद्यालय से जो शिक्षा ग्रहण किए वह आगे जीवन में काफी लाभदायक सिद्ध होगा ।श्री निराला ने कहा कि आप सभी बच्चे कल के भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें, सफलता आपकी कदम चूमेगी। श्री निराला ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पढ़ाई बच्चों को आत्मनिर्भर बनाती है। वे अपने पैरों पर खड़े हो सकते हैं और समाज में अपना योगदान दे सकते हैं। इसलिए पढ़ाई को निरंतर जारी रखना चाहिए न कि बीच में ही छोड़ देना चाहिए ।कार्यक्रम का संचालन कर रहे शिक्षक अरबाज आलम ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए ताकि वे एक सफल और उपयोगी नागरिक बन सकें ।पढ़ाई बच्चों को भविष्य के लिए ज्ञान और कौशल प्रदान करती है, जिससे वे बेहतर जीवन जी सकते हैं और देश के विकास में योगदान कर सकते हैं। निरंजन कुमार ने कहा कि पढ़ाई बच्चों को नई तकनीक और ज्ञान से अवगत कराती है, जिससे वे दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकते हैं ।अवधेश कुमार ने कहा कि शिक्षा बच्चों को अच्छे संस्कार और नैतिकता सिखाती है, जिससे वे अच्छे नागरिक बन सकते हैं ।मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार, नीतू कुमारी, मोनिका कुमारी, पूजा कुमारी, फूल कुमारी के द्वारा छात्र छात्राओं में हबीतस कुमारी, पार्वती कुमारी, करीना कुमारी, प्रिंसी कुमारी, दिलखुश कुमार, विशाल कुमार, प्रभाष चंद्र कुमार, विवेक कुमार, कोमल कुमारी, आशीष कुमार, विकास कुमार, आरूषी कुमारी, मधु कुमारी, खुशबू कुमारी, कर्ण कुमार, आशुतोष कुमार आदि को स्थानान्तरण प्रमाण पत्र देकर विदाई दी गई और उज्जवल भविष्य की कामना किया गया।

## अररिया - गलगलिया मुख्य मार्ग पर बहादुरगंज पुलिस ने मवेशी से लदे पिकअप वैन को किया जप्त

### वाहन चालकों को भेजा जेल, अग्रतर कार्रवाई में जुटी बहादुरगंज पुलिस।

स्वतंत्र प्रभात



किशनगंज/बहादुरगंज॰ अररिया - गलगलिया मुख्य मार्ग एनएच 327 ई चौक के समीप मवेशी लदी एक पिकअप वैन को जप्त कर चालक एवं उप चालक को गिरफ्तार करने में सफलता बहादुरगंज पुलिस ने हासिल की है। जहां इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष बहादुरगंज निशकांत कुमार ने बताया कि शुक्रवार की देर रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अररिया के रास्ते तस्करी की नीयत से मवेशी ले जाई है जा रही है। जहां सूचना मिलते ही पुलिस टीम सतर्क होकर अररिया - गलगलिया मुख्य मुख्य मार्ग 327 ई पर गुंजारमारी चौक पर सघन वाहन अभियान चलाने लगी। जहां इसी क्रम में पिकअप वैन डब्लू बी 73 एच 0979 को रोककर तलाशी लेने पर पिकअप वैन के भीतर तीन गाय दो बाछी एवं एक भैंस व एक भैंस के बच्चे को मौके से बरामद करते हुए पिकअप वैन के चालक धनराज कुमार पिता रामभरोस राय एवं उपचालक प्रवीण कुमार पिता सुरेश राय थाना कल्याणपुर जिला समस्तीपुर निवासी को गिरफ्तार किया गया है।वहीं गिरफ्तार दोनों आरोपी ने पुलिस के समक्ष बताया कि सभी मवेशी को उन लोगों के द्वारा कल्याणपुर है हाट से लाद कर गलगलिया ले जाया जा रहा था। जहां पिकअप वैन सवार मवेशियों का कोई वैध कागजात भी उनलोगों द्वारा मौके पर पुलिस को प्रस्तुत नहीं किया गया। वहीं इसी क्रम में गिरफ्तार दोनों आरोपी के विरुद्ध बहादुरगंज थाना कांड संख्या 168/25 दर्ज कर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है।